श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 334, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

बजट 2024

**₹48.21 लाख करोड़ रुपये का बजट**

# निर्मल बजट

## बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत, रोजगार सृजन, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन पर जोर

## सीतारमण ने अपना सातवां और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया

*मंगलवार को पेश आम बजट में आयकर मोर्चे पर मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत देने और अगले पांच साल में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपये के आवंटन किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव हो गया है।*



**32.07** लाख करोड़ रुपये बजट अनुमान, ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियां

**4.9%** जीडीपी का वित्तीय घाटा

**4.5%** से घाटे को अगले साल तक नीचे लाने का लक्ष्य

**25.83** लाख करोड़ रुपये सकल कर प्राप्ति

**12** लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3 .4 प्रतिशत) का प्रावधान पूंजीगत व्यय के लिए

### बजट की प्राथमिकताएं

- खेती में उत्पादकता
- रोजगार और क्षमता विकास
- समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय
- विनिर्माण और सेवाएं
- शहरी विकास
- ऊर्जा सुरक्षा
- अधोसरंचना
- नवाचार, शोध और विकास
- अगली पीढ़ी के सुधार

# स्टार्टअप में निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त


नई दिल्ली, एजेंसी/ ब्यूरो

आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के शासन वाले राज्यों- बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कई परियोजनाओं का भी ऐलान किया। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया। वहीं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है।

सीतारमण ने अपना सातवां और नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए स्टार्टअप में सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त करने की घोषणा की। जब कोई गैर-सूचीबद्ध या स्टार्टअप कंपनी शेयर जारी कर पूंजी जुटाती है और उसका मूल्य कंपनी के उपयुक्त बाजार मूल्य से अधिक होता है, तब उस पर एंजल कर लगाया जाता है। बजट में मोबाइल फोन एवं सोने पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है और पूंजीगत लाभ कर को सरल बनाया गया है। हालांकि, वित्त मंत्री ने प्रतिभूतियों के वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को बढ़ा दिया। बिहार के लिए एक्सप्रेसवे, बिजलीघर, हेरिटेज कॉरिडोर और नए हवाई अड्डों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन करने की घोषणा की। बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू राज्य के लिए आर्थिक पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सहायता के रूप में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) हाल ही में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुई है। सीतारमण ने कहा इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग और पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का निर्धारण किया गया है। उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव किया। मानक कटौती के तहत आयकर की गणना करने से पहले वर्ष में अर्जित कुल वेतन में से निश्चित राशि घाटा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। नई व्यवस्था में कर की दरें कम हैं। हालांकि, इसमें मिलने वाली छूट भी न के बराबर है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट में कंपनियों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इसमें पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक महीने के वेतन का भुगतान और रोजगार के पहले चार वर्षों में उनके सेवानिवृत्ति निधि अंशदान के संबंध में नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल के लिए 3,000 रुपये प्रति माह तक का 'रिम्बर्समेंट' शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि कौशल में सुधार के साथ छात्रों के लिए इंटर्नशिप के लिए एक कार्यक्रम चलाया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए रियायती कर्ज भी प्रदान किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में भारत की आधिकारिक बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत आंकी गई है, लेकिन निजी एजेंसियों के मुताबिक इसका स्तर कहीं अधिक है। सीतारमण ने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024-25 के लिए फरवरी में पेश अंतरिम बजट में अनुमानित 5.1 प्रतिशत से कम है। इसका कारण मजबूत कर संग्रह और भारतीय रिजर्व बैंक से अपेक्षा से अधिक लाभांश प्राप्ति है। उन्होंने सकल बाजार उधारी को मामूली रूप से घटाकर 14.01 लाख करोड़ रुपये कर दिया। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ किफायती आवासों के निर्माण के लिए सहायता, छोटे और मझोले उद्यमों को कर्ज सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये, 12 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में उधारियों को छोड़कर कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ और व्यय 48.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया है। शुद्ध कर प्राप्ति 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है।




**4.1** करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार

**15** हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रोत्साहन राशि

**32** कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी किसानों की खेतीबाड़ी के लिए

**1.52** लाख करोड़ रुपये का आवंटन कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए

**15,000** करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता आंध्र प्रदेश को मौजूदा वित्त वर्ष में मिलेगी

**3** लाख करोड़ का आवंटन महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए

**15,000** से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती पर

**1,000** करोड़ की उद्यम पूंजी निधि मिलेगी अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को पांच गुणा बढ़ेगी

**3** दवाइयां कैंसर की ट्रेस्टूजुमाब डिरूक्सटीकेन, ओसिमर्टिनिब और डुर्वालुमैब को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट

**6%** सीमा शुल्क घटा सोने और चांदी पर, प्लेटिनम पर 6 .4 प्रतिशत

**01** करोड़ किसानों को प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग के साथ दो वर्षों में देश में प्राकृतिक कृषि से जोड़ा जाएगा

**10,000** आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे प्राकृतिक खेती के लिए

**21,400** करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं



**500** करोड़ से घटाकर 250 करोड़ की गई खरीददारों को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा

**50,000** रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक छूट करने का प्रस्ताव

**40%** से घटाकर 35% होगी विदेशी कंपनियों पर कारपोरेट कर दर

**30** लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी

**15%** मूलभूत सीमा शुल्क घटाया मोबाइल फोन, मोबाइल प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बली (पीसीबीए) और मोबाइल चार्जर पर

**5%** टीडीएस दर घट कर 2 प्रतिशत टीडीएस दर विभिन्न भुगतानों पर

**20%** प्रतिशत टीडीएस दर को समाप्त करने का प्रस्ताव म्युचुअल फंडों या यूटीआई द्वारा यूनिटों की पुन: खरीद पर



# सीतारमण ने रिकॉर्ड सातवीं बार लगातार पेश किया बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को देश का आम बजट पेश कर दिया है। यह उनका रिकॉर्ड 7वां बजट था। वह लगातार 7 बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन गई हैं। उन्होंने मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं कीं। सफेद सिल्क साड़ी में वित्त मंत्री का बजट भाषण 1 घंटा और 25 मिनट तक चला। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी बनाया था। आइए एक नजर उनके सभी बजट भाषणों समेत अन्य रिकॉर्ड पर डाल लेते हैं।

### पहला पेपरलेस बजट भी पेश कर चुकी हैं सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पहला बजट साल 2019 में दिया था। उनका यह बजट भाषण पूरे 2 घंटे और 15 मिनट तक चला था। उसके अगले साल ही 2020 में बजट पेश करते हुए उन्होंने भारत के सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड बना दिया था। उस दौरान वित्त मंत्री 2 घंटे 42 मिनट तक बोली थीं। साल 2021 का बजट भाषण 1.40 मिनट का था। हालांकि, इसने भारत के पहले पेपरलेस बजट होने का रिकॉर्ड बनाया था। साल 2023 में निर्मला सीतारमण का बजट भाषण 1 घंटा और 30 मिनट चला था। इसके बाद इसी साल फरवरी में उन्होंने अंतरिम बजट के दौरान 57 मिनट का भाषण दिया था।

### मनमोहन सिंह ने बोले थे सबसे ज्यादा शब्द

भारत के इतिहास में शब्दों के हिसाब से सबसे लंबा बजट भाषण मनमोहन सिंह ने साल 1991 में दिया था। उन्होंने अपनी स्पीच के दौरान 18,700 वर्ड बोले थे। उनके ठीक बाद अरुण जेटली का नंबर आता है। उन्होंने 18,604 शब्दों में अपना बजट भाषण दिया था। देश का सबसे छोटा बजट सिर्फ 800 शब्दों का था। इसे साल 1977 में हीरूभाई एम पटेल ने पेश किया था। यह अंतरिम बजट था। निर्मला सीतारमण अपने बजट भाषणों के जरिए देश के आर्थिक विकास के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करती रही हैं।




प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी रकम, पुरानी पेंशन बहाली न होने पर राज्य कर्मियों में निराशा

# उप्र को मिला पांच हजार करोड़ ज्यादा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देश के आम बजट में इस बार प्रदेश को लगभग पांच हजार करोड़ रुपये ज्यादा रकम की व्यवस्था की गई है। ये रकम प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी। रोजगार, औद्योगिक विकास, महिलाओं के उत्थान समेत विभिन्न योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकेंगी।

लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। इस बजट में केन्द्रीय करों में प्रदेश का अंश 2,18,816.84 करोड़ था जो इस बजट में बढ़कर 2,23,737.23 करोड़ हो गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार बजट से सोलर पैनल, सोलर सेल, कैंसर की दवाएं, एक्सरे मशीन, मोबाइल फोन, चार्जर, इलेक्ट्रिक वाहन, चमड़े के जूते, चप्पल, पर्स आदि सस्ते होंगे, इससे आम लोगों को सीधा फायदा होगा। बजट में ग्रामीण विकास के लिये 2.66 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर रू. 20 लाख की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिये 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे। 100 शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिये तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जायेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण शुरू किया जाएगा। बजट में राज्य कर्मियों के पुरानी पेंशन की घोषणा न किये जाने से कर्मियों में निराशा है। ऊर्जा क्षेत्र के वितरण क्षेत्र के विकास के लिए कोई रकम आवंटित नहीं की गई है।




### रोजगार को बढ़ावा देने को ईपीएफओ के जरिये तीन योजनाओं की घोषणा

नई दिल्ली। संगठित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नये कामगारों के लिए ईपीएफओ के जरिए तीन योजनाओं की घोषणा की। रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से लाई गईं इन योजनाओं के लिए कुल केंद्रीय परिव्यय 1.07 लाख करोड़ रुपये है। ये योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार इससे जुड़ने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देंगी। इनसे कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन मिलेगा। वित्त मंत्री ने बताया सभी संगठित क्षेत्रों में पहली बार ईपीएफओ की योजनाओं से जुड़ने वालों को योजना-क के तहत एक महीने का वेतन सरकार देगी। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को तीन किस्तों में एक महीने का वेतन दिया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगा।



**100** शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिए तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित होंगे




## इन बदलावों पर नजर जरूरी

- गिरवी या तृतीय पक्ष गारंटी के बिना मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए एमएसएमई को आवधिक ऋण की सुविधा देने के लिए ऋण गारंटी योजना
- 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से अगले पांच वर्ष में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान
- 100 साप्ताहिक 'हाट' या स्ट्रीट फूड हब के विकास में सहायता अगले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में
- विष्णुपद मंदिर गलियारा, महाबोधि मंदिर गलियारा और राजगीर का व्यापक विकास।
- टैक्स अधिकरणों, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में प्रत्यक्ष करों, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपीलों को दायर करने के लिए मौद्रिक सीमाओं को क्रमश: 60 लाख रुपये, दो करोड़ रुपये और पांच करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव
- सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये हर महीना
- पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए नई योजना
- 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना
- सरकार की योजनाओं और नीतियों के तहत किसी लाभ के लिए पात्र नहीं होने वाले युवाओं को घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण
- तीन साल में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने हेतु कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को लागू किया जाएगा।
- अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के साथ गया में औद्योगिक केंद्र का विकास
- जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विकास के 63,000 गांवों के पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे।
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 शाखाएं खोलना
- तरुण श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख
- इस वर्ष भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज रहित दीर्घावधि ऋण का प्रावधान
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध होगा बिहार में कोसी-मेची अंतर्राज्यीय लिंक और अन्य योजनाओं जैसी परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता
- सरकार बाढ़, भूस्खलन और अन्य संबंधित परियोजनाओं के लिए असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को सहायता देगी
- ओडिशा के मंदिरों, स्मारक, शिल्प, वन्य जीव अभयारण्य, प्राकृतिक भू-दृश्य और प्राचीन समुद्री तट के विकास हेतु सहायता।
- अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय पूल व्यवस्था
- सभी भू-खण्डों के लिए अनन्य भूखंड पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) अथवा भू-आधार
- कृषक रजिस्ट्री से जोड़ना वन स्टॉप समाधान के लिए ई-श्रम पोर्टल को अन्य पोर्टलों से जोड़ना
- नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों के योगदान से एक योजना के रूप में एनपीएस वात्सल्य
- चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत एक्सरे ट्यूब और मेडिकल एक्सरे मशीनों में इस्तेमाल हेतु फ्लैट पैनल डिडेक्टरों पर मूलभूत सीमा शुल्क में बदलाव
- 25 महत्वपूर्ण खनिजों को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट
- सोलर सैल और पैनलों के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी वस्तुएं सीमा शुल्क के दायरे से बाहर
- लौह, निकेल और ब्लिस्टर तांबे पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- तांबा स्क्रैप पर 2.5 प्रतिशत रियायती मूलभूत सीमा शुल्क
- रेजिस्टरों के विनिर्माण हेतु ऑक्सीजन मुक्त तांबे पर कुछ शर्तों पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- अमोनियम नाइट्रेट पर मूलभूत सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत
- प्लास्टिक पीवीसी फ्लैक्स बैनरों पर मूलभूत सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत
- दूरसंचार उपकरण के पी.सी.बी.ए. पर बीसीडी को 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत
- फ्यूचर्स और ऑप्सन्स के विकल्पों पर सिक्यूरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स को बढ़ाकर क्रमश: 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत करने का प्रस्ताव

# सोना-चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती का उद्यमियों ने किया स्वागत


नई दिल्ली, एजेंसी

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने आम बजट में सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत किया। उद्योग ने कहा कि इससे आदान (इनपुट) लागत कम होगी, मूल्य संवर्धन बढ़ेगा, निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू विनिर्माण को लाभ मिलेगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा, 'देश में सोने और कीमती धातु के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए मैं सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत और प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं।' पहले सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत था। सोने और चांदी के 'डोर' पर शुल्क पहले के 14.35 प्रतिशत से घटाकर 5.35 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्लैटिनम, पैलेडियम, ऑस्मियम, रूथेनियम और इरीडियम पर सीमा शुल्क 15.4 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया।


रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन विपुल शाह के अनुसार, आयात शुल्क में कमी हमारे उद्योग के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जो कार्यशील पूंजी जारी करके उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य और विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा। शाह ने कहा, 'विशेष अधिसूचित क्षेत्रों (एसएनजेड) में बिक्री के लिए कच्चे हीरों पर दो प्रतिशत समानीकरण शुल्क को समाप्त करने और सुरक्षित बंदरगाह नियम की शुरूआत भारत को वैश्विक हीरा व्यापार केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगी।'

उन्होंने कहा कि ये उपाय इस क्षेत्र के विकास को गति देंगे, छोटे पैमाने के हीरा तराशने वालों और पॉलिशरों के लिए लाखों नौकरियां पैदा करेंगे और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, 'स्वर्ण उद्योग के लिए, सोने पर मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) में कमी से घरेलू आभूषण उद्योग की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा कि यह सोने पर कुल करों को प्रभावी रूप से जीएसटी सहित लगभग 18.5 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, ''यह सही दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह सोने की तस्करी को हतोत्साहित करेगा। यह ईमानदार कारोबारियों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देगा। सोने की कीमतें स्थानीय स्तर पर भी सही होंगी, जिससे खुदरा सोने की मांग को बढ़ावा मिलेगा, जो भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए एक और प्रोत्साहन है।



### शुल्क में कमी से तस्करी में आएगी कमी

मालाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, 'उम्मीद है कि शुल्क में कमी से सोने की तस्करी में भारी कमी आएगी, जिससे अवैध व्यापार पर अंकुश लगेगा और कर राजस्व में वृद्धि होगी। इस कटौती से संगठित खुदरा आभूषण विक्रेताओं, उपभोक्ताओं और सरकार को लाभ होगा।' अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, 'सीमा शुल्क में कमी से घरेलू आभूषण निर्माताओं, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जिससे उन्हें धीरे-धीरे औपचारिक चैनल की ओर संक्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।' इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह फैसला आभूषण और सर्राफा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और नए अवसर पैदा करेगा।' आयात शुल्क में कमी के साथ, पीएनजी ज्वैलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल को 'सोने की खपत में वृद्धि और सोने की कीमतों में नरमी की उम्मीद है, जो हाल ही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।'



श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 334, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़ 18

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज 17


# नई ऊर्जा, सुनहरे भविष्य, नए अवसर वाला बजट विकसित भारत की ठोस नींव रखेगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में करेगा उत्प्रेरक का काम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को नई उर्जा, बेहतर विकास और सुनहरे भविष्य के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर लेकर आने वाला बताया और कहा कि यह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में 'उत्प्रेरक' का काम करेगा तथा विकसित भारत की ठोस नींव भी रखेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए 2024-25 के बजट को उन्होंने समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला करार दिया और कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन संबंधी योजना से देश में करोड़ों नए रोजगार पैदा होंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है। ये ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। ये बेहतर वृद्धि (ग्रोथ) और सुनहरा भविष्य लेकर आया है। आज का बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने और उस पूरी प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और इससे नया मध्यम वर्ग बना है, यह उनके सशक्तीकरण की निरंतरता का भी बजट है। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। इस बजट से शिक्षा और स्किल (कौशल) को नई गति मिलेगी। यह मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और इससे छोटे व्यापारियों व लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें विनिर्माण और अवसंरचना विकास पर भी बल दिया गया है जिससे आर्थिक विकास को नयी गति मिलेगी और निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगार के 'अभूतपूर्व' अवसर को अपनी सरकार की पहचान करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश में करोड़ों नए रोजगार उत्पन्न होंगे और जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह सरकार देगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटेंसिव (प्रोत्साहन) की योजनाएं, इससे गांव के गरीब युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में काम करने का अवसर मिलेगा, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। हमें हर शहर, हर गांव में घर-घर उद्यमी बनाना है। बिना गारंटी मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

### देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा बजट : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम बजट देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि यह रामराज की अवधारणा को साकार करेगा। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख, 140 करोड़ भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इससे सर्वाधिक लाभान्वित देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आधी आबादी होने वाली है।



### बजट में की गई उत्तर प्रदेश की उपेक्षा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आम बजट में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए बिहार व आन्ध्र प्रदेश के विशेष पैकेज या विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण व संविदा नौकरी को लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं को एक-दो साल का प्रशिक्षण दिलाकर इस तरह की नौकरी के सपने दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस आधी-अधूरी नौकरी में आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश प्रधानमंत्री देता है, उसके किसानों के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? देश का नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। जब तक किसान के मसले हल नहीं होंगे और नौजवानों की पक्की नौकरी नहीं होगी तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा।



### घटकों में रेवड़ी बांटकर कुर्सी बचाने का बजट : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बजट 2024-25 को 'कुर्सी बचाए' रखने के लिए गठबंधन के सहयोगियों की बात मानकर उन्हें खुश करने वाला बजट करार दिया और कहा कि इसमें कांग्रेस के न्याय एजेंडे की नकल का विफल प्रयास किया गया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का यह 'नकलची बजट'। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बाँट रहा है, ताकि राजग बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है। गांधी ने कहा कि यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है। सहयोगियों को खुश करें- अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे। अपने मित्रों को खुश करें- एए को लाभ, आमजन को कोई राहत नहीं। कॉपी और पेस्ट करें : कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले बजट।



## एक नजर

### तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर फरार

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक स्कार्पियो गाड़ी से तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कानोड लसाडिया मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान आई स्कार्पियो गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। तलाशी में करीब तीन क्विंटल डोडा चूरा सहित स्कार्पियो गाड़ी को जब्त कर लिया। दो तस्कर भागने में सफल हो गए।

### बलरामपुर में हाथियों का उत्पात, एक की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हाथियों के दलों का उत्पात जारी है। अभी तक हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल है जबकि रजखेता गांव में धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव में सोमवार की रात राजा सिंह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इसी बीच दोनों का सामना हाथियों के दल से हो गया। राजा राम को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं लक्ष्मण सिंह को घायल कर दिया।

### युवक की मौत की जांच सीबीआई को सौंपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था।

# दोबारा नहीं होगी नीट-यूजी

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की गुहार

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा- जांच में नहीं मिले प्रश्नपत्रों के सार्वजनिक होने के सबूत
- दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश देना करीब 24 लाख छात्रों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित 5 मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद कर दोबारा आयोजित कराने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद आंकड़े प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक होने के संकेत नहीं देते हैं।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपलब्ध आंकड़ों की जांच में कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके की प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता है।

पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह सच है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र हजारीबाग और पटना में सार्वजनिक हुआ था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि हजारीबाग और पटना के केवल 155 विद्यार्थी ही इसके (प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं) के लाभार्थी थे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए नए सिरे से नीट कराने का निर्देश देना इस परीक्षा में बैठने वाले करीब 24 लाख से विद्यार्थियों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दाखिले के कार्यक्रम में व्यवधान से भविष्य में योग्य चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर प्रभाव समेत अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद फैसला दिया गया। पीठ ने कहा कि नीट परीक्षा 05 मई को आयोजित की गई थी और परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परीक्षा में लगभग 23 लाख 33 हजार अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए 1.08 लाख सीटें हैं, जिनमें से 56000 सीटें सरकारी कॉलेजों में और बाकी निजी संस्थानों में हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र और एनटीए का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा सहित अन्य की दलीलें चार दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुनाया।

### भौतिकी के प्रश्न का केवल एक उत्तर सही था

**नई दिल्ली।** आईआईटी, दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प उक्त प्रश्न का सही जवाब है। पीठ ने कहा कि समिति के जवाब के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 20 लोग गिरफ्तार

- सरकारी योजनाओं में ऋण दिलाने के बहाने ऐंठते थे रुपये

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया कराने के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में नौ महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने मंगलवार को कहा कि अनुमान है कि 400 से अधिक पीड़ित कॉल सेंटर की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, जिसके कारण कुल 40 लाख रुपये की ठगी हुई है। पुलिस पहले ही देश भर में 50 से अधिक पीड़ितों की पहचान कर चुकी है। डीसीपी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के लाडो सराय इलाके से संचालित यह फर्जी कॉल सेंटर सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगता था। डीसीपी ने बताया कि वे एकत्रित किए गए विवरणों का इस्तेमाल अपने खातों में पैसे हस्तांतरित करने के लिए करते थे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को नौ महिला टेली-कॉलर्स समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया गयाा है और उनके पास से कुल 32 मोबाइल फोन, 48 फर्जी सिम कार्ड, चार लैपटॉप और 23 बैंक खाते जब्त किए गए, जांच जारी है।

# बजट में रेलवे के लिए दो लाख 62 हजार 200 करोड़ का प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेल संरक्षा पर खर्च होंगे एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये : वैष्णव

रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि के बीच आए आम बजट में रेलवे के पूंजीगत आवंटन में एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक संरक्षा के लिए व्यय करने का प्रस्ताव किया गया है। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मीडिया को बजट प्रस्तावों की जानकारी देते हुए कहा कि बजट में रेलवे के लिए रिकॉर्ड दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि वर्ष 2014 में रेलवे के लिए पूंजीगत आवंटन 35 हजार करोड़ रुपये के आसपास रहता था। उन्होंने कहा कि इस दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय में से एक लाख आठ हजार 795 करोड़ रुपये संरक्षा के मद में खर्च किए जाने हैं। संरक्षा के मद में पुरानी रेल पटरियों को बदलना, कवच का नया 4.0 संस्करण लगाना, इंजन एवं कोचों के अनुरक्षण, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने आदि में यह धनराशि खर्च की जाएगी।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों की सवारी है। इसलिए जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों की मांग बढ़ी है। पूंजीगत व्यय से करीब 10 हज़ार जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों के उत्पादन किया जाएगा। कवच के नए संस्करण के बारे में उन्होंने कहा कि कवच 4.0 में भारतीय रेलवे के सभी तरह की प्रणालियों को समाहित करते हुए नया साफ़्टवेयर बनाया गया है। जिसे दो तीन पहले ही आरडीएसओ लखनऊ से स्वीकृति हासिल हुई है। अब इसको तेजी से बड़े पैमाने पर उत्पादन करके अधिक से अधिक लाइनों पर लगाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि रोज़गार की दृष्टि से देखें तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के 10 साल के शासनकाल में चार लाख 16 हजार नियुक्तियां हुईं थीं जबकि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पांच लाख से अधिक लोगों को रेलवे की नौकरी मिली है। इस वर्ष भी 38 से 40 हजार लोगों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

### यूट्यूबर एल्विश यादव धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुआ

- कहा, यूके में था इसलिए 10 जुलाई को नहीं पहुंच सका

**लखनऊ।** यूट्यूबर एल्विश यादव मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। एजेंसी ने उनसे धनशोधन मामले के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर पूछताछ की। इस दौरान एल्विश यादव ने कहा कि मुझे जो कहना था, मैं पहले ही कह चुका हूं। जो मुझसे मांगा गया था, मैं उसे दे चुका हूं। अब हर उस सवाल का जवाब दूंगा, जो मुझसे पूछा जाएगा। बता दें कि ईडी ने बीती 10 जुलाई को यूट्यूबर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन एल्विश ने ईडी से मोहलत मांगी थी।

यूट्यूबर एल्विश यादव लंबे समय से स्नैक वेनम (सांप का जहर) मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्हें पुलिस एक बार गिरफ्तार भी कर चुकी है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने भी एल्विश यादव को बीती 10 जुलाई को नोटिस जारी किया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। मीडिया के सवाल पर एल्विश ने कहा कि मैं यूके गया था, जिसके कारण पेश नहीं हो पाया। ऐसे में मैंने पेश होने के लिए मोहलत मांगी थी। इस पर उन्हें 23 जुलाई तक का समय दिया गया था। एल्विश ने कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप लगे हैं, उसकी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ईडी के अधिकारी जो भी सवाल करेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा। बताते चलें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एल्विश के करीबी और हरियाणा के मशहूर गायक राहुल यादव उर्फ फाजिल पुरिया समेत तीन लोगों से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है।

### युवक थाईलैंड में बंधक 22 लाख फिरौती मांगी

संवाददाता, प्रयागराज

- पांच अन्य भारतीयों को बनाया गया बंधक, सभी दुबई में कर रहे नौकरी

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले के एक युवक को थाईलैंड में बंधक बना लिया गया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि करीब दस दिनों से बेटे से कोई बात नहीं हुई है। 22 जुलाई को युवक के फोन से 22 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। रुपये डॉलर में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा है। अब युवक का फोन बंद है। पीड़ित परिजनों ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय को पत्र लिखने के अलावा विदेश मंत्रालय से युवक को वापस लाने की गुहार लगाई है।

प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद निवासी जिया पंजतन (26) दुबई की एक कंपनी में काम करता था। उसके साथ भारत के अन्य चार युवक भी थे। जिया पंजतन और अन्य युवक दुबई से थाईलैंड के लिए 10 जुलाई को इंडिगो की फ्लाइट से गए थे। आखिरी बार उनकी 13 जुलाई को परिजनों से बातचीत हुई थी। इसके बाद से जिया का संपर्क टूट गया। घरवालों का कहना है कि युवकों को बैंकॉक के एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है। वॉट्सऐप, इंस्टा, फेसबुक, मैसेंजर पर ऑनलाइन नहीं हैं। जिया की बहन कनीज ने कहा- 22 जुलाई को मेरे भाई ने मुझे वॉट्सऐप पर कॉल किया। भाई ने कहा इन लोगों ने मुझे बंधक बना लिया है। ये लोग मुझसे 22 लाख रुपये डॉलर में मांग रहे हैं। मेरी तरह 5 लड़के यहां बंधक बने हैं। 23 जुलाई तक का समय दिया है। कनीज ने विदेश मंत्रालय और पीएमओ को ई-मेल के जरिए बेटे को छुड़ाने के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। जिया के बड़े भाई बक्शीश दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

थाईलैंड में बंधक बनाए गए जिया पंजतन के पिता आले पंतजन रिटायरमेंट के बाद अपनी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं।

> मामला विदेश से जुड़ा है। परिवार वालों से बातचीत कर जो भी उचित होगा किया जाएगा। -**पुष्कर वर्मा**, एसीपी प्रयागराज

### बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ निलंबित

- पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इन अधिकारियों को दो दिनों में जवाब देने को कहा गया है। आपदा से हुई जनहानि व क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर शासन स्तर से यह कार्रवाई की गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। जिन पांच एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, उनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमशः संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन व गजेंद्र कुमार शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह व अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से जवाब-तलब किया है। इन अधिकारियों को भी दो दिन में जवाब देने को कहा गया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है, वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### पुंछ में घुसपैठ की कोशिश हाथरस के सुभाष शहीद



जम्मू, एजेंसी

- सेना के जवानों ने ध्वस्त किए आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कोर ने कहा कि भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हाथरस (यूपी) के निवासी लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। हाल के महीनों में जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे क्षेत्र में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने की आशंका बढ़ गई है।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

### असाधारण परिस्थितियों में ही बेल पर लगाएं रोक

- शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को किया खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जमानत आदेश पर रोक लगानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसमें धन शोधन के एक मामले में एक आरोपी की जमानत पर रोक लगाई गई थी। पीठ ने कहा कि हालांकि, अदालत के पास जमानत पर रोक लगाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेश पर रोक लगाने से बचना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला धन शोधन के एक मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर सुनाया।

# बजट 48.21 लाख करोड़
# 16.13 लाख करोड़ की व्यवस्था उधार से

## राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट में कुल 48.21 लाख करोड़ के व्यय का अनुमान लगाया है और राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 5.1% रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में, संशोधित अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत था। बजट निर्माण में वित्त वर्ष 2024-25 में चालू कीमतों पर जीडीपी में 10.50 की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के दौरान पेश बजट पत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 3,26.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2023-24 के 2,95.36 लाख करोड़ की तुलना में 10.50 प्रतिशत अधिक है। बजट अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में केंद्र की शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़, कर-भिन्न प्राप्तियां 5.46 लाख करोड़ तक रहेंगी तथा पूंजी प्राप्तियां 16.91 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

पूंजी गत प्राप्तियों में उधार और अन्य देयताताओं के मद में प्राप्तियां 16.13 लाख करोड़ अनुमानित हैं। विनिवेश से 50 हजार करोड़ प्राप्त होने का अनुमान है, जो अंतरिम बजट के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष में विनिवेश से 33122 करोड़ प्राप्त हुए थे। चालू वित्त वर्ष में सरकार के कुल 4820512 करोड़ के अनुमानित व्यय में राजस्व खाते पर व्यय 3709401 करोड़, ब्याज भुगतान पर 1162940 करोड़ तथा पूंजीगत सम्पत्तियों के सृजन के लिए अनुदानों पर 3.91 लाख करोड़ के व्यय का प्रावधान है।

प्रस्तावों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत के रहेगा। सरकार की वित्तीय स्थिति को और मजबूत बनाने की राह पर आगे और प्रगति का विश्वास जताते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। उन्होंने कहा चालू वित्त वर्ष में सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से बाजार से सकल 14.01 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटायेगी। वर्ष के दौरान जुटाया गया कर्ज शुद्ध रूप में 11.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 में उन्होंने राजकोष को मजबूत बनाने की जो वृहद योजना प्रस्तुत की, उससे अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा हुई है, और सरकार अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखेगी। बुनियादी आर्थिक, सामाजिक और अनुसंधान एवं विकास ढांचे को बढ़ाने की योजनाओं के साथ बजट में 11 लाख 11,111 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है जो जीडीपी के 3.4 प्रतिशत के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों के अनुसार 2023-24 में पूंजीगत व्यय 9.49 लाख करोड़ रुपये था।



## पूंजीगत लाभ कर में बदलाव से सरकारी खजाने में 15 हजार करोड़ रुपये का इजाफा: वित्त मंत्रालय



**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि बजट में पूंजीगत लाभ कर की दरों में प्रस्तावित बदलाव से सरकारी खजाने को 15,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने बजट में पूंजीगत लाभ कर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया। साथ ही प्रतिभूति और अचल संपत्ति समेत विभिन्न संपत्तियों को अपने पास रखने की अवधि को तर्कसंगत बनाया गया है। दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर के लिए सूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों को एक वर्ष से अधिक समय तक जबकि असूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों तथा सभी गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों को कम से कम दो वर्षों तक रखना होगा। विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें गैर-सूचीबद्ध बॉण्ड तथा डिबेंचर शामिल नहीं है उसमें मौजूदा स्लैब दरें लागू होंगी। सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद कहा कि सरकार कराधान व्यवस्था को सरल बनाना चाहती है। सीतारमण ने कहा कि औसत कराधान घटकर 12.5 प्रतिशत रह गया है... हम इसे न्यूनतम स्तर पर ले आए हैं जिससे बाजार में निवेश को बढ़ावा मिला है। बजट में सूचीबद्ध शेयर, शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड और कारोबारी ट्रस्ट की इकाइयों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर (एसटीसीजी) को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भी है। वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन ने कहा कि बजट ने पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को बेहद सरल बना दिया है। सोमनाथन ने कहा कि इक्विटी 20 प्रतिशत पर है और बाकी सब कुछ अल्पावधि के लिए लागू दर पर है। हां, अल्पावधि में बढ़ोतरी हुई है और दीर्घावधि को तर्कसंगत बनाया गया है। वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में प्रस्तावित वृद्धि के संबंध में मल्होत्रा ने कहा कि यह एक अक्टूबर 2024 से प्रभावी होगा।

## पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ रुपये तक

पूंजीगत व्यय के लिये राजस्व खाते से दिए अनुदानों को जोड़ें तो वर्ष के दौरान प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ तक रहेगा। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.13 लाख करोड़ (जीडीपी के 4.9% के बराबर) रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष, संशोधित अनुमानों में 16.54 लाख करोड़ (जीडीपी के 5.6%) के बराबर था। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच साल तक अवसंरचना विकास को अपना ठोस समर्थन बनाये रखेगी। बजट में राज्यों को अवसंरचना विकास के लिये 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त दीर्घकालिक ऋण का प्रावधान किया गया है। बजट में केंद्र सरकार को करों से शुद्ध प्राप्ति प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में ग्रामीण इलाकों में 25,000 छोटी बस्तियों तक सड़क पहुंचाने का लक्ष्य है।

## सरकार ने भेदभाव के बिना सभी राज्यों को धन दिया

- सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ की सहायता का वादा, 50 वर्षों तक बिना ब्याज के रुपये देने का प्रावधान
- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा

नई दिल्ली, एजेंसी


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि सरकार ने बजट में उन राज्यों को विशेष सुविधा दी है, जहां उसके सहयोगी दलों की सरकार हैं। उन्होंने कहा कि जिनके गठबंधन को 230 से सीटें मिली हैं, उन्हें इस पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि केंद्र ने सभी राज्यों को धन मुहैया कराया है। बिहार के लिए घोषित करोड़ की परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय सहायता उपलब्ध कराने के वादे पर उन्होंने कहा कि बजट में सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व गठबंधन के साथ, हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आराम से सरकार बनाई है। यह ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कार्यकाल में विकास के लिए कई घोषणाएं की हैं, जिसमें राज्यों को 50 वर्षों तक बिना ब्याज के 1.50 लाख करोड़ रुपये देने का प्रावधान शामिल है। यह वित्त आयोग की सिफारिश से अलग है। बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा गया है।

## बजट में आम आदमी के हितों पर दिया गया ध्यान: उद्योग जगत



**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने बजट 2024-25 को आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजकोषीय मजबूती के मार्ग पर अग्रसर बताने के साथ ही कहा कि इसमें भारतीय निवेशकों के लिए कुछ और कदम उठाए जा सकते थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि बजट से पता चलता है कि मोदी सरकार का इस कार्यकाल में लक्ष्य राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की राह पर आगे बढ़ना है। कृषि क्षेत्र और किफायती एवं शहरी आवासीय अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करना ठोस कदम है और यह एक शुभ संकेत है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि वित्त मंत्री ने आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीम इंडिया के लिए मैच जीतने वाला बजट पेश किया। उद्योग मंडल सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि यह बजट समावेश के साथ वृद्धि तेज करने के लिए भारत की सफल समग्र आर्थिक रणनीति को निरंतरता प्रदान करता है। यह निवेश और सुधारों की अगुवाई में तथा समावेशन एवं सशक्तिकरण पर केंद्रित सरकार के पिछले दो कार्यकालों की सफल आर्थिक रणनीति को आगे बढ़ाता है। पीएचडी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख और समावेशी है। इसमें घोषित अनेक उपाय विकसित भारतकी दिशा में भारत की यात्रा को मजबूती प्रदान करेंगे।

# बजट में बिहार को मिले 60,000 करोड़



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में मंगलवार को बिहार के लिए कई बड़े कदम उठाए गए। इनमें राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया। इनमें तीन एक्सप्रेसवे, एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई। आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सड़क संपर्क परियोजनाओं - पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेसवे और बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त दो-लेन पुल के विकास के लिए केंद्र के समर्थन की घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि इन चार परियोजनाओं की कुल लागत 26,000 करोड़ रुपये होगी। बिहार के लिए अन्य सौगातों में भागलपुर जिले के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का विद्युत संयंत्र स्थापित करना शामिल है, जिसपर 21,400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार बिहार में हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल संबंधी बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। इसके अलावा, केंद्र बिहार की बाढ़ में भी मदद करेगा। बिहार नेपाल से निकलने वाली कई नदियों की बाढ़ से अक्सर पीड़ित रहता है।

### विकास के लिए उठाए कदम सराहनीय



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया और कहा कि बजट में बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिए उठाये गए कदम सराहनीय है। कुमार ने कहा कि इस बजट के माध्यम से देश के साथ-साथ बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिये कई कदम उठाए गए हैं, जो सराहनीय है। संतुलित बजट पेश करने के लिये मैं केंद्र सरकार को बधाई देता हूं। देश में बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना के निर्माण का निर्णय भी स्वागत योग्य है।


- एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं
- तीन सड़क संपर्क परियोजनाएं : पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेस-वे
- बक्सर में गंगा नदी पर एक अतिरिक्त दो-लेन पुल के समर्थन की घोषणा

## जम्मू-कश्मीर के लिए 42,277.74 करोड़ आवंटित



**नई दिल्ली।** बजट में जम्मू-कश्मीर को 42,277.74 करोड़ आवंटित किए हैं जो पिछले वित्त वर्ष में दिए गए 41,751.44 करोड़ रुपये से 1.2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। जम्मू-कश्मीर को आकस्मिक निधि से अग्रिम राशि के रूप में स्वीकृत 7,900 करोड़ भी हैं। सरकार ने प्रदेश आपदा प्रतिक्रिया कोष में अनुदान के तौर पर जम्मू कश्मीर को 279 करोड़ आवंटित किए हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए होंगे। प्रदेश को 624 मेगावाट की किरु जल विद्युत परियोजना (एचईपी) के लिए इक्विटी योगदान के लिए 130 करोड़ आवंटित हुए हैं, 800 मेगावाट की रतले जल विद्युत परियोजना के लिए इक्विटी की खातिर 476.44 करोड़ मंजूर हुए हैं। झेलम और तवी बाढ़ रिकवरी परियोजना (जेटीएफआरपी) के खर्च को पूरा करने के लिए 500 करोड़ का अनुदान दिया गया है।

## लद्दाख के लिए बजट आवंटन में 32 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को घोषित केंद्रीय बजट 2024-25 में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 5,958 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले साल के 4,500 करोड़ रुपये के आवंटन से 32 प्रतिशत अधिक है। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू और कश्मीर से अलग हुए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अपने सचिवालय से संबंधित खर्चों और अन्य विभागों और कार्यालयों की स्थापना के लिए केंद्र से स्थापना व्यय के लिए 2,035.49 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में लद्दाख को अन्य केंद्रीय क्षेत्र व्यय के लिए 3,922.51 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कृषि और संबद्ध योजनाएं, जल आपूर्ति और स्वच्छता, ग्रामीण विकास, बिजली, वानिकी और वन्यजीव, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

## रोजगार-अवसरों के नए युग की शुरुआत: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बजट को दूरदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुखी करार दिया। उन्होंने कि यह रोजगार तथा अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देश को विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की राह पर ले जाएगा। उद्यमशीलता बढ़ाने, व्यापार सुगम बनाने के साथ ही आर्थिक विकास को दिशा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें कर आकलन नियमों को सरल बनाकर करदाताओं को राहत दी गई है। उन्होंने हैशटैग बजटफॉरविकसितभारत के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों की शक्ति का उपयोग कर यह बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और विश्वास को पूरा करेगा। यह मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के संकल्प का परिचायक भी है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा परिवर्तनकारी सिद्ध होने वाली है।

## बजट पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट को राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी करार दिया। उन्होंने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ने ऐसी कौन सी गलती है कि उसे केंद्र ने वंचित कर दिया। बजट में गरीबों के हितों का खयाल नहीं रखा गया है। यह दिशाहीन है। यह बस राजनीतिक मिशन को पूरा करने के लिए है।




लोग एक टेलीविजन शोरूम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए जा रहे केंद्रीय बजट 2024-25 का सीधा प्रसारण देख रहे हैं। एजेंसी



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने सातवें बजट में 9 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रीत किया है। इसमें कृषि में उत्पादकता बढ़ाने को 1.52 लाख करोड़ निवेश की बात कही गई, किंतु कृषि वृद्धि दर 1.8% से 4% तक जाने का रास्ता कैसे तय होगा यह जिक्र नहीं किया। आर्थिक सर्वेक्षण यह कहता है कि 51% स्नातक रोजगार योग्य नहीं है तब रोजगार व कुशलता की प्राथमिकता सराहनीय है। अवसंरचना विकास में बिहार और आंध्र प्रदेश के एक्सप्रेस-वे ही महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ का आवंटन महत्वपूर्ण है किंतु ग्रामीण हाट को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कर छूट सराहनीय है किंतु घर, रसोई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर कुछ खास नहीं मिला। लघु उद्योगों का विकास व सहायता, रोजगार और कुशलता ऋण, सूर्य योजना, नए शोध केंद्रों का जिक्र आदि योजनाएं हैं। राजकोषीय घाटे का 4.9% का होना चिंता का विषय है। नौकरीपेशा और नवीन निवेशकों को न कर में छूट मिली, न बचत, न निवेश के लिए प्रोत्साहन। परिवहन और रेलवे पर संभवत: वित्त मंत्री ने अलग दस्तावेज तैयार किया है। बजट में महिला, युवा, बेरोजगार, कौशल आदि की बातें जरूर हैं लेकिन उनके आंकड़े और समय सीमा का होना भी जरूरी था। पूंजीगत व्यय का बढ़ना, युवाओं को इंटर्नशिप कराना, ऊर्जागत विकास, लघु उद्योगों को क्रेडिट गारंटी, औद्योगिक कॉरिडोर का विकास आदि महत्वपूर्ण घोषणाएं हैं।

**- डॉ. विकास प्रधान**, अर्थशास्त्र विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीसलपुर (पीलीभीत)

# विकसित भारत के एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार भरेगी गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है बजट**
- **कॉरपोरेट सेक्टर को युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने से बदलेगा परिदृश्य**



**अमृत विचार:** यह नए भारत का बजट है। सभी वर्गों और क्षेत्रों को साथ लेकर समर्थ और विकसित भारत के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ने का दस्तावेजी प्रमाण है। मोदी सरकार 3.0 ने अपना पहला बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया है। इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के साथ एमएसएमई सेक्टर को मजबूती से एड्रेस किया गया है। शेयर बाजार को इस बजट को समझने में एक-दो दिन का वक्त लग सकता है, उसकी रफ्तार और तेज होगी, इसमें कोई शक नहीं है। यह बात बजट-2024 पर प्रदेश के प्रमुख उद्यमी और गोल्डी समूह के निदेशक आकाश गोयनका ने कही।

उद्यमी गोयनका ने कहा कि युवाओं के लिए कौशल विकास के साथ रोजगार का रोड मैप प्रदान किया जाना, यह बताता है कि सरकार बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। भारत आज युवाओं का देश है और स्किल डेवलपमेंट के बूते दुनिया में धाक जमा सकता है, ऐसे में सरकार के अप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप की दिशा में आगे बढ़ने से युवाओं में भी आत्मविश्वास और जोश बढ़ेगा। पहली बार देश के कॉरपोरेट सेक्टर को इस जिम्मेदारी से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण और परिदृश्य बदलने वाला कदम है। इसी तरह देश में निम्न मध्यम आय वर्ग के लोगों की बड़ी संख्या देखते हुए आयकर में मानक कटौती को 50 से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किए जाने और कर स्लैब में राहत प्रदान देने से 7 लाख 75 हजार तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, इससे लगभग 4 करोड़ लोगों को 17,500 रुपये की बचत होगी, जो बाजार का हिस्सा बनेगी। सरकार ने कृषि क्षेत्र को भी प्राथमिकता पर रखा है। कृषि और संबंधित क्षेत्रों को 1.52 लाख करोड़ आवंटन में बड़ा हिस्सा अनुसंधान के जरिए उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु सहनशील किस्मों पर केंद्रित करना खेती-किसानी के प्रति विकास की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। बजट में कस्टम ड्यूटी में बदलाव भी सराहनीय हैं। कैंसर की तीन दवाएं, सोना-चांदी और चमड़े के उत्पाद सस्ते होने से राहत मिलेगी। स्ट्रीट वेंडरों के लिए 100 स्ट्रीट फूड हब स्थापित करने का फैसला दिखाता है कि सरकार अपनी योजनाओं को समाज के आखिरी हिस्से तक ले जाना चाहती है। इंफास्ट्रक्चर बढ़ाने पर सरकार भारी खर्च कर रही है। इसका बड़ा हिस्सा हार और आंध्र प्रदेश की झोली में गया है, लेकिन ग्रोथ का फायदा देश को मिलना है।

## विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट: शर्मा



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रस्तुत किये गए बजट को मैंने सुना। यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प, एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है। पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए इस लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुख तथा सर्वसमावेशी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद।

## दिल्ली को नहीं मिला एक भी रुपया : आतिशी



आतिशी ने कहा कि केंद्र को करों के रूप में 2.32 लाख करोड़ रुपये का भुगतान करने के बावजूद केंद्रीय करों में दिल्ली को एक पैसा भी नहीं मिला। दिल्ली ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए बजटीय आवंटन की मांग की थी लेकिन उसे केंद्र से एक भी रुपया नहीं मिला है। वह केंद्र को आयकर के रूप में दो लाख करोड़ से अधिक और केंद्रीय जीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ का भुगतान करती है। दिल्ली 20,000 करोड़ मांग रही थी जो कि केंद्रीय बजट का सिर्फ 0.4 प्रतिशत है।

## आम लोगों को कोई राहत नहीं : चिदंबरम



कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर कुछ ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं तथा आम लोगों को कोई राहत नहीं दी गई है। उनका कहना था कि यह दावा कि योजनाओं से 2.90 करोड़ लोगों को लाभ होगा, अत्यधिक अतिशयोक्तिपूर्ण है। चिदंबरम ने कहा कि महंगाई दूसरी बड़ी चुनौती है।

## बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मजबूत कदम है : मांडविया



केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केन्द्रित बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि गरीब युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केंद्रित बजट फॉर विकसित भारत पेश करने के लिये मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभार प्रकट करता हूं। यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। सबको अवसर के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुये इस बजट में रोजगार सृजन और युवा विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और देश के सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित किया गया है।

## बजट अच्छे दिन की उम्मीद वाला कम, मायूस करने वाला ज्यादा : मायावती



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बजट को अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा बताया। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट पुराने ढर्रे पर कुछ मुट्ठी भर अमीर और धन्ना सेठों को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों और उपेक्षित बहुजनों के त्रस्त जीवन से मुक्ति के लिए अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा है। सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि देश में छाई जबरदस्त गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन तथा 125 करोड़ से अधिक कमजोर तबकों के उत्थान व उनकी बुनियादी सुविधाओं के प्रति सुधारवादी नीति और नीयत का अभाव है। उन्होंने सवाल उठाया कि बजट में ऐसे प्रावधानों से क्या लोगों का जीवन खुशहाल हो पाएगा?

## महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त बजट: फडणवीस



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय बजट में इस पश्चिमी राज्य के लिए पर्याप्त आवंटन के बाद भी विपक्ष नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। फडणवीस ने दावा किया कि विपक्षी दलों ने बजट आने से पहले ही केंद्र सरकार के खिलाफ नकारात्मक धारणा प्रस्तुत करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया तैयार कर ली थी। बजट में महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त आवंटन शामिल है। विपक्ष को सलाह दी जाती है कि वह प्रतिक्रिया देने से पहले बजट का गहन अध्ययन कर ले।

## बजट आमजन के इर्द-गिर्द केंद्रित : शिंदे



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह बजट आम आदमी के इर्द-गिर्द केंद्रित है। बजट युवाओं, कामगारों, किसानों तथा महिलाओं पर केंद्रित है। इसमें बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर भी जोर दिया गया है। यह भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की एक शुरुआत है। बजट में महिलाओं से संबंधित योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये, किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचा विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप रहेगी। बूंदाबांदी हो सकती है। उमस बढ़ेगी।

37.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 30 | सूर्यास्त 06 : 59

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार की जांच करेंगे एसडीएम स्तर के अधिकारी

## सभासदों ने एडीएम से मिलकर की शिकायत, मिला आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



एडीएम को शिकायती पत्र सौंपते नगर पालिका के सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका में चल रहे निर्माण कार्य एवं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के ठेके में भ्रष्टाचार को लेकर नगर पालिका के सभासदों ने मंगलवार को एडीएम से शिकायत की। साथ ही उन्होंने मंडलायुक्त को दिए गए शिकायती पत्र के संबंध में भी उनसे मिलकर उस पर हो रही कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। एडीएम ने स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले की जांच अब डीएम के निर्देश पर एसडीएम स्तर के अधिकारी से जांच कमेटी बनाकर कराई जाएगी।

दरअसल ठेका नियमों की शर्तों के अनुसार पिछले तीन महीने से जिन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला उनको ब्याज समेत भुगतान के निर्देश हैं लेकिन इसके बावजूद ठेका फर्म 3 महीने तक उन कर्मचारियों की तनख्वाह से ब्याज का स्वयं लाभ उठा लिया लेकिन कर्मचारियों को उसका एक रुपये भी नहीं दिया। जबकि पालिकाध्यक्ष के पति को लेकर भी शिकायत की गयी।

सभासदों का कहना है कि वह शिकायतों को नजरअंदाज किए हुए हैं। आए दिन कर्मचारियों में सभासदों से अभद्रता करते हैं। नगर पालिका परिसर में उनके आने में बैठने पर रोक लगाई जाए।

सरकार अथवा किसी भी स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होगी। लिहाजा सभासदों ने मंगलवार को एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव से मामले की शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग रखी। जिस पर एडीएम ने जल्द से जल्द डीएम से मिलकर जांच कमेटी गठित करने और एसडीएम स्तर के किसी अन्य तहसीलों के अधिकारी से जांच कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में सभासद ललित चौबे, मो इकबाल , निधि तोमर, सुनील दत्त, जावेद हुसैन, शबनम बेगम, कुमार वैभव, पूनम पांडेय, अविनाश कुशवाहा, शरद बाजपेई, सरला, सुनीता देवी, पवन यादव, सुनील यादव, पूर्व सभासद हीरू तोमर, धर्मेंद्र कुमार, अनुराधा कैथवाल, अतुल पचौरी, जितेंद्र सिंह, गुलशन परवीन, नीलम दुबे, अतुल त्रिपाठी, संजय सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### चहेती फर्म और ठेकेदार मरम्मत में कर रहे खेल

■ शहर में विकास कार्य के नाम पर गलियों की मरम्मत पालिका द्वारा कराई जा रही है। इनमें चहेते ठेकेदारों को ठेका देकर काम में हेरफेर की जा रही। नाराज सभासदों का कहना है कि कई जगहों पर मरम्मत में 40 फ़ीसदी की जगह शत प्रतिशत पुरानी ईंट लगाई जा रही हैं। सभासद कुमार वैभव का कहना है कि पुरबिया टोला पजावा वार्ड में 41 मीटर की सड़क की मरम्मत के लिए 269500 रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। ठेकेदार को ठेका शर्त के अनुसार 50-50 फ़ीसदी नई व पुरानी ईंटों का प्रयोग करना था लेकिन यहां सभी पुरानी ईंट लगा दी गईं। वैरून टोला में भी सभासद द्वारा 60 फ़ीसदी नई ईंटों की जगह पुरानी ईंटों का प्रयोग करने की शिकायत की गयी। निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसे हाथ से उखाड़ने पर भी सड़क उखड़ रही है।

## एक नजर

### युवक ने लगाई फांसी

**इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के गांव नवादा खुर्द निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र सीता राम ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दिलीप शराब पीने का आदी था। इसी कारण से उसने फांसी लगा ली।

### महिला को पीटा, घायल

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला राम सुंदर निवासी कमला देवी ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसका पति व बेटा बाहर नौकरी करते हैं। कहा कि हमने अपने द्वार के सामने कुछ सब्जियों के पौधे लगाए हुए हैं। सोमवार को मोहल्ले के कुछ लड़के बाग़वानी में घुस गए जिससे हमारे पौधे टूट गए। रोकने पर उनके परिवार के तीन नामज़द युवकों और महिलाओं ने डंडों से पीटना शुरू कर दिया। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## कब्जा नहीं हटने पर आत्मदाह की चेतावनी

**जसवंतनगर।** चुंगीघर की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग को लेकर महिला ने चेतावनी दी है कि आगामी 20 दिन में कब्जा न हटा तो वह आत्मदाह कर लेगी। जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में नगर में छिमारा रोड पर रहने वाली वसुधा वर्मा ने कहा कि उसका मकान छिमारा रो पर बना हुआ है। जब मकान बना नहीं था तब नगर पालिका परिषद ने चुंगी वसूलने के लिए हमारी जमीन पर चुंगीघर का निर्माण कर लिया। प्रदेश में मुलायम सिंह की सरकार में चुंगी को समाप्त कर दिया गया। नगर पालिका ने यह चुंगीघर किराये पर उठा दिया, अब ज़ब हमने अपना मकान बनाया तो ये हमारे द्वार पर चुंगी घर आ गया फिर ज़ब सड़क का चौड़ीकरण हुआ तो इस चुंगीघर का आधा हिस्सा तोड़ दिया गया। नामजद दुकानदार ने नाले के ऊपर चुंगीघर सहित दुकान बना ली। नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अब सुनवाई न होने पर आत्मदाह करना मजबूरी होगी जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस आशय के पत्र राज्यपाल, मुख्यमंत्री को प्रेषित किए गए हैं।



सुधा वर्मा।

# एटीएम में छेड़छाड़ करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना पुलिस न गस्त के दौरान सुघर सिंह कॉलेज के पास स्थित एक एटीएम में छेड़छाड़ करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से उपकरण व अन्य सामन बरामद हुआ।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि अनूप कुमार निवासी ग्राम बीनामऊ थाना सिढ़पुरा जनपद कासगंज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि हिताची पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कस्बा जसवंतनगर मोहल्ला लुधपुरा स्थित एसबीआई एटीएम का रखरखाव किया जाता है । 21 जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम में छेड़छाड़ की। जिससे एटीएम का शटर क्षतिग्रस्त हो गया। थाना जसवंतनगर पर मामला दर्ज किया गया।

सोमवार की रात प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ गस्त पर थे। तभी सुघर सिंह विद्यालय के पास स्थित एटीएम में एक व्यक्ति छेड़छाड़ करता दिखायी दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसक पास से पांच एटीएम कार्ड, तीन काली प्लास्टिक की पट्टी टेप लगी, एक प्लास, पेचकस, कटर के अलावा अन्य सामान बरामद हुए।

पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह एटीएम मशीन में प्लास्टिक की काली पट्टी में टेप लगाकर जनता के लोगो के एटीएम पासवर्ड देखकर रुपयों की चोरी करता है। उसने अपना नाम राजेश पुत्र जयपाल निवासी ग्राम इटौरा थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद बताया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### बिजली चोरी करते पकड़े गए 6 उपभोक्ता

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से चलाए गए चेकिंग अभियान में छह उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद के निर्देशन में उपखंड अधिकारी पीयूष मौर्य की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतर्गत हाई लॉस फीडर पुरविया टोला में मॉर्निंग रेड की गई। इसमें 6 उपभोक्ता अतिरिक्त केबिल खींचकर या मीटर बायपास कर बिजली चोरी करते हुए पाए गए। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अभियान के दौरान कैलाश किशोर, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, गीता, राममूर्तिर, प्रकाश को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने कहा है कि उपभोक्ता विधिवत कनेक्शन लेकर बिजली प्रयोग करें।

# आंगनबाड़ी केंद्र बंद, कार्यकत्री का एक दिन का मानदेय रोका

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- स्कूल के आसपास मिली गंदगी तालाब की भी नहीं हुई सफाई
- सीडीओ अजय गौतम ने गांव डूंगरी का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अजय कुमार गौतम ने बढ़पुरा ब्लाक की ग्राम पंचायत डूंगरी का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिलने पर कार्यकत्री का एक दिन का मानदेय रोक दिया गया। स्कूल में गंदगी तथा जलभराव की समस्या दिखी तो तालाब के आसपास गंदगी पसरी थी। इस पर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति का स्वास्थ्य खराब होने के कारण आज आंगनबाड़ी केंद्र बंद है। अवकाश के संबंध में प्राधानाध्यापक संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। सीडीओ ने राजकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता बरतने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकत्री याचना अवस्थी का 23 जुलाई का मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने निरीक्षण के समय देखा कि तालाब जलमग्न था, किन्तु तालाब में घास व जलमंजनी उगी हुई थी। तालाब के पास लगभग 200 मीटर कच्चा रास्ता है, जिसके आस-पास जलभराव व अत्यधिक गंदगी पाई गई।

खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कच्चा नाला व तलाब की साफ-सफाई कराते हुए तालाब के पास जो कच्चा रास्ता है, उस पर इण्टरलाकिंग कार्य व जल निकासी के लिए समुचित नाली बनवाई जाए।

ग्राम पंचायत में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय डूंगरी कम्पोज़िट का निरीक्षण किया गया। प्राधानाध्यापिका रश्मि गुप्ता से कहा गया कि छात्रों का पंजीयन बढ़ाएं।

## मंदबुद्धि को दो युवकों ने लाठियों से मारा-पीटा

**भरथना।** भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के एक मंदबुद्धि वृद्ध को दो युवकों ने लाठियों से बुरी तरह पीटा। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो बालूगंज स्थित एक मार्केट का बताया जा रहा है। घटना दो दिन पूर्व की बताई गई है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वायरल वीडियो में पिटने वाले मंदबुद्धि वृद्ध का नाम प्रेमसिंह निवासी ग्राम सरैया भरथना है।

प्रेमसिंह मंदबुद्धि होने के बाबजूद उसे जानवरों से अत्यधिक प्रेम है। वह पूरे दिन कवाड़ एकत्रित कर उसे बेचकर और कुछ लोगों से भीख मांगकर प्रतिदिन कुछ रुपये एकत्रित करके गाय और कुत्तों को ब्रेड,रोटी आदि दाना खरीद कर खिलाकर उनका पेट भरता है। यह अलग बात है कि जब कुछ शरारती तत्व उसे बेवजह छेड़ते हैं तो वह क्रोधित होकर ईंट पत्थर चला देता है।

# सत्ता पक्ष ने कहा, बजट से देश के विकास को मिलेगी गति

इटावा। लोकसभा में पेश किए गए आम बजट को लेकर युवाओं में जहां रोजगार की आश बंधी है। वहीं कस्टम ड्यूटी कम होने से सराफा कारोबार में सकारात्मक संकेत मिले हैं। किसान सभा, कांग्रेस और सपा ने बजट को मात्र दिखावा बताया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी न देने पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। विपक्ष का कहना है कि बजट पूरी तरह से निराशाजनक है।

### महिलाओं को मिलेगी राहत



रीता जैन।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला जिला अध्यक्ष रीता जैन ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार ने बजट में तीन लाख करोड़ का आवंटन किया है केंद्र सरकार ने महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की है। इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिल सकेगी।

### बजट से हर क्षेत्र को मिली राहत



हरी शंकर पटेल।

अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से विकसित रोड मैप तैयार किया है बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों तथा भारत के समग्र विकास का बजट है। इस बजट में सरकार की नौ प्राथमिकताएं हैं।

### टैक्स स्लैब में हुआ बदलाव



रजत जैन।

व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष रजत जैन ने कहा कि मिडिल क्लास को बजट में सौगात दी या उसके हाथ में कुछ देकर उससे कुछ ले लिया गया. यहां मामला थोड़ा उलझ गया है। अभी तक न्यू टैक्स रिजीम में 50,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन को मिलाकर इफेक्टिवली 7.5 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री होती थी। क्योंकि सरकार 3 से 6 और 6 से 9 लाख की स्लैब में जो टैक्स बनता था, उस पर इनकम टैक्स कानून की धारा-87A के तहत टैक्स रिबेट देती थी। बजट 2024-25 में स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट को बढ़ाकर 75,000 कर दिया गया, वहीं टैक्स स्लैब में 3 से 7 लाख रुपये की इनकम पर 5 प्रतिशत की दर से टैक्स लगा दिया है।

### बजट निराशाजनक



आलोक दीक्षित।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी केन्द्रीय बजट में व्यापारियों को कोई सहूलियत नहीं दी गई। व्यापारी जगत में घोर निराशा है। रिटेल मार्केटिंग में कार्य कर रहे छोटे दुकानदारों जो पूरे देश की वितरण प्रणाली की धुरी है के बारे में बजट में कोई ध्यान नहीं रखा गया।

### सोने चांदी पर कस्टम ड्यूटी कम करने से हर्ष



आकाश दीप जैन।

**इटावा।** इंडिया बुलियन एण्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) इमरजेंसी कमेटी के प्रदेश सह प्रभारी आकाशदीप जैन ने कहा सरकार ने इब्जा की मांग मान कर सोना और चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद सोना-चांदी की कीमतें कम हो जाएंगी। पीली सफेद धातु की बिक्री पर इजाफा होगा। तस्करी पर रोक लगेगी। काफी समय से मंदी की मार झेल रहे सर्राफा कारोबारियों के व्यापार को फिर से नई गति मिलेगी। इब्जा ने सरकार का धन्यवाद किया है।

### दिशाहीन है बजट



उदयभान सिंह।

जिला समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि बजट दिशाहीन है जिसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों, आम आदमी के लिये कुछ नहीं है उत्तर प्रदेश की ओर अनदेखी की गई है।

### कृषि संकट, बेरोजगारी को रोकने में विफल बजट



मुकुट सिंह।

किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास ग्रामीणो के लिए रोजगार में वृद्धि के लिए भी कुछ नही कहा गया। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सिर्फ 2 फीसदी बजट और स्वास्थ्य शिक्षा, रोजगार और कौशल वृद्धि के लिए मात्र तीन फीसदी बजट नाकाफी है। भाजपा नीति एनडीए की मोदी सरकार का बजट खेती-किसानी, बेरोजगारी, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और वेतन भोगियो के लिए निराशाजनक है, कारपोरेटीकरण पर विशेष बल दिया गया है।

# जयंती पर याद किए गए चंद्रशेखर आजाद

संवाददाता भरथना, इटावा




कार्यक्रम में भाग लेते चेयरमैन अजय कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भरथना की समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर नगर में स्थित शहीद पार्क पहुंचकर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए नमन किया।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र चौधरी, डॉ. राजेश नारायन दुबे, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, भानु प्रताप वर्मा, सुशांत उपाध्याय, अशोक पोरवाल, संजय माधवानी, विनोद पोरवाल, निशांत पोरवाल, विष्णु सिंह, अशोक गुप्ता, असित यादव, रज्जू यादव, विनय यादव, राजेश यादव पंडा, अजीत यादव, अरविंद यादव, पप्पू यादव आदि समाजसेवियों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की वीरगाथा का वर्णन कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के बाद हुआ।

## विषाक्त पदार्थ खा युवक ने जान दी

**इटावा।** चकर नगर थाना क्षेत्र के गांव छिबरौली में किसी बात से नाराज होकर एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोलू उर्फ प्रवेंद्र सिहं 19 वर्ष ने नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोगो ने उसे सीएचसी ले गए जहां डाक्टरो ने जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# घर में मिला अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू यशोदा नगर के रहने वाले अमर सिंह राजपूत (55) का शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।

बेटी ज्योति की रविवार को बारह बजे पिता अमर सिंह से बात हुई थी। उसके बाद से उनका फोन उठ नहीं रहा था। इस बात से परेशान बेटी ने अपने पति गजेंद्र को घर भेजा। गजेंद्र के काफी प्रयास करने के बाद भी जब ससुर अमर सिंह राजपूत ने गेट नहीं खोला तो पड़ोस में रह रही महिला के घर से छत के माध्यम से कमरे में दाखिल हुआ तो देखा कि उनका शव घर के कमरे में बेड पर पड़ा हुआ है। गजेंद्र ने इस बात की जानकारी फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम ने सबूतों को इकट्ठा किए। अमर सिंह के पुत्र बबलू ने बताया कि पिता न्यू यशोदा नगर में पिछले कई सालों से अकेले रहते थे और वह दो साल पहले चाय की दुकान किए हुए थे। बेटा बबलू और पिंटू अपने ननिहाल कल्याणपुर थाना इकदिल में रहते हैं।

## सार-संक्षेप




अतिथियों के साथ सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

### कायस्थ महासभा ने मेधावियों को किया सम्मानित

**इटावा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। महासभा के कार्यालय पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री विपिन जौहरी ने कायस्थ समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा के बल पर अपना स्थान बनाएं। चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर कुमार संभव को प्रतीक चिन्ह दिया गया। प्रांतीय महामंत्री विपिन जौहरी ने कहा कि कायस्थों की संख्या कम होने से कायस्थों को लाभ नहीं मिल पाता है और राजनीतिक पार्टियां भी कायस्थों की उपेक्षा करती हैं। वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए हम सभी को एकजुट रहने की जरूरत है। नरेंद्र रायजादा, शशिबिन्दु सक्सेना, हरिश्चंद्र सक्सेना, रवि श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, ललित सक्सेना, केके सक्सेना, विवेक सक्सेना, नितिन आनंद, सीमा श्रीवास्तव, गरिमा सक्सेना, शोभा सक्सेना, नीरजा रायजादा मौजूद रहीं।

### विद्यालय की जमीन को कब्जा मुक्त किया जाए

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर बहादुरपुर में हिंदू विद्यालय कॉलेज की खेतिहर जमीन को भूमाफिया द्वारा कब्जा कर लिए जाने के मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त करवाने के निर्देश दिए। हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज की लगभग 42 बीघा खेतिहर जमीन ग्राम नसीरपुर बहादुरपुर में है जिस पर भूमाफियाओं का कब्जा है। सोमवार को प्रबंध समिति के पदाधिकारी और शिक्षकों ने जिलाधिकारी से अपनी समस्या को रखा। डीएम ने अधीनस्थों को कॉलेज की सारी जमीन कब्जा मुक्त करवाने के निर्देश दिए। कॉलेज प्रबंधक राहुल गुप्ता, विनोद यादव, आनंद कुमार, संजीव गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, अनुराग गुप्ता व प्रधानाचार्य संजीव कुमार आदि ने प्रार्थना पत्र दिया था।

### रुपये मांगने पर जान माल की धमकी

**जसवंतनगर।** ग्राम पाठकपुरा निवासी सुभाष चंद्र ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी रिश्ते में भाई लगने वाले आरोपी व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर सात लाख रुपये मांगने पर चेक द्वारा वर्ष 2018 व 19 में दिए थे। कई बार रुपये मांगे तो 30 सितंबर 2022 को एक लाख रुपये की चेक दे दी लेकिन उनके खाते में पैसे न होने के से चेक बाउंस हो गई। अब काफी समय बीत जाने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। आरोप है कि पिछले दिन को जब उनसे रुपये मांगे तो दबंग ने गाली गलौज की तथा भविष्य में रुपये मांगने पर उसे व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी रामसहाय सिंह ने बताया है कि तहरीर मिली है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

**समारोह** केके कॉलेज में टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

# डिजिटल लर्निंग के लिए टैबलेट का करें सदुपयोग : सरिता

कार्यालय संवाददाता, इटावा




केके कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ विधायक सरिता भदौरिया।

**अमृत विचार।** युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट / स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत केके कॉलेज में मंगलवार को परास्नातक विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तकनीकी ज्ञान से जुड़कर अपनी शिक्षा को लक्ष्य तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र शस्त्र है जिसके माध्यम से आप प्रत्येक लड़ाई जीत सकते हैं। आज का समय तकनीकी शिक्षा का है इसलिए इसका दुरुपयोग न करके शिक्षा के हित में इसका सदुपयोग करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लेने तथा टैबलेट का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट पर शिक्षा के लिए बहुत सारे चैनल एवं एप उपलब्ध हैं जिनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। डिजिटल लर्निंग का नया द्वार खुला है जिसमें यह टेबलेट काफी उपयोगी साबित होगा।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि केके कॉलेज जनपद का सबसे प्राचीन महाविद्यालय है। यहां से पढ़कर निकले छात्रों ने देश व प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दिया है। कहा कि आप सभी छात्र भी अपनी मेहनत से अपना मुकाम हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में मंत्री ओमकार नाथ वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. मनोज गुप्ता, सह नोडल अधिकारी डॉ. सुशील वर्मा एवं टीम की कड़ी मेहनत से टैबलेट वितरण कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रो. सुनील सिंह सेंगर, प्रो. शाजिया अख्तर, डॉ.अनिल यादव, प्रो.अनिल त्रिपाठी, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. सुरभि सिंह, डॉ. सनोज यादव, डॉ. अजरा बेगम, डॉ. बिन्दु सिंह, मुरली कुमार, डॉ. मिथिलेश सिंह, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. शिमला तहसीन आदि शिक्षक एवं कार्यालय अधीक्षक श्री मधुसूदन सिंह, अखिलेश वर्मा, अवनिन्द्र मोहन वर्मा, पवन वर्मा, पटेल, असलम फैयाज, अम्बुज दीक्षित, विशाल वर्मा, आशीष पटेल,आलोक पटेल, ब्रजेन्द्र वर्मा बंटू, तरुण कुमार वर्मा, विक्रांत, दीपांशु पटेल आदि कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करके कार्यक्रम सफल बनाया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आज परास्नातक के विद्यार्थियों को 350 टैबलेट वितरित किए गए।स्नातक के विद्यार्थियों को एक सप्ताह में स्मार्टफोन बांटे जाएंगे।

## पालीकला में सुधा का निर्विरोध निर्वाचन तय

**भरथना।** भरथना विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पालीकलां के प्रधान राजेश यादव के आकस्मिक निधन के बाद रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव में मां बेटी ने अपने-अपने नामांकन पत्र भरे। बेटी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब प्रधान पद पर सुधा देवी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है ।

ग्राम पंचायत पालीकलां में प्रधान राजेश यादव के निधन बाद प्रधान पद हेतु सुधा देवी व बेटी दीक्षा ने नामांकन पत्र खरीदे। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की घोषणा कर दी जाएगी।

ग्राम पंचायत कुंवरा सुजीपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य हेतु सुनील कुमार, ग्राम पंचायत सदस्य हेतु धर्मवीर, सियाराम असफपुर, प्रेमवती पत्नी अनूप कुमार निवासी कुंवरा सुजीपुर ने नामांकन पत्र खरीदे।

# वाहन मालिकों के फोन नंबर नहीं हुए अपडेट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अपने मोबाइल नंबरो को अपडेट कराए जाने में वाहन स्वामियों द्वारा जागरुकता न दिखाए जाने के कारण एआरटीओ विभाग सहित वाहन स्वामियों की भी परेशानियां बढ़ रही है। जहां वाहन स्वामी को चालान आदि की जानकारी नहीं मिल पाती वहीं टैक्स जमा करवाए जाने के लिए एआरटीओ द्वारा सम्बंधित वाहन स्वामी से सम्पर्क करने में परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिससे विभाग ने सभी के मोबाइल नंबर अपडेट किए जाने की कवायद शुरू कर दी है।

पूर्व में वाहनों के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य काम मैनुअल तरीके से होने के कारण मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हो सके थे। वहीं वाहनों से सम्बंधित कार्य कराए जाने के दौरान वाहन स्वामियों द्वारा अन्य लोगो या साइबर कैफे से ऑन लाइन आवेदन के दौरान वहां का नंबर डाल दिया जाता है। जिससे उन्हे चालान आदि की जानकारी के मैसेज नहीं मिल पाते जिससे वाहन स्वामियों को परेशानियां उठानी पड़ती है। इसके बावजूद नंबरो को अपडेट नहीं कराया जा रहा।

**काम कराने पहुंचने पर होती चालान की जानकारी:** वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण होने वाले चालान की जानकारी नहीं मिल पाती। जिससे सालों तक चालान पेंडिंग पड़ा रहता है ऐसे में वाहन स्वामी जब कार्यालय सम्बंधित काम कराने पहुंचते है तब उन्हे चालान आदि की जानकारी हो पाती है। विभाग सभी के सही फोन नंबरों को अपडेट कराए जाने की कवायद में जुटा है।

### वाहनों के आने पर किया जा रहा अपडेशन

- बताते है कि जिन वाहन स्वामियों के नंबर गलत पड़े है या फिर मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है ऐसे वाहन स्वामियों के कार्यालय सम्बंधित कार्य जैसे ट्रांसफर, टैक्स, फिटनेस आदि कराने के लिए कार्यालय जाने के दौरान मोबाइल नंबर अपडेट किए जाने का काम विभाग द्वारा शुरू कराया जा चुका है। बिना मोबाइल नंबर अपडेट के विभाग के काम आसान नहीं होंगे। दरअसल सम्बंधित मोबाइल पर आने वाले ओटीपी के बाद ही वाहन सम्बंधित काम हो सकेंगे।

### स्वतः किया जा सकता है नंबर अपडेट

- वाहन स्वामियों द्वारा स्वत: घर बैठे ही अपना मोबाइल नंबर अपडेट किया जा सकता है। बताते है कि परिवहन विभाग की वेबसाइड पर जाकर आने वाले आप्शन के अनुसार गलत नंबरो को हटाकर अपना सही मोबाइल नंबर वाहन स्वामियों द्वारा स्वत ही डाला जा सकता है। इसके बावजूद वाहन स्वामियों द्वारा मोबाइल नंबरो को अपडेट किए जाने में लापरवाही बरते जाने से समस्याएं कम नहीं हो रही।

- काम कराने पहुंचने पर होती है चालान की जानकारी
- वाहनों के आने पर किया जा रहा अपडेशन

"सभी वाहन स्वामी अपने सही मोबाइल नंबरो को अपडेट कराएं जिससे विभाग सहित मोटर मालिकों की समस्याएं काफी हद तक कम हो सकेंगी। इसके लिए विभाग सहित ऑनलाइन सुविधा भी प्रदान की गई है।

–पुष्पांजलि मित्रा गौतम, एआरटीओ प्रशासन

## युवक पर आधा दर्जन लोगों ने किया हमला वीडियो वायरल

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के रहिमापुर गांव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि एक युवक को करीब आधा दर्जन लोग किसी बात को लेकर लाठी-डंडो एवं लात-घूसो से बुरी तरह मारपीट रहे हैं और इस मारपीट का मजमा देखने वालों की भारी भीड़ भी मौके पर जमा है।

वायरल वीडियो के संबंध में जब पुलिस से जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया तो पुलिस का कहना है वायरल वीडियो की जांच पड़ताल की जा रही है। अभी किसी भी पक्ष की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किसी बात को लेकर करीब आधा दर्जन लोग पानी भरे खेत में एक युवक को बुरी तरह पीट रहे हैं।

# हल्की बारिश में ही सड़क बन गई तालाब, निकलना हो गया मुश्किल

संवाददाता अमौली फतेहपुर

**अमृत विचार ।** कस्बा में हल्की वारिस से ही कस्बे की सड़के तालाब में तब्दील नजर आ रही हैं। स्थानीय एवं राहगीर जान जोखिम डालकर गंदे बहते पानी के ऊपर से गुजरने को मजबूर हैं।

अमौली कस्बे मुख्यालय में नालियों में कूड़े एवं गोबर से पटी नालियों को जिम्मेदार ब्लॉक के अधिकारयों सहित सचिव और प्रधान ने साफ सफाई न कराने से बारिस का पानी न निकलने से सड़के तालाब बन रही हैं। जब की योगी सरकार ने वारिस से पहले ही सभी ग्रामीण क्षेत्रों के गांव की गलियों को साफ सफाई कराने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत ब्लॉक से कई टीमें गठित की गईं और गांव में सफाई भी हुई। लेकिन केवल औपचारिकता की गई। जिसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। जबकि ग्रामीणों ने बताया की साफ सफाई के लिए कोई भी टीम यहां नहीं आई है और न ही सफाई कर्मचारी आते हैं। कभी कभी हम मुहल्लेवासी खुद ही नालियों की साफ सफाई कर गंदगी में गुजर बसर कर रहे हैं। जब की नाले की सफाई के लिए ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारयों व ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया। इसके बावजूद भी समस्या ज्यो का त्यों बनी हुई है।


सड़के बनी तालाब, लोगों को ऐसे निकलना पड़ रहा । अमृत विचार

- साफ-सफाई के अभाव में बदहाल हो रहा रास्ता

# मिली नकली खाद, दुकानदार पर एफआईआर के आदेश

## जिला कृषि अधिकारी ने मारा छापा, कई बोरी खाद बरामद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बाजार में बेंची जा रही नकली उर्वरक पर रोक लगाने को लेकर जिला कृषि अधिकारी ने निरीक्षण अभियान चलाया। जहां एक दुकान में भारी मात्रा में नकली खाद बरामद हुई। अधिकारी ने सम्बंधित दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखापढ़ी की तो वहीं बरामद खाद की बोरी से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया सूचना के आधार पर ग्राम थरियांव विकास खण्ड हसवा स्थित राजकुमार पुत्र बनवारी लाल के उर्वरक दुकान व गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। जहां इफ्को की 65 खुली बोरियां मिलीं जो नकली व मिलावटी प्रतीत हुईं। इसी तरह से आईपीएल डीएपी की 700 बोरी, जिप्सम की 45 बोरी, किसान बेन्टोनाइट सल्फर की 02 बोरी, जिंक 25 पैकेट, भारत एनपीके की 200 बोरी तथा खैतान एसएसपी की 20 बोरी बरामद हुई। जिसका सम्बन्धित के पास कोई अभिलेख नहीं पाया गया। मौके पर संदिग्ध उर्वरकों के नमूने ग्रहीत कर विश्लेषण के लिए भेजे जा रहे हैं। साथ ही सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही भी की जा रही है।

बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में जनपद के किसानों को नकली व मिलावटी खाद वितरित नहीं की जानी चाहिए। प्रत्येक दशा में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक प्राप्त कराए जाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### चलता रहेगा अभियान

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले के उर्वरक, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन के निरीक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी प्रकार के खाद, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिये। अधिकारी नियमित रूप से सघन निरीक्षण करें। किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

- निरीक्षण के दौरान सभी खादों के सैंपल लेकर जांच को भेजा

## स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के चेहरों में छा गई मुस्कान

**थरियांव।** क्षेत्र के विध्यंवासिनी कृष्ण बिहारी महिला महविद्यालय घसीपुर ओरेई में छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। फोन पाकर छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

उसके बाद विद्यालय महाविद्यालय की मुख्य अतिथि विंध्यावसिनी दुबे ने कहा कि छात्राएं देश के भविष्य के निर्माता हैं। जिसका प्रारंभ अच्छे संस्कार और शिक्षा से होता है। प्रदेश सरकार ने छात्राओं के अध्ययन को सुगम में बनाने के लिए यह कदम उठाया है। छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। छात्रों से आवाहन किया कि स्मार्ट फोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाए। कालेज के 155 छात्राओं को फोन वितरित किए गए।

# सावन में भोले के जलाभिषेक रुद्राभिषेक का सिलसिला जारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सावन के दूसरे दिन मंगलवार को भी शिवालयों में जहां भक्त पहुंच कर जलाभिषेक करते हुए भोले बाबा की पूजा-अर्चना किया तो वहीं घरों में भी रुद्राभिषेक कार्यक्रम का दौर चल रहा है। मंदिरों में हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय गूंजता रहा।

सावन के दूसरे दिन मंगलवार को शहर के ताम्बेश्वर मंदिर, मोटे महादेव समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचे। यहां दिन भर जलाभिषेक और पूजा अर्चना होती रही। भक्तों ने शिव मंदिरों में शिवलिंग पर बेलपत्र दूध चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की।

सावन पर शिव मंदिरों में भोले के भक्तों का तांता लगा रहा श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध फल-फूल धतूरा, बेलपत्र दही और जल आदि से अभिषेक कर भोले की पूजा अर्चना की। हर हर महादेव और जय जय भोले के उद्धोष के साथ भक्तगणों ने मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया।

- सावन माह के दूसरे दिन भी शिवालयों में भक्तों की भीड़

### जलाभिषेक कर बोल बम का किया उद्घोष

जहानाबाद। कस्बा सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रही। एक दिन पूर्व सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों पर लंबी-लंबी कतारों में दिखे जहां एक और मंदिर पहुंचे। जलाभिषेक करने के साथ-साथ बोल बम बोल बम का उद्घोष किया। पूरनपुर स्थित राजराजेश्वर धाम में सैकड़ों की तादाद पर सुबह से ही भक्तों का हूजूम दिखा। शिव भक्त सुबह से ही मंदिर पहुंच शिव आराधना में लीन दिखे। इसी तरह से ग्राम द्वारिकापुरी स्थित कालेश्वर धाम में भी भारी संख्या में भक्तों ने पहुंच पूजा अर्चना की। मंगलपुर टकौली स्थित मंदिर बंथरा गांव स्थित मंदिर सहित जाफरगंज थाना क्षेत्र के अरगलेश्वर मंदिर में भी भारी भीड़ नजर आई।

## सार-संक्षेप

### तीन लोगों पर मारपीट कर लूटपाट का आरोप

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के नारायणदास खेड़ा मजरे डारी बुजुर्ग निवासी संजय राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात घर लौटते समय पड़ोसी गांव के तीन लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और साइकिल व नगदी छीन ली। पीड़ित ने पुलिस को पूरी वारदात का वीडियो फुटेज भी सौंपा है। जिसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर उसके लूटे गये सामान व नगदी की बरामदगी की गुहार लगाई है।



भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस। अमृत विचार

### उत्साह के साथ मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मंगलवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य डाकघर में भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री जय शंकर गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ के बारे में जिला अध्यक्ष विष्णु वर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि सन 1955 में भोपाल में महान विचारक दन्तोपंत ठेंगड़ी के द्वारा संघ की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी संघ की महत्ता को लेकर अपने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस मौके पर पोस्टमास्टर शत्रुघन लाल, उपाध्यक्ष राहुल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धीरज कुमार, इंद्रभान सिंह, राम कृपाल, अल्प बचत अभिकर्ता अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, अवधेश रघुवंशी, मालती देवी, फूलसिंह, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज, सत्य प्रकाश गुप्ता, रातरानी सिंह समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### शराब के नशे में कुएं में गिरे युवक की मौत

**फतेहपुर।** एक युवक शराब के नशे में धुत होकर घर के सामने कुए में गिर गया और पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत बाद कुए से शव को बाहर निकालकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबू नगर मोहल्ले के रहने वाले राम सजीवन लोधी का पुत्र राज कुमार लोधी शराब पीने का आदी था। शराब पीने के बाद घर के बाहर बने कुएं के पास घूमने गया। इस दौरान कुए में गिर गया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो कुएं में रस्सी डालकर युवक को बचाने का प्रयास किया। युवक नशे में होने के कारण रस्सी को पकड़ नहीं पा रहा था और पानी में डूबकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का कुएं से शव बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कुएं में एक युवक शराब के नशे में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई।

### औचक निरीक्षण के नाम पर हो गई औपचारिकता

**अमौली।** मंगलवार को अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव नयन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसा लगा की अस्पताल के कर्मचारियों को पहले से ही आशंका हो गयी थी कि सीएमओ निरीक्षण करेंगे। सीएमओ के आने से पहले ही सभी स्टाफ ऐसे मिले जैसे स्वास्थ्य सेवाएं सहित साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त थी। हमेशा गंदे पड़े रहने वाले बेड के चादर क्लीन लैब की व्यवस्थाएं दुरुस्त अस्पताल में लगी गंदगी साफ नजर आयी। इसके बाद निरीक्षण के दौरान जाँच रिपोर्ट रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर, इमरजेंसी सेवा कक्ष, डिलेवरी रूम की साफ सफाई व वितरित की जा रही थी। स्वास्थ्य मेला में दवाइयों के बारे में जानकारी कर अस्पताल में मौजूद आशा बहुओं से बातचीत कर अन्य कई प्रकार की जानकारी ली। अमौली सीएचसी निरीक्षण के पहले ही लोकेशन मिलते ही यहां के जिम्मेदारों कुछ ही घंटो में अपनी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली जिससे सीएमओका गुस्सा कही सातवें आसमान में न चला जाये। जिसके चलते सभी स्वास्थ्य कर्मचारी औपचारिकता निभाते मुस्तैद दिखे।

### परिषदीय बच्चों ने उठाया आम उत्सव का लुत्फ

**फतेहपुर।** भिटौरा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय जगतपुर गाडा में बच्चों के साथ गुरू पूर्णिमा पर आम का त्योहार मनाया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक संगीता सचान ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों के साथ आम पार्टी की गई है। सोमवार होने के नाते बच्चों को फल के रूप में केला तो खिलाया ही गया, साथ में आम भी वितरित किया गया। बच्चों ने आम को लेकर एक से बढ़ कर एक पोस्टर भी बनाए। साथ ही आम पर कविताएं भी सुनाई। कम्पोजिट विद्यालय के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने सहभागिता की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ कंचन वर्मा, सीमा वर्मा, भावना गुप्ता, कल्पना वर्मा, पुष्पा यादव, नीतू, नीरेंद्र आदि रहे।

### मानकों को पूरा करने वाले विद्यालयों को बनाएं परीक्षा केन्द्र

**फतेहपुर।** उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अफसर मंथन में जुट गए हैं। मंगलवार को विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इन्दुमती की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाए, जो आयोग के दिशा निर्देशानुसार सभी मानकों को पूरा करते हो और जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाए जा रहे हैं, उनकी एलआईयू रिपोर्ट प्राप्त कर लिया जाए। इसके साथ ही विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्यों से सहमति पत्र अवश्य ले लिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्नीक, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### 55 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 21 को मिली जॉब

**फतेहपुर।** शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के उददेश्य से मंगलवार को भिटौरा ब्लाक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 55 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 21 को नौकरी के लिए चयन हुआ तो उनके चेहरों पर खुशी झलकी। जिला सेवायोजन अधिकारी हर्ष लालवानी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में भिटौरा विकास खंड परिसर में प्लेसमेन्ट शिविर व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 55 प्रतिभागी अभ्यर्थियों की कॅरियर काउन्सिलिंग की गयी। विभिन्न कम्पनियों द्वारा 21 योग्य अभ्यर्थियों की 15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की। कार्यक्रम में शशॉक पान्डेय, प्रभारी रोजगार मेला, रामकृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे। बुधवार को विकास खंड हसवां परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे तक रोजगार मेला लगाया जाएगा।

## सिर कटी लाश का रहस्य अभी बरकरार, पुलिस ने पीछा छोड़ा

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास नहर में महीने भर पूर्व मिली सिर कटी लाश का राज आज भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस आज भी सिर कटी लाश की पहचान नहीं करा सकी है। न तो मामले का राज खोल सकी है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास एक महीने पहले 20 जून को एक अधेड़ की सिर कटी लाश उतराती मिली थी। सिर कटी लाश मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी। पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करने के लिए नहर के किनारे दो तीन दिन तक दौड़ती रही। उस दौरान पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस इधर-उधर हाथ मारने में लगी रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अब पुलिस ने सिर कटी लाश के मामले से मुंह मोड़ चुकी है। मामला पूरी तरीके से ठंडे बस्ते में जा चुका है। हालांकि सिर कटी लाश मिलने का मामला लोगों के बीच आज भी गर्म है। सिर कटी लाश का राज न खुलने व पुलिस की नाकामी को लेकर लोगों में भय का माहौल है। नहर में मिली लाश के समय थाने का चार्ज थानाध्यक्ष रहे सुनील कुमार सिंह के पास था। उन्होंने सिर कटी लाश का राज खोलने का खूब प्रयास किया। वह थाना क्षेत्र के से लगाकर पडोसी थाना असोथर तक दौड़ते रहे। अनुमान लगाया गया कि शायद बांदा के हत्यारों ने अधेड़ की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए पुल से इस पार आए हो और लाश को नहर में फेक दिया हो। उन्होंने बांदा जनपद के मर्का थाने पर भी दर्ज गुमशुदगियो की लिस्ट मांगी, लेकिन उनका तबादला हो गया। थाने की कमान हेमंत कुमार मिश्रा ने संभाली। इनके कुर्सी पर बैठते ही पुलिस ने जांच पड़ताल भी बंद कर दी।

- किशनपुर के नरैनी नहर के पास मिला था शव
- शव की पहचान तक नहीं करा सकी पुलिस

## अब रेलवे स्टेशन पर महंगा पड़ेगा सिगरेट-बीड़ी पीना

**फतेहपुर।** अब रेलवे स्टेशन पर बीड़ी या सिगरेट पीना आसान नहीं होगा। आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। यदि कोई पकड़ा गया तो कार्रवाई होगी।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जहां रेलवे स्टेशन को डेवलप कराया जा रहा है वहीं यहां पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ भी अभियान शुरू किया जा चुका है। जिसके तहत रेलवे स्टेशन पर कोई यदि बीड़ी या सिगरेट पीते पाया जाता है तो उसको गिरफ्तार किया जाएगा। आरपीएफ पोस्ट कमांडर ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के द्रष्टिगत ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ा गया है। यदि रेलवे स्टेशन पर कोई बीड़ी, सिगरेट या शराब का सेवन करते पाया जाता है तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं ऐसे लोगो को प्रयागराज स्थित रेलवे न्यायालय में पेश किया जाएगा जहां सम्बंधित के खिलाफ जुर्माना या जेल की सजा सुनाई जाएगी।

# मामी के साथ नहाने गया किशोर गंगा नदी में डूबा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मीरमऊ गंगा घाट पर नहाते समय अधिक गहराई में चले जाने से एक किशोर नदी में डूब गया। जिसकी देर शाम तक पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी रही लेकिन किशोर का कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा।


नैतिक

कानपुर के गंगागंज निवासी नैतिक (17) पुत्र महेंद्र भदौरिया अपने ननिहाल हुसेनगंज थाना क्षेत्र के तेलियानी गांव गया था। जहां से सुबह वह अपनी मामी के साथ गंगा नहाने मीरमऊ घाट गया था तभी नहाते समय अधिक गहराई में चले जाने से नैतिक नदी में डूब गया।

नहाकर नदी से निकलने के बाद मामी ने नैतिक को काफी ढूंढा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मामले की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने नदी में जाल डलवा स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू करवाई। हालांकि देर शाम तक नदी में डूबे लापता किशोर का कहीं पर भी सुराग नहीं लग सका।

जिसकी तलाश के लिए गोताखोरों व स्थानीय पुलिस की टीम देर शाम तक लगातार प्रयासरत रही। मामले में थानाध्यक्ष रामकेश पटेल ने कहा कि डूबे किशोर की तलाश जारी है। अभी तक किशोर का कोई सुराग नहीं लगा है। बुधवार फिर सुबह गोताखोरों को लगा कर डूबे किशोर की तलाश करवाई जाएगी।

- हुसेनगंज के मीरमऊ गंगा घाट का मामला
- कानपुर से किशोर अपने ननिहाल आया था घूमने

## जमीन के विवाद में जमकर चले लाठी डंडे, कई घायल

**खागा।** सोमवार रात कोतवाली क्षेत्र के जोकीपर मोहल्ले में जमीन के विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। जिसमे कई लोग घायल हो गये। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मारपीट कर गंभीर घायल करने व लाइसेंसी असलहों से फायरिंग कर दहशत फैलाने व परिवार समेत जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के जोकीपर मोहल्ला निवासी अश्वनी मौर्य सोमवार रात अपने खेत मे पानी लगाए हुए था तभी पारिवारिक पांच लोग पहुंचे और खेत की बल्लियों व तार को हटाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने अश्वनी को लाठी-डंडो व लाइसेंसी असलहों से पीटना शुरू कर दिया। चीखपुकार सुनकर पीड़ित के स्वजन बचाव के लिए दौड़े। आरोपियों ने न सिर्फ उन्हें असलहे लेकर दौड़ा लिया बल्कि दहशत फैलाने के लिए लाइसेंसी असलहों से कई राउंड फायरिंग की।

केंद्रीय बजट | आम लोगों ने बजट को लेकर दी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं

# बजट को बताया लाभान्वित करने वाला

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय आम बजट वित्तमंत्री द्वारा पेश किया गया। बजट को लेकर जहां भाजपाइयों ने इसे हर वर्ग के लिए लाभ वाला बताया तो वहीं आम जनमानस ने भी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। किसी ने इसे लॉलीपाप बताया तो किसी ने बेहतर करार दिया।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि केन्द्रीय आम बजट देश के सभी को लाभान्वित करने वाला है। मोबाइल, सौर ऊर्जा संयंत्र, आम चिकित्सा में एक्सरे मशीन, इलेक्ट्रानिक वाहनों में बड़ी मात्रा में छूट देकर लोगों को लाभ दिया गया है। वहीं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए बड़ा बजट शामिल है। देश के एक करोड़ किसानों को विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के लिए संसाधन प्रदान करते हुए इस ओर लाया जायेगा। वहीं सब्जियों के बैलेंस करने को लेकर एक चेन तैयार की जाएगी। कृषि क्षेत्र में दलहन तिलहन को बढ़ावा दिया गया है। एमएसएमई इकाईयों को और अधिक शक्तिशाली बनाकर जहां उद्योग व उद्यमियों को बढ़ावा दिया गया है। वहीं रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इस बजट को स्वरूप प्रदान किया गया है। बेरोजगार युवाओं के हितों का ध्यान रखते हुए, मुद्रा लोन को बीस लाख किया गया है। देश के विकास को लेकर बड़ी सड़कों व एक्सप्रेस परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसी तरह से शहरी राजेश कुमार ने बताया कि बजट में युवाओं के रोजगार के लिए कुछ खास नहीं है। हालांकि इस बार बजट सोच समझ कर पेश कर जनता को लुभाने का प्रयास किया गया है। इसी तरह से किसान राम नरेश ने बताया कि बजट में तो कुछ समझ में नहीं आ रहा है, लाभ मिलेगा तभी समझ आएगा।


टीवी पर बजट का लाइव टेलीकास्ट देखते लोग। अमृत विचार

- बजट देखने के लिए टीवी से चिपके रहे लोग
- युवाओं ने कहा रोजगार के लिए कुछ खास नहीं

# दो मिनट के उपचार के लिए दो घंटे कर रहे मशक्कत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण उमस में दूर दराज से जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीज अव्यवस्थाओं से परेशान हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचे भिटौरा के रामनारायन चौहान घंटों की मशक्कत के बाद जब डॉक्टर का परामर्श मिला तो हांफते हुए बोले कि दुई घंटा की मेहनत के बाद हियां दुई मिनट का इलाज मिलत है। अब जिला अस्पताल न अइबे।

इन दिनों भीषण उमस ने लोगों की हालत खराब बिगाड़ रखी है। बुखार, डायरिया, पेट दर्द जैसी बीमारियों से परेशान मरीज हर घर में हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मंगलवार को 1160 मरीज पहुंचे। मरीजों की तादात बढ़ने से चिकित्सकीय परामर्श को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यह पीड़ा सिर्फ रामनारायन की नहीं है। यहां सैकड़ों मरीज इसी दर्द से पीड़ित है। दुश्वारियां रजिस्ट्रेशन काउंटर से शुरू होती है। यहां घंटों के इंतजार के बाद पर्चा बन पाता है। इसके बाद डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए असली जंग शुरु होती है। अक्सर ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते हुए घंटों बीत जाते हैं। इसके बाद मरीज दवा लेने दवा वितरण कक्ष पहुंचता है। यहां दो विंडो के जरिए पुरुष और महिलाओं को अलग अलग दवा दी जाती है। मरीजों की संख्या बढ़ी तो यहां भी भीड़ लगने लगी है। कई बार यहां पहुंचे लोगों को दवा की लाइन में ही 20 मिनट तक खड़ा होना पड़ता।

# एनआरसी वार्ड कुपोषित बच्चों के लिये बना वरदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री की ओर से भर्ती कुपोषित बच्चों की हकीकत जांची। तीन बच्चे कुपोषण से मुक्त होने के बाद घर भेजे गये और मां के साथ बच्चों को उपहार दिए गए। खाली हुए बेड पर तीन नये कुपोषित बच्चे आंगनबाड़ी व सीडीपीओ की ओर से भर्ती कराये गये।

जिला अस्पताल का एनआरसी वार्ड कुपोषित बच्चों के लिये वरदान बन गया है। यहां भर्ती होने वाले कुपोषित बच्चे 14 से 20 दिन में ठीक होकर घर जा रहे हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती बच्चों के संबंध में उनकी मां व वार्ड की डायटीशियन स्वप्निल मिश्रा से जानकारी ली। बताया गया कि सभी बच्चों का वजन एक से डेढ़ किलो बढ़ चुका है। बच्चों की मांओं ने भी बताया कि उनका बच्चा पहले से बेहतर है। डीएम ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश यादव से कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली। कुपोषण से मुक्त हुए तीन बच्चों को घर भेजा गया। डीएम ने बच्चों व उनकी मां को गिफ्ट दिया। बच्चों की मां से घर में भी बताने के अनुसार बच्चे के खानपान का पूरा ध्यान रखने को कहा। किसी तरह की दिक्कत होने पर इसी वार्ड के डाक्टर से संपर्क करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, सीडीपीओ कन्नौज विजय लक्ष्मी दुबे, उमर्दा सीडीपीओ अमित मिश्रा व ई आंगनबाड़ी कार्यकत्री की तारीफ की। इस मौके पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु के अलावा स्टाफ मौजूद रहा।





जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला, डीपीओ राजेश वर्मा, सीडीपीओ व सीएमएस। जिला अस्पताल में यहां खुलेगा पांच बेड का अतिरिक्त एनआरसी वार्ड। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर परखी हकीकत, 10 बेड फुल मिले
- कुपोषण से मुक्त हुए तीन बच्चे भेजे गये घर, दिए गए उपहार

### पांच बेड का एक और एनआरसी वार्ड बनेगा

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों को भर्ती करने के लिये 10 बेड की व्यवस्था है। जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या अधिक होने से एक और पांच बेड का एनआरसी वार्ड खोलाने की तैयारी की जा रही है। इसकी जानकारी सीएमएस ने डीएम को दी। डीएम ने कहा कि उनके स्तर से जो होना हो बता दें, वह इस की अनुमति दिलाने के लिये खुद पत्राचार करेंगे।

# ई रिक्शा से आ रही महिला की पर्स से उड़ाए एक लाख

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- साथ बैठे इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र से पूछताछ
- पीड़ित महिला ने छात्र पर लगाया चोरी का आरोप

**अमृत विचार।** स्टेट बैंक शाखा में रुपये जमा करने आई ठठिया क्षेत्र की वृद्ध महिला की पर्स से किसी ने एक लाख रुपये पार कर दिये। संदेह पर पुलिस ने इंजीनियरिंग कालेज के एक छात्र को पूछताछ के लिये बैठाया है। वह महिला के साथ ई रिक्शा में बैठा था।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव श्यमुआंपुर निवासी बुजुर्ग मानसिला पत्नी अमर सिंह मंगलवार को घर से ऑटो पर बैठ कर कन्नौज की स्टेट बैंक शाखा में रुपये जमा करने आ रही थी। वह घर से एक लाख रुपये नकद लेकर आई थी। मंडी समिति के सामने उतर कर आढ़ती से 50,000 रुपये मक्का बिक्री के लिये। यह रुपये भी पर्स में रख लिये। 1.50 लाख रुपये लेकर ई रिक्शा पर बैठ कर वह स्टेट बैंक के लिये निकली। स्टेट बैंक में काउंटर पर पहुंच कर जब उसने पर्स से रुपये निकाले तो उसमें एक खाने में रखे 50,000 रुपये थे जबकि दूसरे खाने से एक लाख रुपये गायब थे। चेन खुली थी। अनन फानन महिला बैंक बाहर निकली और ई रिक्शे में साथ बैठे युवक की खोज करने लगी। इस दौरान तिर्वा क्रॉसिंग के निकट युवक मिल गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी तो यातायात पुलिस ने उसे बैठा लिया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस पहुंची और महिला व आरोपी इंजीनियरिंग कालेज के छात्र से पूछताछ की। महिला का आरोप था कि उसके साथ उक्त युवक के अलावा अन्य कोई नहीं बैठा था। रुपये इसी युवक ने निकाले हैं।



पीड़ित महिला।

खास बात यह कि महिला का किराया भी उसी युवक ने देने को कहा था। इससे शक की सुई उस पर जा रही है। पुलिस की मानें तो संभव है कि श्यमुआंपुर गांव के सामने टेंपो पर बैठने के बाद किसी ने रुपये पार कर दिये हों। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# जिला अस्पताल: जले मरीजों को और जख्म दे रहा बर्न वार्ड

## एक एसी से नहीं मिल पा रही राहत, उमस व गर्मी से बेहाल हो रहे मरीज, छह बेड का है बर्न वार्ड, तीन को दूसरे में किया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बर्न वार्ड मरीजों को और जख्म दे रहा है। छह बेड के वार्ड में मात्र एक एसी लगा होने से वह पर्याप्त ठंडा नहीं कर रहा है। इससे जले मरीज बेहाल हैं। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है। तीन अन्य जले मरीजों को दूसरे वार्ड में भर्ती किया गया है जो बाहर के बड़े अस्पतालों से यहां आए हैं।

जिला अस्पताल में जले हुए मरीजों के इलाज के लिये छह बेड का वार्ड बनाया गया है। मरीजों को गर्मी और झुलसने की जलन से निजात मिले इसके लिये वार्ड में एक एसी लगा है। बड़े से हाल में लगी एक एसी पर्याप्त ठंडक नहीं दे रही है। इससे मरीज गर्मी में परेशान हो रहे हैं। यही नहीं वार्ड की क्षमता से अधिक मरीजों को भर्ती कर लिया गया है। छह के स्थान पर नौ मरीज भर्ती किये गये हैं। तीन को अलग वार्ड में भर्ती करना पड़ा है। इस वार्ड में भी एक एसी है। यह भी सही तरह से काम नहीं कर रहा है। इसके चलते जले हुए मरीजों की हालत और खराब हो रही है।

मरीजों का कहना है कि यदि वार्ड में दो एसी की व्यवस्था की जाये तो राहत मिल सके। शीशे पूरी तरह बंद होने से वार्ड में गर्मी अधिक रहती है। मरीजों के अलावा उनके तीमारदार भी रहते हैं।

इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि जले मरीजों के वार्ड में एक और एसी लगवाने की व्यवस्था की जायेगी।



जिला अस्पताल के वर्न वार्ड में भर्ती जले हुए मरीज। अमृत विचार

- सीएमएस ने वार्ड में एक और एसी की व्यवस्था को कहा
- वार्ड के शीशे बंद रहने से बढ़ जाती है गर्मी

### चार महीने से रिन्यूवल सीएमओ दफ्तर में लंबित

सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट न होने कारण मशीन बंद रही और उसी दौरान लाइसेंस समाप्त हो गया था। लाइसेंस का नवीनीकरण प्रत्येक साल कराया जाता है। रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के बाद करीब चार माह पहले लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। तबसे आवेदन सीएमओ दफ्तर में लंबित है। जानकारी दी कि पहले आवेदन किया था तो जिस रेडियोलॉजिस्ट का रजिस्ट्रेशन भेजा था वह चला गया। इसके बाद संविदा पर तैनात अन्य का रजिस्ट्रेशन भेजा गया। नियमत: एक महीने में नवीनीकरण की प्रक्रिया हो जाती है लेकिन अभी तक फाइल जिलाधिकारी तक नहीं पहुंच सकी है। जैसी नवीनीकरण हो जाएगा गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड प्रारंभ करा दिए जाएंगे।



बंद पड़ी जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन।



जिला अस्पताल में रखी सीटी स्कैन की खराब बैट्रियां। अमृत विचार

# 23 दिन बाद भी सीटी स्कैन मशीन ठीक नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी सेंटरों पर सीटी स्कैन कराने जा रहे मरीज
- बैकअप के लिये अब तक नहीं आई बैट्री

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 23 दिन बाद भी चालू नहीं हो सकी है। आर्डर के बाद भी बैट्री नहीं आई। बैकअप न होने से अभी तक सीटी स्कैन मशीन बंद पड़ी है, जबकि नियमित कर्मचारी आकर हाजिरी लगा रहे हैं। मशीन ठीक न होने से सीटी स्कैन से संबंधित मरीज निजी सेंटरों पर जा रहे हैं। इससे पहले यहां पर नियमित 10 से 15 सीटी स्कैन किये जा रहे थे।

जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 23 दिन से बंद पड़ी है। इसे ठीक नहीं कराया गया है। इससे यहां आने वाले मरीजों को निजी सेंटरों पर पहुंच कर सीटी स्कैन कराना पड़ रहा है। मशीन को ठीक कराने के लिये कोई खास प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। विभाग में लगे चार कर्मचारी नियमित अस्पताल पहुंच कर हाजिरी लगा कर संबंधित कक्ष में बैठे रहते हैं। बताया जाता है कि मशीन को चलाने के लिये बैट्री का बैकअप चाहिये। बैट्री लंबे समय से खराब पड़ी है। इससे बिजली के आने-जाने पर बैकअप के अभाव में मशीन बंद हो जाती थी। इससे मशीन का डाटा क्रेश हो गया। लगभग 23 दिन बीतने पर भी मशीन को ठीक नहीं कराया जा सका है। जानकारी पर सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने आर्डर दिया पर अभी तक बैट्री नहीं आई हैं। इसके चलते मशीन पूरी तरह से बंद और काम प्रभावित है। इस संबंध में सीएमएस का कहना है कि बैट्री का आर्डर दिया जा चुका है। क्यो नहीं आई पता करके रिमाइंडर दिया जायेगा।

# लाइसेंस नवीनीकरण न होने से गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड नहीं

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- चिकित्सा महाविद्यालय में मशीन, रेडियोलॉजिस्ट है फिर भी समस्या बरकरार

**अमृत विचार।** चिकित्सा महाविद्यालय में अल्ट्रासाउंड न हो पाने से गर्भवती महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि चार महीने बीतने के बाद भी सीएमओ दफ्तर से रिन्यूवल की फाइल आगे नहीं बढ़ाई गई है जिस कारण यह समस्या आ रही है। नियमतः नवीनीकरण में एक माह का समय लगता है।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों को अच्छा इलाज मिल सके इसके लिए सरकार ने सभी प्रकार की जांच की व्यवस्था भी की है। अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था भी है जिसमें गर्भवती महिलाओं के साथ ही अन्य समस्याओं से पीड़ितों की जांच की जाती है। दो साल पहले रेडियोलॉजिस्ट के चले जाने के बाद अल्ट्रासाउंड मशीन भी बंद हो गई। करीब छह माह पहले रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती लेकिन मशीन चालू की गई तो तकनीकी खराबी से वह नहीं चली। कॉलेज प्रशासन ने किसी तरह से उसे सही कराया। मशीन सही होने के बाद भी गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। बताया गया है कि गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करने के लिए डीएम के यहां से लाइसेंस जारी होता है। उसकी वैधता की सीमा समाप्त हो गई थी। इस कारण गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। मजबूरन उनको बाहर से यह सुविधा लेनी पड़ती है जिसके बदले में भारीभरकम रकम भी चुकानी पड़ती है। महाविद्यालय में रोज ही सौ से डेढ़ सौ तक गर्भवती इलाज के लिए पहुंचतीं हैं।

# दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर में हुए विवाद से नाराज युवक व युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है।छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के नगला पटिया गांव निवासी एक 28 वर्षीय युवती ने घर में हुए किसी विवाद से नाराज होकर मंगलवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ढेरा जोगी गांव निवासी 19 वर्षीय शंकरनाथ ने घर में हुए विवाद को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सौ शैय्या अस्पताल में युवक को भर्ती कराया।

# लक्ष्य और बजट तो आ गया, शादी का मुहूर्त है नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नए वित्तीय वर्ष का चौथा महीना समापन की ओर है लेकिन अब तक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शहनाई नहीं बजी है। विभाग के पास बजट मौजूद है। शादी व निकाह कराने का लक्ष्य भी आ चुका है। कहा जा रहा है कि मुहूर्त न होने से साढ़े चार महीने में ही एक साल का लक्ष्य पूरा करना होगा।

दरअसल, जब अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हुई तो सामान्य लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू थी। इस दौरान नए व लुभावने कार्य नहीं कराए जा सकते हैं। छह जून को आचार संहिता हट गई।

उसके बाद से अब तक सनातनियों के सात फेरे के तहत ब्याह और मुस्लिमों के निकाहनामा नहीं पढ़े गए। चार महीने समापन की ओर हैं। इसके साथ ही आचार्यों के मुताबिक चार महीने सहालग भी नहीं है। 16 नवंबर से ही शादी व ब्याह शुरू हो सकेंगे। वित्तीय वर्ष समापन तक अगर मुहूर्त हुए तो करीब साढ़े चार महीने में ही शादियां कराई जा सकतीं हैं। अगर मुहूर्त पहले ही समाप्त हो गए तो इससे भी कम समय में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादियां कराने की मशक्कत करनी होगी।

### 1405 जोड़ों का लक्ष्य आया

वर्ष 2013 में कन्नौज जिले में 1655 जोड़ों का ब्याह व निकाह कराया गया। हालांकि शुरुआती दौर में लक्ष्य एक हजार के करीब था जो बाद में बढ़ा दिया गया था। यहां लक्ष्य से अधिक ही शादियां हुईं थीं। इस बार 1405 जोड़ों का विवाह व कुबूलनामा कराए जाने का लक्ष्य मिला है। एक जोड़े की शादी पर 51 हजार रुपये का बजट खर्च होता है। इसमें 35 हजार रुपये लड़की के खाते में और 10 हजार रुपये की सामग्री मिलती है। छह हजार रुपये पंडाल, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च होता है।

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में इस बार नहीं बजी शहनाई

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत करीब 425 आवेदन आ चुके हैं। 703 जोड़ों की शादियों व निकाह कराने का लक्ष्य भी शासन से मिल गया है। विभाग से मुहूर्त की गाइड लाइन नहीं आई है फिर भी उच्चाधिकारियों से बात करके आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



एसपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी



सनातन धर्म में 17 जुलाई से 15 नवंबर तक शुभ मुहूर्त नहीं हैं। देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु के योग निद्रा में चार महीने के लिए चले जाने से विवाह आदि शुभ कार्य नहीं होंगे। 16 नवंबर से ही मुहूर्त हैं। उस दिन सूर्य भगवान तुला राशि से वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

आचार्य राहुल अवस्थी, तिर्वा

मनमानी | सदर तहसील के विनियमित कार्यालय का नहीं खुलता ताला, निर्माण कार्यों में हो रही देरी

# जेई आते नहीं, मकान के नक्शे की फाइलें लटकीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो सौ से अधिक फाइलें जमा, ललितपुर के जेई को अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार।** सदर तहसील के विनियमित क्षेत्र कार्यालय में ज्यादातर ताला ही लटकता है। यहां शहर समेत 54 गांव के लोग मकान का नक्शा बनवाने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन ऑफिस बंद होने से काम ठप पड़े हैं। बताया जा रहा है कि 200 से अधिक मास्टर प्लान नक्शा के आवेदन लंबित हैं। इससे निर्माण कार्य में देरी हो रही है।

करीब एक साल पहले तैनात मास्टर प्लान के जेई भानू प्रताप सिंह का गैर जनपद तबादला हो गया था। इसके बाद शासन ने लालितपुर में तैनात जेई ओपी मानवी को सप्ताह में दो दिन के लिए विनियमित कार्यालय कन्नौज में संबद्ध कर दिया। इसके अलावा कार्यालय में किसी अन्य कर्मचारी की तैनाती नहीं है। इस वजह से अक्सर यहां ताला लटकता रहता है। तहसील भवन के कक्ष संख्या 16 में विनियमित क्षेत्र कन्नौज का कार्यालय है। यहां सोमवार व मंगलवार को मास्टर प्लान जेई को बैठना होता है। लोगों का आरोप है कि जेई आते ही नहीं हैं। मंगलवार को भी कार्यालय में ताला लगा था।



मास्टर प्लान जेई के कार्यालय में लगा ताला।

### विनियमित क्षेत्र में ये गांव शामिल

गंगधरापुर, हैवतपुर कटरा, चौकी मुस्तफाबाद, जलालपुर पनवारा, वाहपुर, रामपुर मजरे गंगधरापुर, खिदरपुर बाग, जहानपुर, जलालपुर अमरा, जलालपुर कटरी कछोहा, जलालपुर कटरी बांगर, इस्माइलपुर, कंदरौली बांगर, मौसमपुर अल्हड़, सरायशाह मोहम्मद, युसुफपुर भगवान, करनपुर, मौसमपुर मौरारा, कुतलूपुर, अलाउद्दीनपुर, गदनपुर बड्डू, ताजपुर नौकास्त, दरियापुर रायभान, कपूरपुर कटरी, दरियापुर चंदई, सलेमपुर रमई, कंदरौली कछोहा, दरियापुर पट्टी, नसरापुर, अकबरपुर सरायघाघ, सरायमीरा, रितुकाला, सलेमपुर तारा बांगर, चौधरियापुर, चौराचांदपुर बांगर, मानपुर, जलालपुर सरवन, बहादुरपुर उज्जैना, जसौली, आंटी, पदारथपुर, बलारपुर, रिजगिर, मानीमऊ, दंदौरा खुर्द, दंदौरा बुजुर्ग, मुसाफिरपुर, सकरी खुर्द, देवकली बांगर, तिखवा, मित्रसेनपुर और महमूदपुर पैठ विनियमित क्षेत्र में शामिल हैं।

ललितपुर के जेई को कन्नौज का दो दिन के लिए अतिरिक्त प्रभार है। इस बार पत्र मिला है कि वह सोमवार व मंगलवार को नहीं आ सकेंगे, इसलिए नहीं आए। कार्यालय में कोई कर्मचारी भी नहीं है इस वजह से कार्य प्रभावित होता है। अगर जेई यहां रुक जाएं तो पेंडेंसी नहीं रहेगी।

– रामकेश, एसडीएम सदर

### उम्मीद टूटी तो ऐसे ही हो रहा निर्माण कार्य

समय से मास्टर प्लान नक्शा पास न होने की वजह से लोग ऐसे ही निर्माण कार्य करा रहे हैं। विभाग से बिना नक्शा पास कराए ही मकान आदि के निर्माण कार्य चलने लगे हैं। सरायमीरा निवासी गौरव ने बताया कि करीब सात माह पहले नक्शा बनवाने के लिए आवेदन किया था। अभी तक काम नहीं हुआ। जब भी कार्यालय जाते हैं तो ताला लगा मिलता है। नसरापुर निवासी अमिताभ कुमार ने बताया कि नक्शा बनवाने के लिए आवेदन किया था। चार माह बाद भी काम नहीं हुआ। कार्यालय जाने पर बंद मिलता है।

# कोर्ट के आदेश पर 13 के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** कस्बा के एक मोहल्ला निवासी महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 18 जून को मथुरा गई थी। छोटा बेटा घर पर अकेला था। इसी दौरान मंडी बाजार मोहल्ला निवासी ग्रीश, नफीस, अनीस, मर्रो, बबली, शबीना, नगामा, नाजिया, सल्लू, सोहेल व अशोक नगर मोहल्ला निवासी रफीक, नफीस, शकील घर के अंदर घुस आए, बेटे को पीटा। अगले दिन वह आरोपियों के घर उलाहना देने गई तो आरोपियों ने उसे पीटा और छेड़छाड़ की। कार्रवाई को लेकर पुलिस के पास पहुंची। कोई कार्रवाई न होता देख न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो मूल विक्रय पत्र ग्राम तेलियार जिनका विक्रय पत्र संख्या 3286 दिनांकित–17– 8– 2019 व विक्रय पत्र संख्या 6425 दिनांकित– 4– 11– 2020 जोकि उपनिबन्धक कार्यालय निघासन में पंजीकृत हैं। दोनों मूल विक्रय पत्र के अंतिम पृष्ठ कहीं खो गए हैं। जिस पर बैनामा पंजीकृत होने का पूरा विवरण दर्ज है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। अगर किसी को मिलें तो निम्न पते पर सूचित करें। **रिहाना खातून पत्नी अजीमुल्ला निवासी ग्राम पठानन पुरवा मजरा तेलियार थाना पढ़ुआ जनपद खीरी मो0–9919256630**

**NOTICE**
I have changed my name from Mohd Shadab to Mohd Shadab Khan for all purposes. S/o Mahmood Ali Khan, 292/173, Victoria Street, Bazar Khala, Lucknow

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम BHOLANATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम BHOLANATH NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये । S/O: RAM MILAN R/O- 63, FATEHPUR SANGAT JAISINGPUR SULTANPUR

**सूचना**
पहले मेरा नाम SHILPI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHILPI SINGH PANWAR रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा । W/O: LACHHMAN SINGH PANWAR, R/O- 101, AARIF APARTMENT, NEW HYDERABAD

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी दुकान सं – 596 और 597 ई ब्लाक मार्केट राजाजीपुरम लखनऊ के आवंटन पत्र और कब्ज़ा पत्र की मूल प्रति खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है – **संतोष कुमार पुत्र कनहिया लाल गुप्ता निवासी – D–1/142, विराजखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम गलती से अकील खान दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम अकील उस्मान खान है। इसी नाम से उन्हे जाना व पहचाना जाता है। **अरबाज उस्मान खान पुत्र अकील उस्मान खान, मकान नंबर 30, कुंवरपुर इमलाक, पोस्ट रायपुर खास, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रूखाबाद, पिन नं.** 209502

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पिता का नाम पहले गुड्डू था अब सभी दस्तावेजों में गुड्डू प्रसाद दर्ज है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरी जन्मतिथि 16/08/1996 सही दर्ज है। **मनोज कुमार पुत्र गुड्डू प्रसाद, निवासी– ग्राम व पो0, महराज नगर, तहसील–धौरहरा जिला– लखीमपुर खीरी**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सविता कोहली पत्नी स्व0 विजय कुमार कोहली, निवासिनी– 557/24 ख ओमनगर आलमबाग, लखनऊ** मेरे पुत्र अर्जुन कोहली के हाईस्कूल व इण्टरमीडियट के अंकतालिका व प्रमाण पत्र मे त्रुटिवश मेरा नाम सुनीता कोहली अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम सविता कोहली अंकित है जो कि सत्य व सही है। यहकि सविता कोहली व सुनीता कोहली एक ही महिला के नाम है। अतः मेरे पुत्र अर्जुन कोहली के हाईस्कूल व इण्टरमीडियट अंकतालिका प्रमाण पत्र मे सही नाम सविता कोहली अंकित किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स विवेकनगर सुलतानपुर उ0प्र0 की साझेदारी से अशोक कुमार सिंह की पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेकनगर सुलतानपुर पृथक हो गए हैं। इनका फर्म के कोई लेना देना सरोकार एवं बकाया नहीं हैं। फर्म में नए साझीदार श्रीमती सुधा सिंह पुत्री स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेकनगर को सुलतानपुर को शामिल किया गया है।
**साझीदार – राम बहादुर सिंह**

**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना पचपेडवा जनपद बलरामपुर में सीज शुदा दो पहिया वाहनो की नीलामी दिनांक 29.07.2024 को समय 15.00 बजे थाना पचपेडवा परिसर में होगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रकिया में सम्मलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना पचपेडवा बलरामपुर परिसर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें । अग्रिम धनराशि 5000/– रूपये जमा करना होगा। **–प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेडवा जनपद बलरामपुर।**

**नीलामी सूचना**
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिद्धौर बाराबंकी परिसर में 31 यूकेलिप्टस 1 गूलर 9 नीम सहित 42 पेड़ों की जिनका मूल्यांकन की राशि 87591 रुपये है कि नीलामी दिनांक 31.7.2024 को किया जा रहा है इच्छुक व्यक्ति नीलामी में पहुंचकर बोली लगाकर पेड़ों की खरीदारी कर सकते हैं।

# एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर से निकलता रहा आरोपी का वेतन

## सदर तहसील में ड्यूटी से गायब रहता था समाज कल्याण विभाग का सुपरवाइजर

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वजीफा दिलाने के लिए रिश्वत लेने में मंत्री ने रिपोर्ट लिखवाकर भिजवाया है जेल
- जेल जाने के बाद इटावा के सैफई बखाइया निवासी हृदेश पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** वजीफा के लिए छात्र से रिश्वत मांगने पर जेल भेजे गए समाज कल्याण विभाग में तैनात सुपरवाइजर के मामले में एक और खुलासा हुआ है। तहसील कन्नौज में ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के बाद भी वह वेतन पाता रहा। एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर से पे-रोल चला जाता था और वेतन उसके खाते में पहुंचता रहा।

दरअसल, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कोतवाली सदर में खुद रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसमें छात्र ममतांजय से इटावा के सैफई क्षेत्र के बखाइया निवासी आरोपी हृदेश यादव के रिश्वत लेने का जिक्र है। तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने शिकायतों के आधार पर विकास भवन के कार्यालय से आरोपी सुपरवाइजर हृदेश यादव को हटाकर तहसील सदर में संबद्ध कर दिया था। हालांकि उससे पहले तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार ने भी उसे हटाया था।



हृदेश यादव, आरोपी।

आरोप है कि इसके बाद भी वह तहसील कार्यालय में मौजूद नहीं रहता था। बताया जा रहा है कि विभाग से संबंधित जब कुछ प्रकरण तत्कालीन एसडीएम अविनाश गौतम के पास पहुंचे तो सुपरवाइजर को तलब किया गया। तब पता चला कि वह तो कार्यालय में आता ही नहीं है। इस वजह से एसडीएम ने उसकी हाजिरी समाज कल्याण कार्यालय में नहीं भेजी। भरोसेमंद लोगों की मानें तो सुपरवाइजर ने एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर कर खुद ही वेतन के लिए पे-रोल भेज दिया। इससे दो-तीन महीने की सैलरी निकलती रही। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि जेल जाने के बाद हृदेश के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की भी कार्रवाई हो सकती है। कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा ने बताया कि आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत लखनऊ जेल भेजा गया है। सीओ सदर इसकी विवेचना कर रहे हैं।

### पीड़ित का पता, महाविद्यालय नहीं जानता कोई

समाज कल्याण मंत्री से जुड़े मामले में छात्र ममतांजय से वजीफा के लिए रिश्वत लेने वाले आरोपी सुपरवाइजर को तो जेल भेज दिया गया है लेकिन पीड़ित छात्र का पता और महाविद्यालय कौन सा है यह कोई नहीं जानता है या तो जिम्मेदार बताने को तैयार नहीं हैं। इस बारे में सीओ सदर कमलेश कुमार का कहना है कि छात्र एलएलबी कर रहा है उसीके लिए वजीफा लेना चाहता था। जब उनसे एलएलबी या डीएलएड के लिए वजीफा लेने की बात पूछी तो एलएलबी बताया। पता पूछा तो बताया कि उसकी एफआईआर देखिए उसी में मोबाइल नंबर लिखा होगा। दूसरी ओर समाज कल्याण कार्यालय ने भी छात्र के शिक्षण संस्थान का पता होने की जानकारी से इनकार किया है।

### पीड़ित छात्र को लेकर यह भी चर्चाएं

- चर्चा है कि छात्र ममतांजय तिर्वा के एक महाविद्यालय में नामांकित है। वहीं से वह डीएलएड कर रहा है। उसी ने मंत्री से शिकायत की थी। वजीफा का आवेदन निरस्त हो जाने के बाद उसका संपर्क हृदेश से हुआ था। उसने वजीफा दिलाने का आश्वासन दिया और 8250 रुपये की रिश्वत अपने खाते में ली। पता चला है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से छात्र ने एलएलबी भी की है। वह मूल रूप से कहां का रहने वाला है इसकी पुष्टि फिलहाल कोई नहीं कर रहा है। जारी हुई विज्ञप्ति के मुताबिक वह तिर्वागंज का रहने वाला है।

## पिता-पुत्र से मारपीट में तीन को चार-चार साल की कैद

**कन्नौज।** पिता-पुत्र से मारपीट करने के मामले में विशेष न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। तीनों को चार-चार साल की कैद हुई है। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। खास बात यह है कि मामला कोर्ट के आदेश पर ही दर्ज हुआ था। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी हरिप्रसाद ने सुनवाई की। शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में न्यायाधीश ने सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलापुर्वा गांव निवासी विजपाल यादव उर्फ ब्रजलाल यादव, नीलू यादव और सुरेंद्र यादव को सजा सुनाई है। तुलापुर्वा गांव निवासी रामकुमार ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप है कि पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था, इससे उसने न्यायालय की शरण ली थी। घटनाक्रम में आठ नंबवर 2018 को वादी घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के नीलू यादव, विजपाल यादव उर्फ ब्रजलाल यादव और सुरेंद्र यादव आए और रंजिश को लेकर जाति सूचक गाली देने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए पुत्र अरविंद कुमार से भी मारपीट की।

## परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ के प्रदेश महामंत्री बने वाईके मंजुल

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव में सीएमओ कार्यालय में अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल ने भारी मतों के अंतर से विरोधी को हराकर प्रांतीय महामंत्री का चुनाव जीता। कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों, स्टाफ व अन्य लोगों ने स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण साख्यिकीय सेवा संघ लखनऊ का प्रदेश स्तरीय चुनाव 21 जुलाई को लखनऊ के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग भवन में कराया गया। इस में प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। महामंत्री के पद के लिये भीखम सिंह व कन्नौज के वाईके मंजुल ने नामांकन किया था। 21 जुलाई को हुए मतदान में 160 मतदाताओं ने मतदान किया।



महामंत्री निर्वाचित होने के बाद वाईके मंजुल व मौजूद समर्थक। अमृत विचार

- जीतने के बाद कार्यालय पहुंचने पर किया गया स्वागत

मतगणना के बाद मंजुल को 148 तो भीखम को मात्र 12 मत मिले। मतगणना स्थल पर ही स्टाफ ने स्वागत किया। जीत का प्रमाण पत्र लेकर मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे तो सबसे पहले सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने माला पहना कर स्वागत किया। अपर शोध अधिकारी की पत्नी ने भी इस जीत पर पति को माला पहना कर स्वागत किया। जीत के बाद मंजुल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि संगठन कर्मचारियों के मुद्दों को नहीं उठा पा रहा था। इसीलिये वह चुनाव में उतरे और प्रदेश से करीव 75 जिलों के मतदाताओं से संपर्क करने के बाद नामांकन किया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को सरकार के सामने रख कर निस्तारण करायेंगे।

### ऑटो के पाट्र्स चोरी

**कन्नौज।** सदर कोतवाली मोहल्ला शेखाना निवासी मोहम्मद अकील पुत्र सलामतुल्ला ऑटो चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार की रात ऑटो की स्टेपनी, बैट्री चोरी हो गई।

## 26 से माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहले दिन अशासकीय सहायता प्राप्त व दूसरे दिन वित्तविहीन विद्यालयों का रोस्टर

**अमृत विचार।** जिले के सभी माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य की बैठक का रोस्टर जारी हो गया है। पहले दिन अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय व दूसरे दिन वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों का समय तय हुआ है।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने 26 जुलाई को दोपहर एक बजे से शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य की बैठक बुलाई है। इसमें 36 बिंदुओं पर बात होगी। वित्त विहीन मान्यता प्राप्त हाईस्कूल व इंटरमीडिएट विद्यालयों के प्रधानाचार्य की बैठक 27 जुलाई को दोपहर एक बजे से कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर में होगी। इसमें 28 बिंदुओं पर चर्चा होगी। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक स्कूलों में में सफाई व कक्षा संचालन, नामांकन, स्टाफ की स्थिति, पेयजल, शौचालय, मिड-डे मील, फल व दूध वितरण और उनकी संख्या, वेतन वृद्धि, जीपीएफ प्रपत्र-06, कक्षा नौ व 11 में वर्ष 2017 से 2022 तक जमा पंजीकरण शुल्क, बोर्ड परीक्षार्थियों का शुल्क ट्रेजरी में जमा करना, खेलकूद, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए असाधरण बहादुरी, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024, सड़क सुरक्षा और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आदि पर तैयारियों की समीक्षा होगी।

## पत्नी को निकाला, तीन साल बाद दिया तलाक

**गुरसहायगंज।** तीन साल पहले पति ने मारपीट कर दो बच्चों के साथ महिला को घर से निकाल दिया था। अब उसे तीन तलाक दे दिया है। पीड़िता ने कोतवाली में पति समेत पांच ससुरालजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि 13 साल पहले कस्बा क्षेत्र के गर्दाबाद मोहल्ला निवासी अखलाक अहमद से शादी हुई थी। शादी के बाद पति के अलावा जेठ इस्तिखार, जेठानी जाकिरी बेगम, ननद गजाला, देवर आकिल ने अतिरिक्त दहेज की मांग की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और करीब तीन साल पहले मारपीट कर दो बच्चों के साथ घर से निकाल दिया था। अब 17 जुलाई को तीन तलाक दे दिया। मंगलवार को पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## कांवड़ यात्रा की जांची सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आईजी, डीआईजी ने गंगा तट का किया भ्रमण
- पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी की

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिरीक्षक कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह व उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर जोगिंदर सिंह ने श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को लेकर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था जांची। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी की।

मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज ने गौरीशंकर मंदिर आने जाने बाले रास्ते को देखा। इसके बाद मेहंदी घाट पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान एसपी अमित कुमार आनन्द, एएसपी डॉ. संसार सिंह व सीओ कमलेश कुमार से जानकारी ली। पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्रवाई, जनपद में सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क का और अधिक सघन बनाने के लिये लगे हुए सीसीटीवी कैमरों से बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिये। गंगा घाटों पर वॉटर बैरिकेडिंग करने के लिये निर्देशित किया गया।



गंगा तट पर निरीक्षण करते कानपुर जोन के पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना कोतवाली प्रभारी व शाखा प्रभारी व अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बुलडोजर चलवाकर खाली कराए खाद के गड्ढे

**तिर्वा, कन्नौज।** खाद के गड्ढों पर बाउंड्री बनवाकर कब्जा करने की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए नगर पंचायत को सौंप दिया। नगर पंचायत की सीमा के अंदर मुडरवागंज-बरधइया मार्ग के किनारे करीब एक बीघा से अधिक भूमि पर खाद के गड्ढे सरकारी अभिलेखों में दर्ज होने के बाद भी कस्बे के ही निवासी ने बाउंड्री बनवाकर उस जमीन पर कब्जा कर लिया। नगर पंचायत ने जमीन को खाली कराने की मांग करते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। इस पर एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल सनोज यादव को पैमाइश कराकर जमीन कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को लेखपाल ने फोर्स के साथ पहुंचकर जमीन की पैमाइश कराकर अवैध बाउंड्री निर्माण को बुलडोजर चलवा दिया। जमीन को कब्जा मुक्त कराकर नगर पंचायत को सौंप दिया। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि अवैध कब्जे की शिकायत पर उस जमीन की पैमाइश कराकर जमीन को कब्जा मुक्त कराकर नगर पंचायत प्रशासन को सौंप दिया है।



खाद के गड्ढे खाली कराते लेखपाल।

### बरसात ने उमस से दिलाई राहत, जलभराव से आफत

**गुरसहायगंज।** कई दिनों से उमस भरी गर्मी के बाद मंगलवार दोपहर हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से लोगों को निजात दिलाई, लेकिन नगर में जगह-जगह हुए जलभराव और गंदगी से स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग डेढ़ घंटे तक हुई बारिश ने जहां उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों को राहत दी। तो वही धान की फसल को पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि मूंगफली व मक्का सुखा रहे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर बरसात के बाद नगर के अधिकांश स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। खासकर तिर्वा रोड व चकोर गली में नालियों की गंदगी व बरसात का पानी लोगों की दुकानों व घरों तक जा पहुंचा।



जीटी रोड स्थित बीज गोदाम परिसर में हुआ जलभराव।





कर्मियों को शपथ ग्रहण कराते डॉ. वीके कनौजिया।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सभी करें सहयोग

**जलालाबाद, कन्नौज।** अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सभागर में फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर बैठक की गई। मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में हुई बैठक में पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने कि फाइलेरिया एक असाध्य रोग है। जब कोई व्यक्ति संक्रमित हो जाता तो आगे चलकर यह बीमारी दिव्यांगता का रूप धारण कर लेती है। इस रोग में हाथ-पैर, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना, हाइड्रोसील हो जाना जैसे लक्षण दिखते हैं। इसलिए इस रोग से मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 10 अगस्त से दो सितंबर तक अभियान चलाकर घर-घर जाकर लोगों को निशुल्क दवा खिलाएगी। अभियान में सहयोग देने के लिए डॉ. पूनम सिंह के द्वारा शपथ ग्रहण भी दिलाई गई। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अमर सिंह, डॉ. चंद्रकला यादव, अनिता कटियार, अमित प्रताप सिंह समेत कई किसान मौजूद रहे।

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती रिश्तेदारों को देखने के लिए जा रहे युवक की बाइक फिसल गई। युवक घायल हो गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी विवेक सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदारों को देखने के लिए बाइक से जा रहा था। कोल्ड स्टोरेज के पास बाइक फिसलने से विवेक घायल हो गया।

(जिले की खबरें पेज 9 पर भी)

## सरकारी जमीन पर चौथी बार धान की रोपाई

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- खानपुर के दबंग कब्जेदारों के सामने बौना साबित हो रहा है प्रशासन
- पूर्व में दो बार कटवाई जा चुकी फसल, तीसरी बार चुनाव का उठाया फायदा

**अमृत विचार।** खानपुर की सरकारी जमीन मानो अवैध कब्जेदारों के लिए कमाई का तगड़ा जरिया बनी हुई है। साथ ही कहीं न कहीं प्रशासन की शह भी है। तभी तो पूर्व में दो बार फसल कटवाए जाने, एक बार प्रशासन द्वारा रोक लगाने पर भी कटवा लिए जाने के बाद चौथी बार इसी जमीन पर धान की रोपाई शुरू हो चुकी है। अवैध कब्जेदारों के बुलंद हौसले इस बात का संकेत देते हैं कि उनके आगे प्रशासन कुछ भी नहीं है।

तहसील क्षेत्र के खानपुर ग्राम सभा मे करीब दो से तीन हजार बीघा सरकारी जमीन है। करीब एक हजार बीघे में दबंग किसान हर साल कब्जा कर फसल बोते हैं। बोने से लेकर खाद पानी लगने और फसल बढ़ने तक प्रशासन के जिम्मेदार बेखबर रहते हैं। फसल तैयार होने पर कब्जा खाली कराने का ड्रामा होता है और खुद की पीठ थपथपा ली जाती है। दो साल पहले तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर खानपुर के पल्यौरा गांव में फसल कटवाते हुए जमीन को मुक्त कराया था। दो बार फसल कटवाकर प्रशासन ने जब्त कर ली। इसके बाद भी अवैध कब्जेदारों तीसरी बार फिर सरकारी जमीन पर गेहूं की फसल तैयार कर ली। तहसीलदार पहुंचे और दबंग कब्जेदारों को फसल काटने से रोक दिया। तभी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। तहसील प्रशासन को फोर्स मिल पाने में देरी हुई तो दबंग किसान चोरी छिपे फसल काट ले गए। प्रशासन की शह कहें या फिर अनदेखी, एक बार फिर से अवैध कब्जेदारों ने सरकारी जमीन पर धान की रोपाई शुरू कर दी है। जानकारी होते ही ग्राम प्रधान के पति राजेश यादव ने एसडीएम को पत्र देकर शिकायत की है। उन्होंने बताया कि सरकारी जमीन पर धान की हो रही रोपाई की जानकारी चार दिन पहले एसडीएम को दे दी है। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि अवैध कब्जा होने की जानकारी मिल चुकी है। तहसीलदार को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजकर धान की रोपाई रोकते हुए संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

## दस दिनों से युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते दस दिनों से लापता युवक का सुराग नहीं लग रहा है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी कल्लू सविता पुत्र बाबूराम सविता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दिलीप उर्फ चउआ घर से बिना बताये 13 जुलाई की शाम लगभग चार बजे कहीं चला गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता की प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने कोतवाली मे गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



कल्लू सविता।

## यूटीआरसी कैम्पेन के तहत छह विचाराधीन बंदी रिहा

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर जिला जज लवली जयसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। कारागार में यूटीआरसी कैम्पेन के तहत जुर्माना जमा योजना एवं पैन इण्डिया कैम्पेन की जानकारी हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान एडीजे ने बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है वे जेल अधीक्षक या जेलर के माध्यम से प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित कर सकते हैं। जिससे बंदी को नियमानुसार विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा सके। ऐसे विधाराधीन बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है उनके नियमानुसार रिहाई हेतु यूटीआरसी कैंपेन चलाया जा रहा है जो 20 नवम्बर तक संचालित किया जाएगा। 15 जुलाई को जिला जज चन्द्रोदय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति द्वारा चिन्हित किए गए पात्र आठ विचाराधीन बंदियों में से की रिहाई की जा चुकी है। जेल विजिटर अधिवक्ता मो. सैफ अस्सिटेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल ने बताया कि कैम्पेन का उद्देश्य कारागार में निरूद्ध ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है जो अपराध होने के समय संभावित रूप से नाबालिग थे।

बजट पर चर्चा | तीसरे कार्यकाल में वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट को लेकर लोगों ने जताई प्रतिक्रिया

# टैक्स स्लैब में बदलाव से कुछ राहत पर किसानों के लिए कुछ नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कुछ बोले, मध्यम वर्ग के लिए राहत भरा है बजट
- कुछ ने कहा, नौजवानों को रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में मंगलवार को पेश किए गए बजट को लेकर जिले के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। किसी ने नए टैक्स स्लैब में मिली छूट को मध्यम वर्ग के लिए राहत भरा बताया है, तो किसी ने युवा, किसान, महिलाओं आदि के लिए कोई विशेष व्यवस्था न किए जाने से इसे मात्र झुनझुना बताया है। वहीं, मोबाइल फोन, चार्जर, सोने चांदी आदि की दरों में कमी पर संबंधितों ने कुछ राहत की बात कही है। विपक्षी दलों ने इसे निराशा भरा कहा है। पेश है चंद लोगों की प्रतिक्रिया।



पेश किए गए बजट से केंद्रीय कर्मचारियो और बुजुर्ग नागरिकों, किसान, आम आदमी और युवाओं को घोर निराशा हुई है। इस बजट में न तो आठवें वेतन आयोग के गठन का आश्वासन मिला, न ही करोना काल के दौरान 18 माह के रोके गए डीए को लेकर घोषणा की गई। आयकर में दी गई छूट महंगाई के दौर मे दिखावा भर है।

–विवेक मिश्रा, सहायक महामंत्री एनई रेलवे मेंस कांग्रेस



केंद्र सरकार की ओर से पेश किया गया बजट आम जनता को निराश करने वाला है। किसानो के लिए इस बजट में कोई ऐसी व्यवस्था नही की गई, जिससे उसकी आय में वृद्धि हो सके नौजवानों को रोजगार देने के लिए कोई व्यवस्था नही की गई। इस टैक्स में अपने सहयोगी को खुश करने के लिय बजट में उनके प्रदेश को विशेष पैकेज दिया गया है।– नवाब सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सपा



एमएसएमई (मुद्रा ऋण योजना) 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख होने से लघु उद्योगों को और गति मिलेगी और नए रोजगार के अवसर मिलने की पूरी उम्मीद है। हम सभी व्यापारी वर्ग उन्नतशील बजट का स्वागत करते है। केंद्र की ओर से पेश किए इस बजट से हर बर्ग की लोगों को एवं उद्यमियों को राहत मिलेगी, यह बजट दूरगामी बजट है।

राज शर्मा, जिलाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल



निराश करने वाला बजट है, सिर्फ सपने दिखाने वाला बजट, गरीब और बेरोजगारों के लिए इस बजट में कुछ खास नहीं है, महंगाई की मार झेल रहे लोगो के लिए कुछ भी राहत नहीं है। बेशक टैक्स स्लैब में बदलाव करके लोगों को राहत देने का प्रयास किया गया है लेकिन महंगाई के दौर में यह ऊंट के मुंह में जीरा भर है।

–डा. सुनील दिवाकर



पेश किए बजट में आम जनता के लिए कुछ खास नहीं है। आम जनता के लिए केवल हसीन सपने जैसा है जबकि हकीकत कुछ और है। बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ नहीं है। युवा अपने को ठगा महसूस कर रहा है। राहत की बात बस टैक्स स्लैब में बदलाव भर ही है।

राजेंद्र यादव, एडवोकेट

## रुपये मांगने पर की महिला से अभद्रता

**छिबरामऊ।** गिरवी रखे जेवरात उठाने के लिए महिला ने गांव के ही एक युवक को पांच हजार रुपये दिये। युवक ने रुपये वापस किए न ही जेवरात लौटाए। महिला के रुपये मांगने पर अभद्रता की।



जानकारी देती महिला।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी रेनू शर्मा ने बताया कि दो जून को गांव के ही एक युवक को पांच हजार रुपये देकर एक दुकान से गिरवी रखे जेवरात लाने को कहा था। कई दिन बाद भी युवक ने ना तो पैसे वापस दिए और ना ही गिरवी रखा सामान लेकर आया। सोमवार को युवक से फिर पूछा तो उसने गाली गलौज की। पीड़ित महिला ने शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।


**श्रीमती राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**
रामकृष्ण नगर, गुरसहायगंज (कन्नौज)

**आवश्यकता है**

संस्कृत संवर्धन योजनान्तर्गत नवीन संस्थानों में अध्यापकों के व्यवस्थापन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा रू0 20000/– प्रतिमाह मानदेय पर स्वीकृत। श्रीमती राधा देवी आदर्श संस्कृत उ0मा0 विद्यालय रामकृष्ण नगर, तिर्वा रोड, गुरसहायगंज, जनपद– कन्नौज में 01 पद संस्कृत विषय, शैक्षिक योग्यता संस्कृत विषय से परास्नातक, आचार्य– 01 पद आधुनिक विषय शैक्षिक योग्यता प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, अनुभव व डिप्लोमा को वरीयता दी जायेगी, उक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 10.08.2024 तक रजिस्टर्ड डाक अथवा विद्यालय कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना पृथक से दी जायेगी।

प्रबन्धक
श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उ0मा0वि0
रामकृष्ण नगर, निर्वा रोड, गुरसहायगंज, कन्नौज (उ0प्र0)
मो0: 7652096300

# दुष्कर्म के बाद धमकी से परेशान किशोरी ने दी जान

## पड़ोसी गांव के दो दबंग युवकों पर दर्ज है अपहरण की रिपोर्ट

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** पड़ोसी गांव के दबंग युवकों के दुष्कर्म करने और फिर मुकदमे में समझौते का दबाव बनाए जाने से परेशान दलित किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बाइक सवार दबंग 11 जुलाई को सुबह बाइक से उसका अपहरण कर ले गए थे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पांच दिन बाद नोएडा से किशोरी को बरामद किया था।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय दलित किशोरी जो हाईस्कूल की छात्रा थी 11 जुलाई की सुबह घर से करीब पांच बजे शौच के लिए निकली थी। पड़ोसी गांव हजरतपुर निवासी बाइक सवार पुनीत उर्फ पुन्नी पुत्र राजवीर सिंह व भोला पुत्र ओमकार सिंह पहुंचे और उसका अपहरण कर ले गए। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन सुराग नहीं लगा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पांच दिन बाद उसे नोएडा से बरामद कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर 18 जुलाई को पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। मंगलवार दोपहर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों का कहना है कि आरोपी पुनीत व भोला मृतका की बहन के फोन पर बात कर मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे थे और समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इससे परेशान किशोरी ने मौत को गले लगा लिया।

घटना के बाद गांव में भारी तादाद में फोर्स तैनात है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि किशोरी के घर से जाने के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बरामदगी के बाद कोर्ट में दिए बयान में किशोरी ने आरोपियों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। प्रकरण में किशोरी का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट तथा परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के विरुद्ध दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवती से गालीगलौज व मारपीट करने के बाद दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया है। ग्राम निवासी युवती ने बताया कि फर्रुखाबाद के थाना मऊदरवाजा बैजू नगला निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र बेचेलाल ने 25 मई को गालीगलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद उसे रामाश्रम के थोड़े पीछे जीटी रोड सम्पर्क मार्ग पर स्थित पुलिया में जबरन गिरा लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 100 हेक्टेयर का लक्ष्य, निःशुल्क मिल रहा प्याज का बीज

**कन्नौज।** जिले में खरीफ सीजन के लिए करीब 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए किसानों को निशुल्क प्याज का बीज वितरण शुरू हो गया है। प्रति किसान को अधिकतम एक हेक्टेयर के लिए आठ से 10 किलोग्राम तक बीज दिया जा रहा है। उद्यान विभाग के पास पांच क्विंटल बीज आया है। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने बताया कि प्याज का बीज लेने के लिए किसान पंजीकरण करा सकते हैं। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में नासिक महाराष्ट्र का बीज वितरण हो रहा है। चटक लाल किस्म का बीज है। जिला उद्यान अधिकारी का कहना है कि किसान आधार कार्ड, बैंक खाता व खतौनी देकर पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन के प्याज में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। खेत में पौध तैयार होने के दौरान जलभराव नहीं होना चाहिए। अगर पानी भरता है तो उसकी निकासी की जगह कर दें। इससे नुकसान नहीं होगा। बताया गया है कि अब तक करीब 80 किलोग्राम बीज वितरण हो चुका है।

# बाढ़ से निपटने के लिए बांटी गईं जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन में संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम व अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि भूसा, चारा के लिए अभी से सभी व्यवस्थाएं कर लें जिससे 24 घंटे में उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य टीम निर्धारित कर लें जिससे उन्हें ग्रामवार भेजा जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए की बाढ़ के दौरान आवागमन के रास्तों को बेहतर रखा जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बाढ़ प्रभावित ग्रामों के विद्यालय से संबंधित अध्यापकों आदि के मोबाइल नंबर के साथ-साथ पीड़ितों के प्रवास की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन/पानी की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने विद्युत आपूर्ति के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत को आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान की जाने वाली व्यवस्था के संबंध में विसमीक्षा बैठक करते रहें जिससे समय पर कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि नाव/नाविक तथा गोताखोरों के मोबाइल नंबर आदि की सूची बनाकर रखें जिससे बाढ़ की स्थिति में उनकी सेवा ली जा सके। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि संबंधित बाढ़ प्रभावित ग्रामों में बाढ़ राहत चौपाल होना अवशेष हैं वहां दो दिन के अंदर बाढ़ राहत चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद कर आश्वस्त करें कि बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन आपकी हर संभव मदद के लिए तैयार है परन्तु आप भी सतर्कता के साथ पानी के बढ़ने पर नजर बनाए रखें।

### निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं

**औरैया।** मुख्य विकास अधिकारी आरएस गौतम ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय नोडल अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को तेजी से गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी के द्वारा अनावश्यक विलम्ब / शिथिलता बरती जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीएमओ डॉ. सुनील कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक। अमृत विचार

### एक वृक्ष मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण

**ककोर।** दिबियापुर के राम श्याम अकेडमी इंग्लिश स्कूल में एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया गया। इसके तहत सभी बच्चों को एक-एक पौधा देकर यह शपथ दिलाई गई कि जिस प्रकार आप अपने माता-पिता का ख्याल रखते हैं। उसी प्रकार दिए गए पौधों का तब तक ख्याल रखें जब तक वे वृक्ष न बन जाएं। प्रधानाचार्य शिवोहम यादव ने बच्चों को समझाया कि एक पौधा बड़ा होकर जब वृक्ष बनता है तो वो कई लोगो को लाभ पहुंचाता है। प्रबंधक श्याम बाबू यादव ने बच्चों के साथ साथ सभी अध्यापक गणो को भी पौधा देकर उस पौधे की रक्षा सुरक्षा करने की शपथ दिलाई। वीआरसी के प्रभारी अल्केश पाल, अध्यापक विवेक सैनी व अन्य मौजूद रहे।

### नगर में जगह-जगह चला पौधरोपण अभियान

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा मंगलवार को कानपुर रोड पर स्थित सिद्धि लॉज के पीछे मोहल्ला भीकमपुर, औरैया में पौधारोपण किया गया। मोहल्ले के लोगों ने बच्चों के नाम से बेलपत्र, पकड़िया, चितवन आदि के पौधे रोपे। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता, पंकज गहोई, दिनेश शिवहरे आदि मौजूद रहे।



पौधारोपण करते मोहल्लावासी। अमृत विचार

### सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण किए गए

**बिधूना, औरैया।** मंगलवार को क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार मे आयोजित शिविर में दिव्यांग जनों को कृतिम सहायक उपकरण वितरण किए जाने हेतु पंजीकरण किये गए। इस अवसर पर 20 लाभार्थियों के ट्रासाइकिल हेतु पंजीकरण किये गए। इस अवसर पर डॉ मनीष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना, सौरभ कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, विपेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, जितेंद्र कुमार (कार्यालय जिला दिव्यांगजन विभाग औरैया आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर सुखलाल, अनिकेत कुमार, सोनू राजपूत, इंदल कुमार, विनोद कुमार आदि दिव्यांग जनों ने पंजीकरण कराया। आयोजकों ने बताया कि 24 जुलाई को ऐरवाकटरा क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर शिविर आयोजित कर दिव्यांग जनों का सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किया जायेगा।

# प्रधान के 30 व बीडीसी के तीन पदों पर मतदान संभव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी), प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य (वीडीसी) के कुल 30 पदों में से प्रधान व बीडीसी के तीन पदों पर ही चुनाव हो सकता है। वीडीसी के तीन पद फिर भी रिक्त रह गए हैं। आज नामांकन पत्र वापसी का दिन है। उसी के बाद निर्विरोध निर्वाचन का औपचारिक ऐलान होगा। मंगलवार को सभी प्रत्याशियों के पर्चे जांच में वैध पाए गए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के करीमपुर व जलालाबाद की परसपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद पर एक-एक ही नामांकन हुआ है। जांच में दोनों प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए हैं। तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र के तालग्राम देहात में 16 प्रत्याशी और जलालाबाद के रुदौली में छह उम्मीदवार प्रधान का चुनाव लड़ रहे हैं।

बीडीसी में ब्लॉक हसेरन के उद्दैतपुर वार्ड 54 में दो प्रत्याशी होने से मतदान होना तय माना जा रहा है। छिबरामऊ के कूदेपुर व नंदलालपुर वार्ड 34, जलालाबाद के अनौगी द्वितीय वार्ड 32 व तालग्राम के रसूलपुर लाड़पुर वार्ड 34 में एक-एक नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। इसी तरह 22 ग्राम पंचायत सदस्य पद पर तीन वार्ड फिर से रिक्त रह गए हैं। यहां कोई भी नामांकन नहीं हुआ है। 19 वार्डों में एक-एक ही नामांकन हुए हैं।

### यह है आगे की प्रक्रिया का कार्यक्रम


ब्लॉक मुख्यालयों पर आज यानि 24 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक पर्चा वापसी का दिन है। दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित होंगे। मतदान छह अगस्त को सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा। आठ अगस्त को मतगणना कराई जाएगी।

# पति-पत्नी में हुआ विवाद, दोनों हाइटेंशन लाइन के पोल पर चढ़े

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के परान का डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में पत्नी से झगड़ पति हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ़ गया। पत्नी भी उसे नीचे उतारने के लिए मान मनौवल करती हुई बिजली की पोल पर चढ़कर बैठ गई। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी दोनों नीचे नहीं उतरे।

थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैयन गांव निवासी पप्पू निषाद की शादी साल भर पहले परान का डेरा गांव निवासी बुधराज की बेटी केसिया के साथ हुई थी। अभी हाल ही में करीब 15 दिन पहले केसिया अपने माईके परान का डेरा आई हुई थी। दो-तीन पहले बुधराज अपनी पत्नी को लेने परान का डेरा आया हुआ था। जहां मंगलवार की दोपहर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। कुछ देर बाद मामला और बिगड़ गया जिसके बाद पप्पू गुस्से में आकर घर से बाहर चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी केसिया भी उसका पीछा करते हुए पहुंच गई। इटरौरा गांव के समीप पहुंचते ही पप्पू निषाद हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ़कर इंसुलेटर में बैठ गया। पत्नी उसे नीचे उतरने के लिए मान मनौवल करती रही। लेकिन वह नीचे नहीं उतरा जिसके बाद पत्नी भी हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ कर बैठ गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घंटों दोनों के उतारने का प्रयास किया। लेकिन दोनों बिजली के पोल से नीचे नहीं उतरे। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को लगी तो मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक दंपति को नीचे उतारने का प्रयास चलता रहा।



पोल पर खतरनाक जगह पहुंचे पति-पत्नी (लाल घेरे में)। अमृत विचार

# धान, मक्का, बाजारा व तिल के लिए किसान कराएं बीमा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 31 जुलाई तक खरीफ फसलों के लिए होंगे बीमा
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए बैठक हुई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बैठक की। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन की फसलों के लिए 31 जुलाई तक बीमा होंगे। किसान धान, मक्का, बाजरा व तिल के लिए बीमा करा सकते हैं।

बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक मयंक शर्मा ने बताया कि प्रति हेक्टेयर क्षेत्रफल के हिसाब से प्रीमियम तय हुआ है। एक हेक्टेयर धान की फसल का बीमा कराने के लिए 1968 रुपये किसान को जमा करना होगा। इससे 98,400 रुपये कवर होगा। मक्का फसल के लिए किसान को 1352 रुपये बीमा के लिए देने होंगे, फसल नुकसान होने पर किसान को 67,600 रुपये का लाभ मिलेगा। बाजरा की फसल के लिए 874 रुपये प्रीमियम में 43,700 रुपये और एक हेक्टेयर तिल फसल के लिए 544 रुपये जमा करने के सापेक्ष 27,200 रुपये मिलेगा। डीएम ने कहा कि किसानों को फसल बीमा कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएं। किसान संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, भारत सरकार के पीएमएफबीवाई पोर्टल, क्रियान्वयक अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ कार्यालय से बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2023 में कुल 24,106 किसानों ने बीमा कराया और 20,400 कृषकों को बीमा क्लेम दिया गया। बैठक में कृषि उप निदेशक, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक एचडीएफसी एर्गो कमल तिवारी मौजूद रहे।

### ये लगेंगे दस्तावेज

फसल बीमा कराने के लिए किसानों आधार कार्ड, बैंक खाता संबंधी प्रपत्र, भूमि स्वामित्व प्रपत्र, बटाई व फसल बोआई का प्रमाण पत्र (स्वसत्यापित) और मोबाइल नंबर अवश्यक देंगे। दूसरी ओर फसल नुकसान होने पर किसान टोल फ्री नंबर 14447, संबंधित बैंक शाखा, कृषि/उद्यान विभाग कार्यालय, क्राप इंश्योरेंस ऐप में सूचना दे सकते हैं। प्राकृतिक आपदा पर किसान को मुआवजा मिलता है।

## विद्युत समस्याओं पर 31 को कैंप

**कायमगंज।** जिलाधिकारी डा. वीके सिंह के आदेश पर विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए 31 जुलाई को विद्युत उपकेंद्र कायमगंज, नवाबगंज, 7 अगस्त को विद्युत उपकेंद्र कंपिल व शमसाबाद, 14 अगस्त को विद्युत उपकेंद्र कायमगंज व नवाबगंज, 21 अगस्त को विद्युत उपकेंद्र कंपिल व शमसाबाद, 28 अगस्त को विद्युत उपकेंद्र कायमगंज व नवाबगंज में कैंप का आयोजन किया जाएगा। एक्सईएन संजीव कुमार ने बताया कैंप में विद्युत बिल संशोधन, नए संयोजन, भार वृद्धि, विधा परिवर्तन की समस्याओं का निस्तारण होगा।

## वर्ग पहेली-140

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक होने की अवस्था या भाव, अविरोध 2. मिलकर एक होना, समूहबद्धता, संगठन, (यूनिटी) 3. उद्देश्य
3. माल-विभाग का वह कर्मचारी जो ज़मीन की पैमाइश और बंटवारे आदि का प्रबंध करता है।
4. 1. केवल एक अंगवाला 2. विकलांग।
6. 1. सूखा फल, फल 2. किशमिश
7. 1. जो फुसलाने या उकसाने का काम करता हो 2. छलपूर्ण, भरमाने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. छोटी इकाई, किसी बड़े संस्थान का एक विभाग।
2. 1. हिजड़ा, नपुंसक 2. वह व्यक्ति जिनमें शारीरिक अक्षमता के कारण बच्चे उत्पन्न करने की शक्ति न हो 3. वह व्यक्ति जिसका हाव-भाव
3. 1. बेमेल होना 2. अनौचित्य 3. अर्थालंकार का एक भेद
4. पृथ्वी के किसी देश-महादेश या स्थान विशेष के नक्शे की पुस्तक, मानचित्रावली।
5. पांव की चमड़ी का फटना, बेवाई, पैर की एड़ियों में दरारें पड़ना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | ■ | 6 | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली-139 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मि | से | ज़ | ■ | ■ | 2 भृ |
| ल | ■ | ■ | 3 झ | ■ | गु |
| नी | ■ | 4 सु | प | ठ | ■ |
| ■ | 5 शिं | ■ | टा | ■ | ■ |
| ■ | 6 शि | व | ना | 7 मी | ■ |
| ■ | या | ■ | ■ | टिं | ■ |
| ■ | ■ | 8 मं | जु | ग | ति |

## सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | 9 |
| | 4 | | 1 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | 4 | | | | |
| 9 | 8 | | | | | | 2 | 3 |
| | | | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | |

### सुडोकू-52 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 07.30 तक तत्पश्चात चतुर्थी 25 जुलाई 04.39 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष:** आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**वृष:** आज अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग उच्च पद पर आसीन हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लेना अत्यंत हितकारी होगा।

**मिथुन:** आज आप प्रकृति के बीच समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें। लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है।

**कर्क:** आज मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है। उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।

**सिंह:** आज जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के बढ़ियां अवसर मिलेंगे। अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला:** आज नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। धार्मिक स्थल की यात्रा का विचार बनाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। पिता का मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। जॉब की स्थितियां आपके लिए काफी प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। आप घर पर आराम की और फिल्मों का आनंद उठाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कुंभ:** आज जोखिम भरे कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। व्यवसायियों को अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आप अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने ला पाएंगे। महत्वपूर्ण मीटिंग का हिस्सा बन सकते हैं।

**मीन:** आज कर्मचारियों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर रखें। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें। किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। तनाव का असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
भीष्मा — सुबह : 11.14
प्रेम — रात : 07.00

**Sony Pix**
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 10.25
घोस्ट राइडर — रात : 09.00

**&pictures**
बादल — सुबह : 11.02
फोरेंसिक — रात : 08.00

**Zee Cinema**
वलाटी — दोपहर : 12.18
फुकरे 3 — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
मुंबईकर — सुबह : 11.08
इंस्पेक्टर विजय — शाम : 05.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोस की भाभी को देखने के लिए गप्पू पेड़ पर चढ़ गया।
तभी आंटी ने गप्पू को देख लिया
आंटी-बेटा पेड़ पर क्या कर रहो हो ?
गप्पू-बिजली देखने का इरादा है पर नागिन दिख गई।
फिर क्या पेड़ से उतरने पर गप्पू की जमकर कुटाई हुई।

इंटरव्यू में बॉस ने पूछा- क्या आपको ब्रिटिश भाषा आती है?
लड़का- हां
बॉस- कुछ बोल के दिखाओ
लड़का- डूगना लागान डेना पड़ेगा बुवन।
बॉस- बॉस बेहोश...

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित:॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# समावेशी बजट

मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पूर्ण बजट पेश हुआ। बजट में सरकार की ओर से सभी वर्गों को लुभाने की कोशिश की गई। बजट में युवा, किसान, उद्यमी, महिलाओं व नौकरी पेशा लोगों का ध्यान रखा गया है। साथ ही व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। नौकरी पेशा लोगों को पहले की तरह ही 3 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 लाख से 7 लाख की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देने का प्रावधान रखा गया है। पहले यह छूट 3 लाख से 6 लाख की आय पर थी। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के लिए लोन गारंटी योजना का प्रावधान किया है,जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। संकट से गुजर रहे एमएसएमई की कर्ज जरूरत सरकार समर्थित कोष से पूरी की जाएगी। साथ ही सरकार एमएसएमई खरीदारों के लिए टीआरईडीएस मंच पर अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करेगी। सरकार के इस प्रावधान से निश्चित ही एमएसएमई क्षेत्र के उद्योग को बढ़ाने करने में मदद मिलेगी।

बजट में स्टार्टअप्स इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एंजल टैक्स हटाने का प्रावधान किया गया है। एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उनके लिए अधिक अनुकूल माहौल बनेगा। एंजेल टैक्स को देश में साल 2012 में लागू किया गया था। तब से इसको हटाने की मांग की जा रही थी। यह टैक्स उन अनलिस्टेड बिजनेस पर लागू होता था, जो एंजेल निवेशकों से फंडिंग हासिल करते थे। बजट में इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। ग्रामीण विकास को ध्यान रखते हुए बजट में ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार के हर व्यक्ति को छत देने के इरादे की झलक भी बजट में दिखी। बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही बजट में छात्रों के लिए शिक्षा ऋण व रोजगार शुरू करने के लिए सरल ऋण प्रक्रिया अपनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना कि चाहिए बजट के द्वारा सरकार ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापक वित्तीय रोडमैप



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2024 का भारतीय बजट एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत के लिए बनाया गया एक व्यापक वित्तीय रोडमैप है। यह बजट आत्मनिर्भर रक्षा, आत्मनिर्भर कृषि, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) विकास, निर्यात वृद्धि, ग्रामीण उपभोग वृद्धि, युवा रोजगार क्षमता और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर देता है।

आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं को बढ़ानाः रक्षा बजट आवंटन में वृद्धि 2024 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह आवंटन भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बजट रक्षा क्षेत्र के भीतर 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करता है, जिसका लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू रक्षा निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन, कर छूट और सब्सिडी प्रदान करना। बजट नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने, रक्षा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित करता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसे संगठनों के लिए धन में वृद्धि। रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनियों के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन प्रदान करना।

एमएसएमई विकासः बजट में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच में सुधार के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं, ऋणदाताओं के लिए जोखिम को कम करने और एमएसएमई के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजनाओं को बढ़ाना। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एमएसएमई को उनकी पूंजी की लागत कम करने और उनके विकास और विस्तार का समर्थन करने के लिए सब्सिडी वाले ऋण प्रदान करना। एमएसएमई को नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने में मदद करने के लिए बजट में 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। डिजिटल परिवर्तनः ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने सहित एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम। बजट में एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उपाय पेश किए गए हैं, जिनमें निर्यात-संबंधी लागत को कम करने और अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एमएसएमई को सब्सिडी प्रदान करना।

मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है।

निर्यात वृद्धि : बजट में व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बंदरगाहों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए उनका आधुनिकीकरण करना, टर्नअराउंड समय को कम करना और व्यापार रसद में सुधार करना। माल की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और लॉजिस्टिक बाधाओं को कम करने के लिए सड़क, रेलवे और हवाई अड्डों सहित परिवहन नेटवर्क का विकास करना। निर्यात वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क वापस करने के लिए शुल्क वापसी योजनाओं को बढ़ाना। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बजट में 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एमएसएमई और अन्य निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता करना, उनकी विश्वसनीयता और विपणन क्षमता को बढ़ाना। ग्रामीण उपभोग विकास : बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं किसानों के लिए उत्पादन लागत कम करने के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करना। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आरआईडीएफ को 40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कनेक्टिविटी और बाजारों तक पहुंच में सुधार के लिए ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन है। कृषि के लिए विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और फसल की पैदावार में सुधार करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को वित्त पोषित करना।

बजट में मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है। युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए, बजट में कौशल भारत मिशन के विस्तार पर जोर दिया गया है, स्टार्टअप्स को विकास के शुरुआती चरणों में मदद करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग बढ़ाना। उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को संसाधन, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने के लिए और अधिक इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करना।

महिला सशक्तिकरणः बजट में महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला उद्यमियों के लिए ऋण तक आसान पहुंच को शामिल किया गया। बजट में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करना। बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है। बजट में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई पहलों के लिए 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं के लिए हेल्पलाइन और सहायता केंद्र स्थापित करना, उन्हें तत्काल सहायता और सहायता प्रदान करना।

कृषि क्षेत्रः कृषि सब्सिडी के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। किसानों पर लागत का बोझ कम करने और फसल उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक सब्सिडी का आवंटन बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कीट-संबंधी मुद्दों के समाधान और फसल की पैदावार की सुरक्षा के लिए कीटनाशक सब्सिडी के लिए धन बढ़ाया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए बजट में एमएसपी तंत्र को मजबूत करने के उपायों की रूपरेखा दी गई है। किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गेहूं, चावल और दालों जैसी प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

बजट में एक गारंटी योजना शुरू करने का प्रस्ताव है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार की कीमतें गारंटी स्तर से नीचे आने पर भी किसानों को एमएसपी मिले। फसल की किस्मों, कीट नियंत्रण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में अनुसंधान का समर्थन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसे संस्थानों के लिए धन में वृद्धि। बदलते मौसम के मिजाज के अनुकूल होने और स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए जलवायु-लचीला फसल किस्मों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फंडिंग को नई नहरों, जलाशयों और पाइप लाइनों के निर्माण सहित सिंचाई कवरेज का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 40,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच में सुधार करने के लिए कृषि बाजारों और भंडारण सुविधाओं का विकास। कहा जा सकता है कि बजट से सभी वर्गों को लाभ होगा।

## प्रसंगवश

# बजट से बैसाखियों की मजबूती

वर्ष का पूर्ण आम बजट आ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो नारे याद आ गए। पहलाः "सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास"। दूसराः"न खाएंगे न खाने देंगे"। ये नारे हमें अकारण नहीं याद आए हैं।

बजट देखकर प्रतिक्रिया स्वरूप ये स्मरण हो आए। बताते चलें कि वर्तमान में केन्द्र में पदस्थ मोदी सरकार का अपने दल का बहुमत नहीं है। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नाइडू की तेलगू देशम पार्टी की बैसाखियों पर टिकी है। बजट में इन राज्यों को दिल खोलकर वित्तीय पैकेज दिए गए। बिहार को 26 हजार करोड़ तो अकेले सड़क निर्माण हेतु ही दिए। कुछ और भी। कुल मिलाकर 58900 करोड़ की सौगात दी गई। नाइडू को विभिन्न मदों में पचास हजार करोड़ की मदद का ऐलान हुआ है। अब सवाल यह है कि कहीं तो मणिपुर जैसा राज्य है, जहां हिंसा और अभद्रता का तांडव चल रहा है और पीएम ने कोई सुधि नहीं ली। वहां झांकने तक नहीं गए और जिन राज्यों के मुखिया मोदी की सरकार संभाले हैं, उन्हें सब कुछ। क्या देश चलाने का यही सिद्धांत होना चाहिए कि जिससे तात्कालिक स्वार्थ सिद्ध होता हो वही अपना। तब तो नारा यह होना चाहिए, "जो हमारा खास,बस उसका विकास"। अब हम दूसरे नारे पर आते हैं। खाने कमाने से संबंधित। नीतीश का शासन बिहार में लंबे समय से है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों जिस तरह धड़ाधड़ पुल टूटे बहे, उससे नीतीश के सुशासन की कलई खुल गई। केवल कुछ इंजीनियर निलंबित हुए। क्या इन घटिया पुलों के निर्माण में की गई कमाई अकेले इंजीनियर हजम कर सके होंगे? नहीं। हिस्सा ऊपर तक गया होगा, लेकिन फंदा पतली गर्दन में आसानी से पड़ता है। उन्हें तो अल्पांश ही मिलता है। कहावत है "खाए बांदर। मरैं कूकुर"। अब फिर से भारी रकमें मिल रही हैं। कार्यों की जैसी गुणवत्ता होगी,आगे चलकर मालूम हो जाएगा। हां प्रसन्न नीतीश मोदी सरकार के बैसाखी लगाए रहेंगे। रही चन्द्रबाबू नाइडू की बात, तो वे तो घोटालों में जेल में रह चुके हैं। जो भी हो बजट से मोदी ने अपनी बैसाखियां मजबूत कर लीं।

# आस्था और सामाजिक सद्भाव



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

देश व हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में है।

प्रसिद्ध सावन मास आरंभ हो चुका है। इसके साथ शुरू हो चुकी है, शिव भक्तों की कठिन कांवड़ यात्र,जिसमें कई दिनों की हजारों लोग पैदल यात्रा कर हरिद्वार या अन्य गंगा घाटों से गंगाजल लाकर महादेव का अभिषेक करने की परंपरा है। यूपी सरकार के आदेश के बाद कि कांवड़ियों के मार्ग में जितनी भी दुकाने, ठेले और होटल इत्यादि हैं उनमें कारोबारी का नाम व पहचान अंकित करना आवश्यक है, राजनीतिक हलचलों के साथ सोशल मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव की भांति आदेश के समर्थन व विरोध में लामबंदी भी शुरू हो गई है। यूपी सरकार के पश्चात उत्तराखंड सरकार ने भी इसी प्रकार का आदेश जारी कर दिया था।

हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अंतरिम रोक लगा दी है। आदेश के पक्ष में सरकार व प्रशासन के अपने तर्क हो सकते हैं,परंतु आदेश के पश्चात जो सब्जियों पर थूकने, खाद्य सामग्री पर मूत्र विसर्जन के वीडियो व संदेश वायरल हो रहे हैं,वे दोनों ही समुदायों में पारस्परिक नफरत और अविश्वास का बीज बोने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही गंगा जमुना तहजीब को भी ध्वस्त करने में धीमे जहर का कार्य कर रही है। हम सभी जानते हैं सोशल मीडिया के इस दौर में सच और झूठ का प्रोपेगेंडा विभिन्न समूहों द्वारा निहित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। सरकार व प्रशासन को चाहिए कि ऐसे वीडियो और संदेशों की सत्यता की जांच करवाए और दोषी व्यक्ति चाहे किसी भी समुदाय के हों,उन्हें उचित दंड दिया जाए,क्योंकि मुट्ठी भर लोगों के उन्माद की कीमत सांप्रदायिक सौहार्द नहीं हो सकती। साथ ही खान-पान की शुचिता व पवित्रता हिंदुओं के साथ साथ मुसलमानों के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। खान-पान की रोजमर्रा की वस्तुओं के उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रिया में विभिन्न रसायनों के रूप में धीमे जहर का पहले से ही प्रयोग हो रहा है,जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आ रहे हैं। अब उन्हें इस प्रकार नफरत रूपी जहर से विकृत करना शारीरिक व मानसिक रूप से तकलीफदेह तो है ही,सामाजिक समरसता पर भी आघात करने वाला घृणित कार्य है। इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ दोनों समुदायों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में हैं। यदि इसी प्रकार नफरती जहर फैलता रहा तो शायद अपनी-अपनी जाति और धर्म की प्रधानता पर आधारित आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की और पलायन करना होगा। रही बात कांवड़ यात्रा की तो यह गहन आस्था और आत्मिक संयम का प्रतीक है। इसमें खान-पान के साथ जीवनशैली में शुद्धता तथा पवित्रता का ध्यान कांवड़िया ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार रखता है। आप आस्था को चाहे अंधविश्वास का नाम दें, लेकिन यह यात्रा सनातनी परंपरा का अहम हिस्सा है। इस यात्रा के दौरान संभव है कि हिंदुओं के होटलों के जिन बर्तनों में एक समय लहसुन प्याज का भोजन बनाया जाता है, थोड़ी देर पश्चात उन्हीं बर्तनों में शाकाहार के नाम पर कांवड़ियों का भी भोजन बनाया जाए। उपवास के दिनों में ऐसे भोजन के मामले में मैं स्वयं मुक्तभोगी हूं,जहां होटल के सामने बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है व्रत का खाना,लेकिन कहीं न कहीं प्याज का उपयोग पहले से खाना पकाने के लिए हुआ होता है। अतः आवश्यक है इस यात्रा मार्ग में अधिक से अधिक शिविर लगाया जाएं।

यद्यपि ऐसे शिविर हमेशा से लगाए जाते हैं,जहां खान-पान की पूरी सुविधा और शुचिता के साथ कांवड़ियों के स्वास्थ्य और आराम की भी सुविधा का ध्यान रखा जाता है। अब ऐसे शिविर कम से कम दूरी में लगाने चाहिए, जिससे कांवड़ियों को भोजनालय या अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ज्यादा सोचना और भटकना न पड़े। आम लोगों को भी तन मन धन से सेवा का अवसर मिले। जब गुरुद्वारे में सिख लोग रोज लंगर लगा सकते हैं तो उचित दूरी पर शिविर भी अधिकाधिक मात्रा में लगाए जा सकते हैं,क्योंकि कई बार जबरन नियमों को थोप कर सामाजिक अविश्वास उत्पन्न करने से बेहतर है, मध्यम मार्ग निकालना,जिससे न भावनाएं भड़के,न विश्वास आहत हो और सात्विकता के साथ सांप्रदायिक सौहार्द भी बरकरार रहे। वैसे भी सावन का पवित्र माह सृजन का प्रतीक है न की विध्वंस का।

## सोशल फोरम

# धैर्य और समर्पण का महीना

जब बादल इकट्ठे होकर जमीन को नहलाने लगें। जमीन हरी घास सी तौलिया बांध मंद-मंद मुस्काए। बीज अखुए फोड़कर सलाम करने खड़े हो जाएं। नदियां भर पेट पानी पीकर इतराएं। तालाब शरारती बच्चों की तरह जगह-जगह खिलकर फैले हों। मिट्टी मक्खन बनकर फूली हो। हरी-हरी काई,मखमल की तरह जमीन पर टंकी हो। हवा जब खुद में नमी का वजन लेकर बदन को ताजगी दे जाए। तब जर्रा-जर्रा मुस्कुरा के कहता है,यही तो सावन का स्वाद है। जो दिल सावन में न झूमे, जिसे सावन की नरमी तरावट न दे, जिसमें सावन का भोलापन मासूमियत न भरे, जिसका दिल बड़ा और बराबरी की गवाही न दे,वह भला फुहारों के बीच नाचते सावन को समझा ही कब। सावन तो हर एक को बराबर आनंद देने का उत्सव है।



हफीज किदवई
लेखक

धरती पर मौजूद हर हृदय, जिसमें प्रेम है, उसमें ही तो सावन की आहट होगी। हे सावन मेरे दिल को ढक लो ताकि इसमें मोहब्बत के सिवा कुछ न रह जाए। मेरे दिल को ऐसा कर दे,जो संसार भर का जहर पी तो सके मगर दूसरों पर उगल न सके। मुझे खुद में समाकर मेरा वजूद मिटा दो मेरे सावन। पार्वती जी ने सबसे खूबसूरत महीनों में से एक सावन में तप करके दुनिया का सबसे शक्तिशाली, मासूम और समर्पित प्रेम शिव हासिल किया था, इसलिए मेरे लिए यह माह प्रेम को पाने का महीना है।

यह महीना धैर्य और समर्पण का महीना है। खुद के अंदर से सुई की नोक बराबर भी नफरत को खत्म करने का महीना है और सबसे बड़ी बात पिछले पूरे चक्र में की गई गलतियों के प्रायश्चित का महीना है,जब दिल प्रायश्चित के बाद साफ हो जाए, तब उसमें पहला पांव शिव रखते हैं और जिस हृदय में शिव पांव रख दें,वहां और कुछ रह ही क्यों जाएगा सिवाए शिव शिव के। सावन मंद-मंद मुझे खुद में घोल दे रहा है। अगर सावन गुजरता रहे और इसकी आहटें दिल में मचलती रहें, तब भी किसी हृदय में नफरत रह जाए, तो पृथ्वी पर उससे अभागा भला कौन सा हृदय होगा। यह तो खुद को मिटकर प्रकृति के साथ झूमने का वक्त है। मेरे शिव के पैतियाने बैठकर,हरी चादर ओढ़े भारत भूमि को निहारते रहने कह वक्त है। **-फेसबुक वॉल से**

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास जरूरी



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते,तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है,जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए।

प्रयाग विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र से एमए करने तथा भारतीय संस्कृति का अध्ययन करके धर्म और दर्शन के ज्ञान में कुछ वृद्धि की। तीर्थराज प्रयाग तथा देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक राजधानी काशी में नियुक्ति के समय कुछ विद्वत जनों का स्नेह मिला। पुलिस अधीक्षक पौड़ी की नियुक्ति काल में मैं अधिकतर लक्ष्मण झूला, ऋषिकेश एवं हरिद्वार के बहुत से संत-महात्माओं के प्रवचनों को सुनने तथा उनसे वार्ता कर जिज्ञासा दूर करने का अवसर मिला, यद्यपि उन वार्ताओं में निराशा अधिक मिलती।

वर्ष 2010 में मुरादाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक था। एक दिन प्रातः घर के फोन ड्यूटी ने बताया कि शंकराचार्य जी आवास के फाटक पर खड़े हैं और सुरक्षा न मिलने से रुष्ट हैं। मैंने शंकराचार्य के विषय में पूछा तो वह नहीं बता सका, उनके सहायक ने फोन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी हरिद्वार जा रहे हैं रास्ते के सभी जिलों में उन्हें सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट गाड़ी मिली, लेकिन यहां नहीं मिली जबकि डीजीपी कार्यालय ने वायरलेस से इसका आदेश दे दिया था। मैं तुरंत उनकी सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट लगा दूं और आकर उनसे माफी मांगू। मैं सोकर उठा ही था। मैंने दिखवाया तो पता चला ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। मैंने उनके सहायक को आदेश न मिलने की बात बताकर पूछा कि वह कहां के शंकराचार्य हैं तो वह बोले कि काशी के हैं। मैंने कहा कि देश में कुल चार पीठ ही हैं, जहां शंकराचार्य जी होते हैं, उनमें काशी नहीं है। तब वह मुझे बरगलाना चाहा तो मैंने धमकाया कि फर्जी शंकराचार्य बनने पर जेल भेज दूंगा तब वह गलती मान गए। बात से पता चला सहायक जी मेरे गांव के पड़ोस के रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी थे। उनके आग्रह पर मैंने जनपद की सीमा तक एस्कॉर्ट लगा दी। उन्होंने मुझे बुलाकर शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने को कहा जिसे मैंने विनम्रता से मनाकर दिया।

देश में न जाने कितने स्वयंभू शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, विश्वगुरु, महामंडलेश्वर आदि हिंदुओं को बरगला रहे हैं और शिष्यों को धन का मोह त्याग ने का उपदेश देकर अपनी संपत्ति बढ़ा रहे हैं। आशाराम, राम रहीम तो कुछ ऐसे संत हैं, जिनको न्यायालय ने दंडित किया। देश में बहुत से ऐसे संत हैं जिन पर आरोप नहीं लगे या आरोप दबा दिए गए। बड़े नेताओं, अधिकारियों से संपर्क बढ़ाकर अकूत संपदा के स्वामी होने के बाद भी ऐसे धर्माचार्य जनहित या हिन्दू हित में शिक्षा, अस्पताल, अनाथालय, लंगर आदि चलाने में कोई रुचि नहीं लेते। यही नहीं, हिंदू धर्म में सदियों से व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में भी रुचि नहीं लेते।

सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते, तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है, जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए। देश में बहुत से विद्वान, अनासक्त संत हैं, उन्हें आकर हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने हेतु ठोस प्रयास करना चाहिए।

हिंदू धर्म में प्रतिदिन नए पंथ, संप्रदाय बनते रहे हैं, उनके आचार्यों में शास्त्रार्थ होते रहते थे और पराजित संत जीते हुए का पंथ स्वेच्छा से स्वीकार कर लेता था। आदि शंकराचार्य का मीमांसक मंडन मिश्र से हुए शास्त्रार्थ में मंडन पराजित होकर शंकराचार्य के शिष्य बन गए थे। धर्मांधता हिंदुओं का गुण कभी नहीं रहा। हम समझ लें कि "धुआं भरा हो जिन आंखों में नफरत का,उनसे कोई ख्वाब न देखा जाएगा।" सैकड़ों वर्षों देश पर मुस्लिम और ईसाई के द्वारा राज करने के बाद भी हिंदू धर्म न केवल बचा है, अपितु पल्लवित-पुष्पित हो रहा है। हमारे संत विश्व में हो रहे नव जागरण, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक उन्नति को दृष्टि में रखकर हिंदुओं को जागृत करें, जिससे देश और समाज प्रगति कर सके।

# जरूरतों को सीमित करना आवश्यक

दुनिया में बढ़ रहा है मिनिमलिज्म यानी कम सामानों में बेहतर जिंदगी कैसे जिए,अगर आप अपने जीवन को सरल और सहज बनाने की सोच रहे हैं तो जरूरतों को सीमित करना होगा। यह तनाव कम करने और बचत करने का बेहतर तरीका होगा। इसका अर्थ है जीवन जीने के लिए कम से कम वस्तुएं खरीदना और उनका उपभोग सही तरीके से करना। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण है,जिन्होंने अपना जीवन बहुत साधारण तरीके से जिया बहुत कम कपड़ों में गुजारा किया। अति सूक्ष्मवाद को अपनाया और अपना सारा पैसा दान कर दिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

मिनिमलिज्म की शुरुआत आप अपने विचारों में परिवर्तन कर उपयोग में न आने वाली चीजों को दानकर अलमारी में भरे हुए अनावश्यक कपड़ों, जूतों, चप्पलों आदि को दूसरों को देकर कर सकते हैं। सभी इंसानों को और अधिक की चाह होती है, अधिक कपड़े, नए नए गजेट, ज्यादा घूमना, ज्यादा शॉपिंग, ज्यादा पार्टियां और न जाने क्या क्या, इसके लिए हम ज्यादा कमाना चाहते हैं और ज्यादा खर्च करना भी, लेकिन इससे अगर खुशी मिलती तो ऐसा करने वाले सब खुश दिखाई देते।

रिसर्चगेट की एक स्टडी में बताया गया है कि मिनिमनिज्म एक लोकप्रिय जीवनशैली है। इसे अपना कर लोग अपनी खुशी से कम संपत्ति और सीमित संसाधन के साथ जी सकते हैं। ऐसे लोगों में जागरूकता सहनशीलता व सकारात्मक सोच पैदा होती है और मानसिक शांति मिलती है। मिनिमलिज्म का मंत्र है, 'कम ही ज्यादा' है। मिनिमलिज्म का मतलब है कि आप अपनी जरूरत की चीजें ही खरीदें, बजाय इसके कि आप जो चाहें वो खरीद लें। कोई भी सामान लेने पहले एक बार जरूर सोचे।

# तीमारदार ने की सीएमएस से अभद्रता, सीडीओ से भी भिड़ा

## हरकत से गुस्साए सीडीओ ने सीएमएस को तत्काल एफआईआर कराने के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अगवानी को खड़े अधिकारियों के सामने तीमारदार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सीएमएस से बहस के बाद तीमारदार ने अभद्रता कर दी। सीडीओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया, लेकिन फिर भी तीमारदार शान्त नहीं हुआ। वह सीडीओ से भी अभद्रता करने लगा। नाराज सीडीओ ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने के सीएमएस को आदेश दिए।

पड़ोसी जिला एटा के राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर निवासी चंद्र देव यादव (23 ) एक्सीडेंट में घायल हुआ था। मंगलवार को मामा उपेंद्र यादव ने परिजनों के साथ भांजे को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया।


सीएमएस से भिड़ रहा तीमारदार। अमृत विचार

प्राथमिक उपचार के बाद उसे द्वितीय तल पर बने जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। जहां पर उसका उपचार सही नहीं होने का आरोप लगाकर सीएमएस से शिकायत की गई। लेकिन कोई खास कार्रवाई न होने पर उपेंद्र भांजे की छुट्टी कराकर ले जाने लगे। दोपहर में जिलाधिकारी निरीक्षण करने आने वाले थे। उनकी आगवानी के लिए सीएमएस,सीडीओ, सीएमओ गेट पर पहुंचे। तभी उपेंद्र यादव ने

● इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगा रहा था

सीएमएस से भांजे का सही उपचार न होने, किसी चिकित्सक के न देखने आने आरोप लगाया। इसी दौरान उपेंद्र और सीएमएस की बहस हो गई। मामले पर सीडीओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। वह सीडीओ से वार्ड में चलकर निरीक्षण करने को कहने लगा। तब सीडीओ ने कहा कि आपकी शिकायत को दिखवा लिया जाएगा, लेकिन उपेंद्र ने उनसे भी अभद्रता शुरू कर दी। जिससे नाराज सीडीओ डॉ अरविंद मिश्रा ने तत्काल सीएमएस को एफआईआर कराने के आदेश दिए। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उपेंद्र को मौके से हटा दिया। सीडीओ ने सीएमएस को अराजक तत्वों पर लगाम कसने के निर्देश दिए।

## अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हत्या का आरोप

**कंपिल फर्रुखाबाद ।** गांव बहबलपुर में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जनपद एटा के थाना जसरथपुर के गांव खानपुर निवासी कृपाराम राजपूत लगभग 6 सालों से बहबलपुर निवासी अपने मौसेरे भाई नन्हे के यहां रह रहे थे। कृपाराम की शादी नही हुयी थी।

कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। सोमवार की रात उसकी अचानक हालत बिगड़ गयी। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी कायमगंज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया कि परिजनों की तरफ से तहरीर नही मिली है।

# समस्याओं पर भाकियू ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर की समस्याओं को लेकर भाकियू ने तहसील में प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौपा और समाधान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानू के दर्जनों पदाधिकारी तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होने उपजिलाधिकारी को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओ ने कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नपा के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते है। पटल पर तैनात कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं देता है। नपा में एक कर्मचारी कई साल से एक ही पटल पर तैनात है जबकि सरकारी नियम के अनुसार कोई भी कर्मचारी एक ही पटल पर 3 साल से ज्यादा तैनात नही रह सकता है। नपा की पानी की टंकी की सफाई कई वर्षो से नहीं हुई है। उसकी सफाई कराई जाए। नगर में बंदरो का आतंक है आए दिन हादसे होते रहते है। बंदरो के हमले से कई मौते भी हो चुकी है। बंदरो को पकडवाया जाए। तहसील में तैनात लेखपालों के द्वारा


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता । अमृत विचार

● तहसील में एसडीएम को सौंपा 12 सूत्रीय ज्ञापन, समाधान की उठाई आवाज

प्राइवेट कर्मचारी रखे गए है। जो कि आय, जाति प्रमाण पत्र के नाम पर अवैध वसूली करते है। बिजली व्यवस्था बदहाल है नगरवासियों को 24 घंटे में 12 घंटे भी नहीं मिल पाती है। बिजली आने जाने का कोई समय नही है। ग्राम पंचायत लोधीपुर में 50% फर्जी राशन कार्ड बने हुए हैं। जांच करके अपात्र राशन कार्ड को निरस्त किए जाए। मोहल्ला कुकी खेल में स्ट्रीट लाइट महीनों से नहीं जलती हैं इसको जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। नगर की मैन सड़को के किनारे अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। घंटो जाम लगा रहता है। अतिक्रमण को हटवाया जाए। इस दौरान जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, नगर उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, जिला महासचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, बिंदू सिंह गंगवार, अनुज सक्सेना, महिपाल राजपूत, रक्षपाल रहे।

## एक नजर

### युवती को लगा करंट

**कायमगंज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अमरापुर निवासी अशोक कुमार की 18 वर्षीय पुत्री रिंकी को घर में काम करते समय करंट लग गया। चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

### दो ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव कैमापुर निवासी अनूप कुमार, गांव रजपालपुर निवासी आदर्श ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टिया होने पर परिजनों को जानकारी हुई। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां प्राथमिक इलाज के बाद आदर्श को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दो लोगों को सांप ने काटा अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर निवासी पुष्पा देवी, गांव सोतेपुर निवासी रामपाल को जहरीले सांप ने काट लिया। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां रामपाल को गंभीर हालत में लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

# एडीजी ने आईजी संग पांचाल घाट देखा, बेरीकेडिंग बढ़ाने के आदेश

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कावड़ यात्रा को बेहतर व्यवस्था रहे इसको लेकर शासन गंभीर है। पांचाल घाट गंगा तट पर कई जनपदों से कावड़ भरने के लिए कावड़िये आते है। उनकी सुरक्षा और अन्य इंतजामों का जायजा लेने के लिए एडीजी जोन कानपुर और आईजी जोन कानपुर फर्रुखाबाद पहुंचे। पांचाल घाट पहुंचे पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उत्तरी घाट पर बैरिकेटिंग को और अधिक बढ़वाने के आदेश दिए। एडीजी ने बताया की कावड़ यात्रा को लेकर पुख्ता इंतजाम है, जल पुलिस फ्लड पाक और स्थानीय गोताखोरों को भी किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए लगाया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से पुल पर चलती रहे इसको लेकर भी अलग से तैयारी की गई है।

एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, आईजी जोन कानपुर के साथ मंगलवार शाम को फर्रुखाबाद के


गंगा तट का निरीक्षण करते एडीजी। अमृत विचार


उत्तरी घाट पर बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकी । अमृत विचार

● एडीजी बोले कावड़ यात्रा को लेकर किए गए पुख्ता इंतजाम

दौरे पर पहुंचे। जिसके बाद एसपी, एडीएम सहित अन्य अधिकारियों के साथ पांचाल घाट पहुंच निरीक्षण किया। दक्षिणी घाट पर लगी बेरीकेटिंग और वॉच टावर को दिखा। वहां पर पानी गहरा है के बोर्ड बैनर लगे होने पर संतोष जताया। उत्तरी घाट पहुंच अधिकारियों के साथ वार्ता कर जानकारी ली।

### उत्तरी घाट पर बनाई अस्थाई पुलिस चौकी

पांचाल घाट पर उत्तरी तट पर कावड़ियों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए सुरक्षा और कानून व्यवस्था ठीक रहे,इसके लिए एक उत्तरी तट पर अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है। जिस पर कावड़ियों, श्रद्धालुओ की सहायता हेतु निरन्तर पुलिस कर्मी तैनात किए गए है।

स्थानीय गोताखोरों से सबसे अधिक हादसे वाले स्थान के बारे में पूछा। बताया गया कि जहां पर पैंटून पुल बनता है वहीं पर बाढ़ का पानी आ जाने से गहराई समय लगभग 40 फिट है। एसपी को वेरिफिकेशन और अधिक बढ़ने के आदेश दिए। एडीजी आलोक सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा को बेहद पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिले के पुलिस प्रशासन ने निगरानी हेतु वॉच टावर बनाए है। जिनपर 24 घंटे पुलिस कर्मी दूरबीन से लैस रहेंगे। वॉच टावर पर लाउड स्पीकर लगाकर अनाउंसमेंट कर लोगों को सचेत किया जाए। इसके साथ गहरे पानी में जाने से रोकने को बैरिकेटिंग की गई है। चेतावनी बोर्ड लगाए गए है।कावड यात्रा के रूट पर पुल पर जाम नहीं लगे। इसको लेकर भी विशेष इंतजाम किए है। यहां पर लखीमपुर खीरी, बाराबंकी सहित काफी दूर से श्रद्धालु आते है। उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है।

## सार-संक्षेप

### 4 ग्राम पंचायतों में खाली पदों पर 4 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**फर्रुखाबाद।** चार ग्राम पंचायत में सदस्यों की हुई मृत्यु के दौरान रिक्त हुए पदों पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलाहदादपुर, ग्राम पंचायत हथौड़ा, ग्राम पंचायत ककीयउली, ग्राम पंचायत परिउली खरदाई में एक-एक पंचायत सदस्य की बीते दिनों मृत्यु हो गई थी। जिस पर चारों ग्राम पंचायत में एक-एक पद रिक्त हो गया था। शासनादेश के अनुसार चुनाव के लिए तारीख तय हुई थी। जिसमें आज मंगलवार को पहुंचे चुनाव अधिकारियों ने अपनी टेबल लगाकर नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू की। नामांकन प्रक्रिया के लिए चुनाव में आरओ बनाए गए जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज गौतम तथा एआरओ के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा मौजूद रहे। विकासखंड प्रांगण में पुलिस बल नहीं लगाया गया था और एक-एक नामांकन पत्र ग्राम पंचायत अलाहदादपुर हरजेश, ग्राम पंचायत ककीउली से प्रीति, ग्राम पंचायत हथौड़ा से अनीता धोबी, ग्राम पंचायत परिउली खरदाई से मोहन यादव ने पर्चा भरा। इसके बाद चुनाव कर्मचारी निर्धारित समय तक दूसरे प्रत्याशियों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई पर्चा भरने नहीं आया। तब चारों ग्राम पंचायत में एक-एक पर्चा होने पर चारों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। यह जानकारी जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज गौतम ने दी है।

### गर्भवती महिला को लात-घूसों से पीटा, हालत बिगड़ी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गांव गंधिया में गर्भवती महिला के साथ आरोपितों ने लात घूसो से मारपीट कर दी। पुलिस ने महिला का इलाज व मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया। क्षेत्र के गांव गंधिया निवासी प्रीति को पुलिस गंभीर हालत मे इलाज व मेडिकल के लिए सीएचसी लाई। जहाँ इलाज के दौरान प्रीति के पिता अजयपाल ने बताया कि उसकी पुत्री अपने मायके आई हुई थी। उसका गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर आरोपित गाली गलौज करने लगे। जिसका उसकी पुत्री ने विरोध किया। जिस पर आरोपित हमलावर हो गए और उसकी पुत्री के साथ लात घूसों से मारपीट कर दी। उसका कहना है कि उसकी पुत्री 3 माह की गर्भवती है। मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसकी पुत्री के पेट में लात मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


घायल प्रीति।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर तिराहे डिप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।सड़क पर घायल को पड़ा देख मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बरुआ निवासी अमर सिंह (32) साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया।जहां डॉक्टर ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद भतीजे आकाश ने गंभीर रूप से घायल अधेड़ अमर सिंह को जिला अस्पताल लोहिया फर्रुखाबाद में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रणविजय ने बताया है तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कंपिल फर्रुखाबाद।** गांव इकलहरा के पास चार दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में मातम छा गया। इकलहरा निवासी असलम चार दिन पूर्व अपने सगे भाई इरशाद व थाना राजेपुर के गांव चाचूपुर निवासी रिश्तेदार अशफाक के साथ बाइक से गांव से कंपिल आ रहा था। गांव से कुछ दूरी पर ही कंपिल अटैना मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हे टक्कर मार दी। जिससे तीनो बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर गायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना पुलिस व एम्बुलेंस को दी। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी कायमगंज भेज दिया था। सीएचसी से तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इरशाद को हॉयर सेंटर सैफई के लिए रेफर किया गया था। जहां मंगलवार सुबह इरशाद की मौत हो गई। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### बिजली का बिल कम कराने के नाम पर महिला से 51 हजार ठगे

**कंपिल फर्रुखाबाद।** गांव ढड़ियापुर निवासी महिला के साथ बिजली का बिल कम कराने के नाम पर उससे ठगी हो गई है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला ने दर्ज कराया मुकदमा। क्षेत्र के गांव ढड़ियापुर निवासी गीता शर्मा ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाने में दर्ज कराए मुकदमे मे कहा कि उस पर बिजली बिभाग का 61 हजार रुपए का बिल बकाया था। पड़ोस के गांव मानिकपुर निवासी पूर्व प्रधान सुरेश चंद्र ने झांसा देकर बिल कम कराकर जमा करने के नाम पर महिला से 51 हजार रुपए ठग लिए। काफी समय बीतने के बाद जमा पर्ची न मिलने पर महिला ने पूर्व प्रधान से रुपए का तगादा किया। पूर्व प्रधान ने आजकल की बात कहकर टालमटोल करता रहा। एक दिन महिला तगादा करने पूर्व प्रधान के घर चली गयी। पूर्व प्रधान ने महिला को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### ग्रामीण ने की बैंक के साथ धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**कंपिल फर्रुखाबाद।** सिवारा मुकुट स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक बृह्मदेव ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकद्में में कहा है 3 दिसम्बर 2014 को गांव सिरसा निवासी रजनेश को 1 लाख 99 हजार रुपए का ऋण लिया था। प्रबंधक का कहना है कि जब उनके प्रपत्रों का निरीक्षण किया गया तो पता चला कि उक्त आरोपित ने जानबूझ कर बंधक भूमि पर उप्र सहकारी भूमि विकास बैंक कायमगंज को गुमराह करके पुन: लोन ले लिया।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर मिली जिले को 55वीं रैंक

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पोर्टल आधारित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में 27 विभागों की 77 योजनाओं की समीक्षा की गई। पोर्टल पर जनपद की 55वीं रैंक है। 31 योजनाओं में जनपद की ए प्लस रैंक है। विधुत विभाग ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 17 घंटे व शहरी क्षेत्र में 21 घंटे आपूर्ति दी जा रही है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की रैंक खराब रही। कृषि विभाग की पीएमकुसुम योजना,एम्बुलेन्स 108, दिव्यांग पेंशन ,जल जीवन मिशन पंचायती राज की 15वे वित्त, व्यक्तिगत शौचालय, स्वच्छ भारत मिशन पर्यटन विभाग वन विभाग ओ डी ओ पी , समाज कल्याण की राजकीय पारिवारिक लाभ योजना में जनपद की रैंक खराब पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# साइकिल से टक्कर होने पर बाइक सवार गंभीर घायल

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अचरा चैराहा पर साइकिल से टकरा कर बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। डॉयल 112 ने दोनों घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरा बागरपुर निवासी परवेश, जयप्रकाश दोनो एक ही बाइक से संकिसा स्थित नीमकरोरी से दर्शन करके घर वापस जा रहे थे। तभी अचानक अचरा चैराहा के पास साइकिल सवार से टकरा गए। आस पास लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने डॉयल 112 को फोन किया। डॉयल 112 की 2668 गाड़ी पहुंची और दोनों घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां परवेश, जयप्रकाश को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज।** अलग अलग स्थानो पर जनपद एटा के थाना नयागांव निवासी बृजेश, थाना राजा का रामपुर के मैसराना निवासी बलवीर का 17 वर्षीय पुत्र सोनू मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आस पास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया।

# दो बाइक आमने-सामने भिड़ी, 3 घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना अमृतपुर क्षेत्र में दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार रूपापुर चीनी मिल के गन्ना अधिकारी सहित तीन लोग घायल हो गए। एक घायल का राजेपुर सीएचसी में उपचार जारी है। गन्ना अधिकारी सहित दो घायल जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराए गए।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के खुशहाली नगला निवासी तेजवीर यादव अपने गांव के परिचित कल्लू यादव और पिंकू यादव के साथ


लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल।

बाइक से अमृतपुर कस्बा आ रहे थे।वही दूसरी तरफ हरदोई जनपद के रूपापुर चीनी मिल में वरिष्ठ गन्ना अधिकारी के पद पर तैनात चिंतामणि शर्मा बाइक से मिर्जापुर

● घायल गन्ना अधिकारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

तरफ जा रहा था। ढाईघाट मार्ग पर जटपुरा के पास दोनों बाईकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से चिंतामणि, तेजवीर, कल्लू को सीएचसी राजेपुर भिजवाया।चिंतामणि, तेजवीर को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर रूपापुर गन्ना मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक सावरकर सिंह भी लोहिया अस्पताल पहुंचे और घायल साथी का हाल-चाल लिया।

## संस्थाओं का काम संतोषजनक न मिलने पर जांच के आदेश

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में की गई। समीक्षा में प्रोजेक्ट कारपोरेशन, सीएनडीएस, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संध ,पर्यटन विकास निगम का कार्य खराब पाया गया। जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास निगम लि के सभी कार्यो की समिति बनाकर जांच कराने व दोषियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य व्यवस्था** | दो दिन में लोहिया अस्पताल में 80 बच्चे पहुंचे, पीकू वार्ड में पीड़ित बच्चों का चल रहा इलाज

# जिले में पांव पसार रहा डायरिया, अस्पताल में लगी बच्चों की भीड़

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में बच्चों में डायरिया रोग तेजी से फैल रहा है। उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या में बेतहाशा बृद्धि हो रही है। ओपीडी से लेकर पीकू वार्ड तक चिकित्सकों के पास डायरिया से पीड़ित बच्चे ही पहुंच रहे है। पीकू वार्ड में 9 डायरिया से पीड़ित की हालत खराब होने पर भर्ती कराया गया।आधा सैकड़ा से अधिक डायरिया पीड़ित बच्चों को ओपीडी में चिकित्सक ने उपचार दिया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व अमृतपुर क्षेत्र में डायरिया से दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है।

जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में सोमवार को बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने के लिए 80 बीमार बच्चों के पर्चे बनवाए गए। वही मंगलवार को बाल रोग विशेषज्ञ के पास 60 बीमार बच्चे पहुंचे। जिसमें से 30 बच्चे उल्टी, दस्त पेट दर्द, बुखार से पीड़ित है। जिन्हें दवाएं दी गई। ज्यादा हालत बिगड़ने पर पीकू वार्ड में डायरिया पीड़ित


पीकू बार्ड में भर्ती बच्चे। अमृत विचार


डायरिया पीड़ित बच्चे को देखते डॉक्टर अनूप दीक्षित। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने पीकू वार्ड का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह ने जिला चिकित्सालय लोहिया में स्थित एनआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एनआरसी सेंटर में भर्ती बच्चों को ड्रेस, बेबी जानसन किट फल व विस्किट व बच्चों की मां को साड़ी का वितरण जिलाधिकारी ने किया। सेंटर में कुल 17 बच्चे भर्ती हैं । जिनमें से आज 3 बच्चों को सेंटर से डिस्चार्ज किया गया।

बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप दीक्षित के पास सुबह से ही बीमार बच्चों की भरमार रही। दो दिन से दोपहर तक लाइन नहीं खत्म हो रही है। डॉ दीक्षित ने बताया कि लगातार उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित बच्चे आ रहे है। यह लक्षण प्रायः डायरिया के माने जाते है। जिन बच्चों की हालत ज्यादा खराब मिली, उन्हें पीकू वार्ड में भर्ती करने भेजा गया। वहीं कुछ बच्चों में खांसी, जुकाम भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को डायरिया न हो, उसके लिए सबसे आवश्यक है कि बच्चों को साफ पानी पिलाया जाए। उनको नियमित रूप से टीके लगवाए जाए। अगर किसी बच्चे को लगातार पतली दस्त आ रही है। दो तीन दिन से बुखार आ रहा है,बच्चा सुस्त हो रहा है,उल्टी आ रहा है तो डायरिया हो सकता है।तत्काल चिकित्सक को दिखाना बेहद आवश्यक है।

### पीकू वार्ड में भी डायरिया पीड़ित बच्चों की भरमार

पीकू वार्ड में पिछले कई दिनों से डायरिया के बीमार बच्चे ही आ रहे है। डायरिया पीड़ित बीमार बच्चों से पीकू भरा हुआ है। जो भी बीमार बच्चे आ रहे है,उनमें से ज्यादातर उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार से पीड़ित है। पिछले दो दिन में डायरिया पीड़ित ही बच्चे आ है। वहीं पीकू वार्ड भी बीमार बच्चों के बीच साफ सफाई काम नाकाफी नजर आ जाता है।बीमार बच्चों के बेड पर कई तीमारदार बैठे नजर आए। कई तीमारदार तो बच्चों के बेड पर खाना खाते दिखे।जिससे बीमार बच्चों में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक हो जाता है।

## एक नजर

### साइकिल चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**ककोर।** दिबियापुर में पिछले एक सप्ताह से साइकिल चोरी की कई घटनाएं सामने आईं। आए दिन बच्चों के ट्यूशन पढ़ने के स्थान से या फिर भीड़भाड़ वाली जगह से साइकिल चोरी की घर शिकायत है मिल रही थी। मंगलवार को एक बार फिर साइकिल चोरों ने पुलिस को चकमा देने की कोशिश की और साइकिल लेकर फरार होने वाले थे तभी संजय नगर में मोहल्ला वालों ने साइकिल चोर को पकड़ लिया। इसके बाद साइकिल चोरों को दिबियापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों ने अपना नाम धर्मेंद्र व पिंटू एरवा कटरा, बिधूना निवासी बताया। थाना अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने बताया दोरो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### नीलगाय को बचाने में पलटी कार

**अयाना।** कस्बा अयाना निवासी उद्यमी हरिनारायण तिवारी मंगलवार सुबह कार से अपने मित्र संतोष पांडेय के जसवंतपुर स्थित डिग्री कॉलेज जा रहे थे। अयाना-मुरादगंज मार्ग पर थाना के पास सड़क पर अचानक से आई नीलगाय को बचाने में उनकी कार अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। पुलिस कर्मियों ने उन्हें कार से बाहर निकाला। परिजन निजी अस्पताल उपचार करवाकर उन्हें घर ले गए। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि नीलगाय को बचाने में कार पलटी है। उद्यमी को मामूली चोटें आईं हैं।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**अजीतमल।** क्षेत्र के सुरजनपुर गांव निवासी अजय कुमार पुत्र रघुवीर सिंह गांव में रखी पानी की टंकी से आई पाइप लाइन लीकेज को सही कर रहा था। तभी वहां बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के चकसत्तापुर निवासी रेशमा (13) पुत्री अशोक कुमार सुबह जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में पढ़ने के लिये साइकिल से निकली थी। वह मल्लू चौधरी रेडीमेड ब्लॉक रोड के सामने पहुंची तभी पीछे से तेज रफ़्तार में बाइक सवार गौरव (18) पुत्र अनिल कुमार निवासी बाबरपुर ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों ज़मीन पर गिर कर घायल हो गए।

# पत्नी-बच्चों सहित 7 पर हमला, बच्ची की मौत

## भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार रात हुई वारदात, पति ने बांका से किया हमला, छह गंभीर घायल

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। सनकी पति ने पत्नी, सौतेले बच्चों और पत्नी के परिवार पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें छह वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अकबरपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक है। वारदात के बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


पकड़ा गया आरोपी।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र देवीपाल की करीब 5 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद सुरेंद्र की पत्नी पूजा ने अपनी बहन के देवर दीपू के साथ शादी कर ली थी। दीपू पिपरी में ही पत्नी और उसके बच्चों के साथ रहने लगा था। सोमवार की रात करीब 11:30 बजे दीपू ने मकान की छत पर सोते समय पत्नी पूजा, उसके पुत्र सूरज (11), उमंग (15) पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले से चीख-पुकार मच गई।

चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला पूजा का देवर महेंद्र बचाने के लिए दौड़ा तो दीपू ने महेंद्र और उसकी पत्नी बीना, बेटी काव्या (6) और बेटे सूर्यांश (8) पर बांके से हमला कर जख्मी कर दिया। रात के सन्नाटे में चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े तो हमलावर मौके से भाग खड़ा हुआ। पड़ोसियों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने काव्या को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल में घायलों की हालत गंभीर देखते हुए हैलट कानपुर के लिए रेफर किया गया, लेकिन उन्हें अकबरपुर के ही एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी है। इस बीच पुलिस ने दबिश देकर घटनास्थल से भागे हमलावर दीपू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।


घटनास्थल पर छानबीन करते एसपी। अमृत विचार


घटना के बाद घर के बाहर मौजूद ग्रामीण और पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की तहकीकात की

घटना की सूचना मिलते ही भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी संजय सिंह, कोतवाल अंजन कुमार सिंह, अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति को पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय के साथ रात में ही भारी पुलिसबल लेकर पिपरी गांव पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। एसपी ने परिवार और गांव वालों से घटना के बारे में तहकीकात की।

- पुलिस ने दबिश देकर हमलावर आरोपी को किया गिरफ्तार

### बांका से हमले में काव्या के गर्दन की हड्डी कटी

घटना के बाद भोगनीपुर पुलिस ने काव्या के शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम में काव्या के गले की हड्डी कटी मिली। बांका से हमला में हड्डी कटी है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने मौत का कारण अधिक खून का बहना बताया है।

> हमले में एक बच्ची की मौत हुई है। बाकी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है और हमले की वजह जानने की कोशिश की जा रही है।
> – बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी

# पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था दीपू

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचारः** आरोपी दीपू पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था। इसी मकसद से उसने पत्नी, दोनों सौतेले बेटों, देवर-देवरानी और उनकी बेटी-बेटे पर हमला किया। हमले में देवर की बेटी की जान चली गई, जबकि बाकी लोग जिंदगी-मौत से जूझ रहे हैं।

पिपरी गांव के लोगों ने बताया कि दीपू अक्सर गांव की दुकानों पर बैठता था तो बताता था कि पूजा उसके बच्चे की मां नहीं बनना चाह रही है। आरोपी दीपू ने यह बात पुलिस की पूछताछ में भी बताई। उसने बताया कि गर्भ ठहरने पर पूजा गोलियां खा लेती थी, जिससे गर्भपात हो जाता था। पूजा के दोनों बच्चे उसके साथ गालीगलौज करते थे और उसे घर से भगाने की बात करते थे। पूजा का देवर महेंद्र और उसकी पत्नी बीना भी सौतेले बच्चों को भड़काती थी कि दीपू को यहां से भगा दो। इसी बात को लेकर दीपू परेशान रहता था। आरोपी दीपू को पूजा और देवर महेंद्र के संबंधों पर भी शक था। इन्हीं वजहों से उसने पूरे परिवार को खत्म करने का इरादा बनाया था। उसने पूरे परिवार को खत्म करने के लिए बारी-बारी से सभी लोगों पर हमला किया, जिसमें महेंद्र की बेटी काव्या की मौत हो गई, जबकि बाकी सभी लोग अस्पताल में जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।


घटना के बाद घर में बंद ताला।

### अगल-बगल रहते हैं दोनों के परिवार

पिपरी गांव में पूजा अपने बच्चों उमंग (15) और सूरज (11) के साथ रहती है। शादी के बाद दीपू परिवार का मुखिया बन गया था, जबकि पूजा का देवर महेंद्र अपनी पत्नी बीना, बेटी काव्या (6) के साथ बगल में ही रहता है। अलबत्ता महेंद्र ने पूजा की दूसरी शादी का विरोध किया था, इधर दोनों परिवारों के बीच मेल-जोल था और एक-दूसरे के साथ उठना-बैठना था।

# रात के सन्नाटे में चीख-पुकार से सनसनी

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार की आधी रात सन्नाटे के बीच एकबारगी चीख-पुकार मचने से सनसनी फैल गई। जिस समय घटना हुई, उस वक्त गांव वाले गहरी नींद में थे। अचानक चीख-पुकार मचने से पड़ोसी दौड़े तो हमलावर मौके से भाग निकला। घर पर पूजा और उसके देवर का परिवार खून से नहाया तड़प रहा था।

आधी रात दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद हर कोई स्तब्ध है। आस-पड़ोस के बच्चों की आंखों में दहशत साफ झलक रही है। घटना के बाद से मंगलवार को दिन भर पूजा और महेंद्र के दरवाजे पर गांव वालों का मजमा लगा रहा। लोग हमलावर आरोपी दीपू को कोसते रहे। इस घटना के बाद पूरे गांव में अजीब सी सिहरन दौड़ रही है। पड़ोस की महिलाएं रात के मंजर को याद कर सिहर जाती हैं।


पड़ोस की महिलाएं स्तब्ध हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पूजा ने दूसरी शादी कर खुद ही अपनी जिंदगी को नरक बना लिया। वह दोनो बेटों के सहारे जिंदगी गुजार सकती थी, लेकिन देवर के एतराज जताने के बाद भी उसने बहन के देवर दीपू से शादी कर ली। हालांकि गांव वाले यह भी बताते हैं कि आरोपी दीपू किसी तरह के नशे का लती नहीं है, लेकिन उसने पूरे परिवार को खत्म करने का जिस तरह कदम उठाया, वह उसे फांसी के फंदे तक ले जा सकता है। गनीमत है कि महेंद्र की बेटी काव्या को छोड़कर दोनों परिवारों के बाकी सदस्य अभी जिंदा हैं।

# पूजा के देवर ने शादी का किया था विरोध

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भोगनीपुर क्षेत्र के पिपरी गांव में पत्नी और सौतेले बच्चों के साथ देवर के परिवार पर कातिलाना हमले के मामले में अहम खुलासा हुआ है। बताते हैं कि पति की मृत्यु के बाद पूजा की शादी का देवर ने विरोध किया था, लेकिन पूजा नहीं मानी और अपनी बहन के देवर के साथ शादी कर ली और उसके साथ पिपरी गांव में ही रहने लगी। शादी के बाद पूजा सिर्फ तीन दिन के लिए अपनी दूसरी ससुराल औरैया गई थी।

कातिलाना हमले के बाद घायल पूजा, उसके दोनों बच्चे और उसके देवर का परिवार अस्पताल में भर्ती है। पिपरी गांव के लोगों ने बताया कि पूजा के पति सुरेंद्र की करीब पांच वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सुरेंद्र की मृत्यु के एक वर्ष के बाद ही उसकी पत्नी पूजा ने औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुर में ब्याही अपनी बहन पूनम के देवर दीपू पुत्र मन्नीलाल के साथ शादी करने की इच्छा जताई तो उसके देवर महेंद्र ने यह कहते हुए विरोध किया था कि अगर वह दूसरी शादी कर लेगी तो बच्चों का क्या होगा, लेकिन पूजा नहीं मानी और उसने दीपू से दूसरी शादी कर ली।

शादी के बाद पूजा सिर्फ तीन दिन के लिए दीपू के साथ मुरलीपुर ससुराल गई और फिर दीपू को पिपरी गांव लाकर यहीं बच्चों के साथ रहने लगी। कुछ दिन बाद दीपू अपने साथ पूजा को लेकर दिल्ली चला गया और वहीं काम करने लगा।


घटना को लेकर पिपरी गांव के लोग हैरान हैं। अमृत विचार

- विरोध के बाद भी शादी कर साथ रहने लगी थी पूजा
- शादी के बाद तीन दिन के लिए ससुराल औरैया गई


अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता करते सीडीओ आरएस गौतम। अमृत विचार

# सीडीओ के निरीक्षण में नदारद मिले अधिकारियों को हिदायत

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले की विकास योजनाएं विकास भवन से ही संचालित होती हैं। जहां सभी विभागों के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार होती हैं। अमृत विचार की टीम ने गुरुवार को जाकर देखा था तब 10 बजे के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी नदारद मिले थे। मामले को गंभीरता से लेकर अमृत विचार ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद विकास भवन के अधिकारियों की नींद टूटी और मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी आरएस गौतम ने प्रथम तल से लेकर तीसरे तल तक औचक निरीक्षण किया।

सबसे पहले समाज कल्याण विभाग को देखा गया। जहां कुछ कर्मचारी मौजूद नहीं थे। जल अधिकारी व जिला बचत अधिकारी, कृषि अधिकारी अपने ऑफिस से नदारद मिले।

# सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बजट को नकारा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद मंगलवार को पहला बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 7वें बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक घोषणाएं की है। जिसमें शिक्षा लोन से लेकर युवाओं के रोजगार और किसानों के हित में कई योजनाओं को लागू किया गया है।

वहीं कई इलेक्ट्रानिक उपकरण में कस्टम ड्यूटी घटाए जाने से उनके दामों में गिरावट होगी। वहीं सर्राफा कारोबारी के लिए भी सोने चांदी में कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। जिससे सोने चांदी के दामों में भी कमी आयेगी। वहीं इनकम टैक्स पर भी ध्यान दिया गया है।

अमृत विचार ने लोगों से बजट पर राय जानी। व्यापारियों ने अंतरिम बजट को राहत भरा बताया। इसके साथ ही किसानों के लिए कई योजनाएं चालू की गई हैं। जिससे किसानों को राहत मिलेंगी।

वहीं महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान दिया है। वहीं विपक्ष ने बजट को लॉलीपॉप बताया है। क्योंकि इस बजट से छोटे व्यापारी संतुष्ट दिखे। वहीं बड़े व्यापारियों को राहत न मिलने से बजट को हवा हवाई बताया।

मंगलवार को केंद्र सरकार द्वारा संसद में बजट पेश होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु बहुत शानदार बजट केंद्र सरकार की।उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों को समर्पित है। युवाओं के लिये 5 साल में 4 करोड़ रोजगार इसके लिये २ लाख करोड का बजट रखा गया।

### सभी वर्गों का ध्यान रख बजट को तैयार किया गया

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिये 2,66,000 करोड़ का बजट रखा है इसमें 25 हजार गाँव में पक्की सड़कों का निर्माण होना है। प्रधानमंत्री सूर्यधर योजना में 300 यूनिट तक विजली उपलब्ध कराना है। बजट में सभी वर्ग के लोगों की बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। किसानों के लिए भी बजट लाभकारी है। –भुवन प्रकाश गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष औरैया



### जनता को गुमराह करने वाला बजट

वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी नेता अंशू तिवारी ने कहा कि यह बजट भी पिछले बजट की तरह पूंजीपतियों को ताकद दार बनाने का बजट है ।जनता के लिए कुछ भी नही है गुमराह करने वाला बजट है ।आम जनता को रोटी कपड़ा और मकान ये तीन मूलभूत आवश्यकताएं होती है जिसमे कोई राहत नहीं दी गई है आजकल सभी चीजे मंहगी है ।और न इनकम टैक्स में कोई राहत दी गई है जिससे छोटे व्यापारियों और सरकारी कर्मचारी को कोई लाभ नहीं मिला ।ये बजट पिछले बजट की तरह है केवल नए कलेवर के साथ पेश किया गया।



### बेकार का बजट, नहीं मिली सुविधाएं

इस समय महंगाई की मार है। सब्जियों के दाम आसमान पर है। गैस सिलेंडर में तक छूट तक नही मिली। भविष्य के बजट का सपना दिखाया जा रहा है। वर्तमान में लोगो को सहूलियत चाहिए वह दी नही गई। हरियाणा समेत कई राज्यों के चुनाव को देखते हुए किसानों को भी लॉलीपॉप दिया जा रहा है।

–अनिल यादव, वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता



# परिजनों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने को लगाया जाम

संवाददाता बिधूना, औरैया

- एअर गन का छर्रा लगने से युवक की मौत का मामला

**अमृत विचार।** इंस्टाग्राम पर रील बनाने के लिए मांग कर लाए एयर गन के छर्रे से बीते दिवस युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर मंगलवार को परिजनों ने धारा 103में मुकदमा पंजीकृत करने एवं आर्थिक सहायता की मांग को लेकर बिधूना-किशनी मार्ग पर पावर हाउस के सामने जाम लगा दिया। उच्च अधिकारियों के समझाने-बुझाने पर ग्रामीणों ने जाम खोला।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को जाम लगाने वालों को चिन्हित कर मुकदमा पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने आरोपित किए गए तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एअर गन भी कब्जे में ले ली है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरपुरा आदर्श नगर निवासी 30 वर्षीय युवक गजेन्द्र की बीते दिवस एयर गन का छर्रा लगने से मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव वापस घर आया तो परिजनों में आक्रोश भड़क गया और उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से बिधूना किशनी मार्ग पर पावर हाउस के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा, एसडीएम हरिश्चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह आदि के काफी समझाने बुझाने पर ग्रामीणों ने एक घंटे बाद जाम खोला।

**कुछ याद उन्हें भी कर लो** — जयंती पर कंपोजिट विद्यालय बहलोलपुर में याद किए गए देशभक्त

# चंद्रशेखर आजाद ने सांडर्स के सीने में दागी थीं 6 गोलियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड सहार के कंपोजिट विद्यालय बहलोलपुर में मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद की 118 वीं जयंती धूमधाम से छात्रों एवं अध्यापकों ने मनाई। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं लोकप्रिय स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ। उनके पिता का नाम पंडित सीताराम तिवारी एवं माता का नाम जगदानी देवी था। उनके पिता ईमानदार, स्वाभिमानी, साहसी और वचन के पक्के थे। यही गुण चंद्रशेखर को अपने पिता से विरासत में मिले थे।

चंद्रशेखर आजाद 14 वर्ष की आयु में बनारस गए और वहां एक संस्कृत पाठशाला में पढ़ाई की। वहां उन्होंने कानून भंग आंदोलन में योगदान दिया था। 1920-21 के वर्षों में वे गांधीजी के असहयोग आंदोलन से जुड़े। वे गिरफ्तार हुए और जज के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जहां उन्होंने अपना नाम 'आजाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और 'जेल' को उनका निवास बताया। उन्हें 15 कोड़ों की सजा दी गई। हर कोड़े के वार के साथ उन्होंने, 'वन्दे मातरम्' और 'महात्मा गांधी की जय' का स्वर बुलंद किया। इसके बाद वे सार्वजनिक रूप से आजाद कहलाए।

जब क्रांतिकारी आंदोलन उग्र हुआ, तब आजाद उस तरफ खिंचे और 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट आर्मी' से जुड़े। रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में आजाद ने काकोरी षड्यंत्र (1925) में भाग लिया और पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। 17 दिसंबर, 1928 को चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने शाम के समय लाहौर में पुलिस अधीक्षक के दफ्तर को घेर लिया और ज्यों ही जेपी सांडर्स अपने अंगरक्षक के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर निकले तो राजगुरु ने पहली गोली दाग दी, जो सांडर्स के माथे पर लगी। वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़ा। फिर भगत सिंह ने आगे बढ़कर 4-6 गोलियां दाग कर उसे बिल्कुल ठंडा कर दिया।


चंद्र शेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करते एसआरजी सुनील दत्त राजपूत।

### अंग्रेजों के हाथ न आने का लिया था संकल्प

अलफ्रेड पार्क, इलाहाबाद में 1931 में उन्होंने रूस की बोल्शेविक क्रांति की तर्ज पर समाजवादी क्रांति का आह्वान किया। उन्होंने संकल्प किया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने 27 फरवरी, 1931 को इसी पार्क में स्वयं को गोली मारकर मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति दे दी। विद्यालय का प्रअ दिलीप कुमार, सअ धर्मेश कुमार, अनीश कुमार, दीक्षा सिंह, देवांशू श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, शिक्षा मित्र बरम, अनिता एवं नीलम राजपूत मौजूद रहीं।

# ग्रामीणों ने किया बिजली घर का घेराव

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत साफर में एक सप्ताह से बिजली न आने से नाराज ग्रामीणों का सोमवार की रात सब्र का बांध टूट गया। एक सैकड़ा ग्रामीणों ने अटसू बिजली घर जाकर जमकर हंगामा काटा। सीओ राम मोहन शर्मा और उप खंड अधिकारी राहुल कुमार मौके पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया।

अजीतमल तहसील क्षेत्र के गांव साफर में बीते एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव में अधेरा पसरा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप खंड अजीतमल से की थी। इसके बाद ग्रामीणों को 250 केवीए ट्रांसफार्मर रखवाने का आश्वासन मिला। इसके बाद ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार ने ट्रांसफार्मर रखने की जगह बनवा दी। लेकिन उसके बाद भी गांव में बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नही रखवाया गया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार देर रात अटसू बिजली घर पहुंचकर हंगामा किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब हम लोगों ने अपनी समस्या से जेई को अवगत कराया। तो वह फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देने लगे। इसके बाद बिजली घर में तैनात कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। सूचना मिलते ही उप खंड अधिकारी राहुल कुमार और सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। उप खंड अधिकारी अजीतमल राहुल कुमार ने जल्द ही ट्रांसफार्मर रखवाने का आश्वासन दिया।


बिजली घर का घेराव करते ग्रामीण। अमृत विचार

- ग्राम पंचायत साफर में एक सप्ताह से बिजली गुल

# 40 ग्राम पंचायतों में 2.22 करोड़ रुपये की हेराफेरी

## खुलासे के बाद भी 96 प्रधानों व ग्राम पंचायत सचिवों ने नहीं जमा की राशि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डीपीआरओ ने वसूली नोटिस में एक सप्ताह का समय दिया
- पिछले सात वित्तीय वर्षों के ऑडिट के दौरान हुआ खुलासा

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट को प्रधानों व सचिवों ने मिलीभगत कर हिल्ले लगा दिया। वित्तीय वर्ष 2010-11 से लेकर 2016-17 के बीच 40 ग्राम पंचायतों में प्रधानों और सचिवों ने मिलकर दो करोड़ 22 लाख 77 हजार 739 धनराशि डकार गए। इस बात का खुलासा ऑडिट टीमों ने किया। लेकिन इस धनराशि को ठिकाने लगाने वाले 96 प्रधानों व ग्राम पंचायत सचिवों से अभी तक धनराशि जमा नहीं कराई जा सकी है। इस मामले में डीपीआरओ ने सभी को नोटिस जारी की हैं। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर धनराशि जमा न करने पर भू राजस्व की तरह वसूली कराने को कहा है। नोटिस मिलने से गड़बड़ी करने वालों में हड़कंप मचा है।

डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2010-11 में हुए ऑडिट में टीम ने मौदहा ब्लाक के पिपरौंदा व लरौंद ग्राम पंचायतों में 188059 रुपये की धनराशि की हेराफेरी पकड़ी थी। जबकि वर्ष 2011-12 में ब्लॉक राठ के बिलरख में 30660 रुपये, गोहांड ब्लॉक में अमूंद में 103742 व धनौरी में 72000 रुपये, वर्ष 2012-13 में मौदहा के इचौली में 67195 रुपये की धनराशि की हेराफेरी पाई। वर्ष 2013-14 में मौदहा के परछछ में 629700 व परेहटा में 44435 रुपये तथा मुस्करा के कंधौली में 115000 रुपये, वर्ष 2014-15 में कुरारा के कनौटा में 21340, गिमुहा में 154783 रुपये, वर्ष 2015-16 में सुमेरपुर के अमिरता में 334500 व बिरखेरा में 440160, मुस्करा के बजेहटा में 651020, मौदहा के छिरका में 21350 व गुरदहा में 6410, गोहांड के चिकासी में 3506078, नदंना में 22048, स्यावरी में 97907, इटायल में 1741152, बरौली खराका में 2469375, बरुवा में 2294982, पतखुरी में 342940, पवई में 633229 व अलकछवा में 1811798 रुपये का गबन मिला। जबकि कुरारा ब्लॉक के जल्ला में 28500, मेरापुर में 307580 तथा सरीला के भेड़ी डांडा में 3069441 व धौहल बुजुर्ग में 1175954 रुपये की हेराफेरी हुई। जबकि वर्ष 2016-17 में गोहांड के टोलाराठ में 84000, सुमेरपुर के बांक में 437531, कुरारा के कनौटा में 123988, कंडौर में 114600, सिकरोढ़ी में 1342155, राठ के खड़ाखर में 33381, मुस्करा के भरखरी में 710263, सरीला के धौहल बुजुर्ग में 420490, उपरहका में 97920 व मौदहा ब्लॉक के भुलसी ग्राम पंचायत में 17289 व रतौली में 30433 रुपये की धनराशि की हेराफेरी मिली। इस मामले में कुल 40 ग्राम पंचायतों के तत्कालीन 96 ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिवों के खिलाफ वसूली की नोटिस जारी की गई है। उन्होंने कहा एक सप्ताह के अंदर धनराशि न जमा करने पर भू राजस्व की तरह प्रधानों व ग्राम पंचायत सचिवों से धनराशि की वसूली की जाएगी।


महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते सविता सेन समाज के लोग। अमृत विचार

# बैठक में सविता सेन समाज के उत्थान पर की गई चर्चा

संवाददाता,राठ (हमीरपुर)

- वक्ता बोले, शिक्षा ही वह पूंजी है जिससे होगा समाज का विकास, बच्चों को करें शिक्षित

**अमृत विचार।** बीते दिन नगर के भटियाना मोहल्ला स्थित गणेश मंदिर में सविता सेन समाज की वार्षिक बैठक संपन्न हुई जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंवर बहादुर (बाबूजी) ने की। समाज जिलाध्यक्ष राजकिशोर आर्य ने सभी से कहा की हम सभी को अपने बच्चों को शिक्षित करने पर बल देना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही वह पूंजी है। जिससे हमारे बच्चों का विकास होगा एवं समाज उत्थान की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिससे हम अपनी आगे की पीढ़ी को उनका हक दिलाने में समर्थ होंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप आर्य (शिक्षक), तहसील अध्यक्ष कपिल सेन, सैलून पार्लर अध्यक्ष योगेश सविता, भाजयुमो के जिला महामंत्री राजीव आर्य उर्फ रज्जू, अमित आर्य, शिव कुमार सेन, राजू आर्य, राजधर सविता, महावीर, मन्नू लाल सविता, रामकुमार आर्य, देवनारायण, उद्धव प्रसाद, चंद्र प्रकाश, शिवचरण पेंटर, रामगोपाल, भगवानदास, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मी प्रसाद सेन, हीरालाल, जागेश्वर, जितेंद्र, शंकरलाल, रघुवर प्रसाद, प्रेम किशोर, सतीश कुमार एवं सविता समाज के सैकड़ों बंधु उपस्थित रहे।

# उमरिया गांव में दबंगों ने युवक के साथ की जमकर मारपीट

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने उमरिया गांव में पुराने मुकदमे में राजीनामा करने को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने उमरिया गांव के निवासी एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के उमरिया गांव के निवासी राकेश कुमार पुत्र गुलजारी ने जरिया थाने में बताया कि पुराने मुकदमे में राजीनामा करने के विवाद के चलते लगभग आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। बताया कि उसने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पति कानपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता है

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपसा में नव विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थिति में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपसा के मदाइन पुरवा निवासी धीरज सिंह की गर्भवती पत्नी सरोज (23) ने अपने घर के कमरे के अंदर फंदा आत्महत्या कर ली। मृतका सरोज के ससुर चंद्रपाल सिंह ने बताया कि मेरे तीन पुत्र व दो पुत्री है जिसमें दोनों पुत्रियों की शादी कर दी है। जबकि मेरे दो पुत्र सूरत में रहते है और धीरज कानपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता है और वहीं रहता है। धीरज की शादी दो वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के हरडोनी गांव में बलराम सिंह की पुत्री के साथ हुआ था। शादी के बाद दोनों पति पत्नी कानपुर में ही रहने लगे और वह कपसा में अपनी पत्नी के साथ अकेले रहते थे। बहू सरोज गर्भवती थीं, इस कारण धीरज दो माह पूर्व गांव में छोड़ गया था। किस कारण बहू ने ऐसा कदम उठाया समझ में नहीं आ रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि सूचना पर पुलिस को भेजा गया था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# शराबी युवक ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मझगवां थाने के उमन्निया गांव में एक शराबी युवक ने पत्नी से रुपयों की मांग करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। महिला को उसके मायके वालों ने सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित महिला ने मझगवां थाने में तहरीर दी है।

तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत उमन्निया गांव की निवासी महिला दरक्शा पत्नी अरमान ने बताया कि उसके विवाह को लगभग 10 वर्ष बीत चुके हैं बताया कि उसका पति अरमान अत्यधिक शराब पीने का लती है। तथा अपनी शराब पीने की लत को पूरा करने के लिए उससे आए दिन रुपयों की मांग करता रहता है। बताया कि उसका पति अरमान उस पर अपने मायके की जमीन बेचकर रुपया लाने का दबाव डालने लगा। बताया कि जब उसने विरोध किया तो उसके पति अरमान ने शराब के नशे में धुत होकर लाठी डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की।

# पूर्व प्रधान के साथ सफाई कर्मचारी ने की अभद्रता

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- सफाई कर्मी ने सरकारी कार्य में बाधा का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत जलाला के मजरा भमौरा में सफाई कर्मी का पूर्व प्रधान से झगड़ा हो गया। पूर्व प्रधान ने सफाई कर्मी पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। सफाई कर्मी ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है।

ग्राम पंचायत जलाला के मजरा भमौरा के निवासी पूर्व प्रधान नयन सिंह वर्मा का आरोप है कि पंचायत में तैनात सफाई कर्मी दलित बस्ती की नालियों की साफ-सफाई नहीं करता है। बारिश का पानी घरों के अंदर घुसने से लोग परेशान होते हैं। मंगलवार को सफाई कर्मी से सफाई करने को कहा तो वह अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करके गाली गलौज करने लगा। पूर्व प्रधान ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसी तरह सफाई कर्मी महेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधान ने उसके साथ मारपीट करके सरकारी कार्य में बाधा पैदा की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सफाई कर्मी के साथ हुई इस घटना की सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल में निंदा करते हुए प्रशासन से पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रोजगार मेले में 27 बेरोजगारों का चयन

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश उपाध्याय ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 55 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इनमें 27 को चयनित किया गया है।

बताया कि प्रतिभागी कंपनी में कारस कृपा प्राइवेट लिमिटेड ने 11, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने ने सात, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी गाजियाबाद ने नौ अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया। बताया आयोजित मेले में 55 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए 27 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया है।

# बॉलर कुलदीप यादव का किया स्वागत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बागेश्वर धाम जाते समय कस्बे के प्रकाश होटल में रुके भारतीय टीम के बॉलर कुलदीप यादव का उनके प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया जिससे वह गदगद नजर आए।

सोमवार को देर शाम बागेश्वर धाम जा रहे हैं भारतीय टीम के बॉलर कुलदीप यादव कुछ देर के लिए कस्बे के प्रकाश होटल में ठहरे। यहां पर उनके प्रशंसक अभिषेक तिवारी, आशीष यादव, संतोष कुमार, लोकेश, विजय कुमार, दीपक कुमार आदि में उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड बहुत ही रमणीक जगह है। यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।


भारतीय टीम के बॉलर कुलदीप यादव के साथ प्रशंसक। अमृत विचार

- बागेश्वर धाम जाते समय कस्बे के प्रकाश होटल में रुके थे

उन्होने कहा कि चित्रकूट धाम, खजुराहो, ओरछा, भीमकुंड, चरखारी स्टेट, जटाशंकर धाम बहुत ही रमणीक है। सरकार को उनके विकास के लिए ज्यादा जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम महाराज की ख्याति देश के अलावा विदेशों में भी है। हमारा देश हमेशा ऋषियों मुनियों का देश रहा है। हमारे सनातन धर्म की ख्याति पूरे विश्व में है।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग पुत्री की शादी करने पर दर्ज कराया मुकदमा

**राठ (हमीरपुर)।** माता पिता द्वारा नाबालिग उम्र में पुत्री की शादी करने पर गांव के एक युवक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके पहले किशोरी के स्वजनों ने युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली के बिलरख गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र कढ़ोरी लाल ने बताया कि गांव के कालीचरन पुत्र शिवनाथ व उसकी पत्नी रचना ने पुत्री को नाबालिग दिखाते हुए उसके ऊपर छेड़छाड़ का झूठा मामला दर्ज कराया था जिसमें वह जेल भी गया था। उस समय कालीचरण ने अपनी नाबालिग पुत्री की शादी 11 मई 23 को औडेरा गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र शिवनाथ के साथ नरसिंह मंदिर कछ्वां की पहाड़ियां से हिंदू रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराई थी। जो कानूनन अपराध है। पीड़ित ने उसे फर्जी फंसाने पर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### तमंचा कनपटी में लगाकर रील बनाई, इंस्टाग्राम में डाला

**कुरारा( हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक युवती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम में मूड ऑफ लिखते हुए तमंचा को अपनी कनपटी के पास लगाते हुए खुद ही वायरल कर दी। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट देखी और जमकर वायरल हुई। वहीं रील मंगलवार को सोशल मीडिया से हटा दी गई है।

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर)।** क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव निवासी पीड़िता वीनस पत्नी राम कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 16 जून की सुबह 11 बजे मेरी पुत्री कृस्त्री उम्र 4 वर्ष अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी करण निषाद निवासी बच्ची का डेरा ने बाइक से मेरी बच्ची को टक्कर मार दी। जिससे मेरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पैर टूट गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक करण निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाजायज कब्जाधारक का विद्युत कनेक्शन काटने की मांग

**हमीरपुर।** नाजायज कब्जे धारक का विद्युत कनेक्शन विच्छेदन करवाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ अधिशासी अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंपा है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री शैलेंद्र कुमार सचान की अगुवाई में दिए ज्ञापन में कहा कि जिला अधिवक्ता संघ की बस स्टैंड में कई दुकानें हैं, जो कि वर्तमान समय में किराए पर उठी हैं। बस स्टैंड स्थित दुकान संख्या एक में शानू पुत्र मुन्ना नाजायज तरीके से काबिज है, वह न तो किराया दे रहा है न ही किरायेदारी एग्रीमेंट का नवीनीकरण करवाया है। इस मामले में कई बार जिला अधिवक्ता संघ की ओर से उसे कानूनी नोटिस भेजा जा चुका है और उसकी किरायेदारी भी समाप्त कर दी है। बताया कि इससे पूर्व में भी उन्होंने प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही अमल में लाने की मांग की है।

### दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के सिवनी व उमराहट गांव में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यायालय में पेश न होने पर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी गोपाल पुत्र गजराज व उमराहट गांव निवासी बड़ेलाल पुत्र गुलाब सिंह पुराने मामलों में न्यायालय में पेश नही हो रहे थे। जिस पर दोनों आरोपी वारंटी चल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### मामूली विवाद में देवर-भाभी को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के सरगांव निवासी नम्मी पुत्र कृष्णा ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे अपने घर के सामने दरवाजे पर बैठा था। तभी बिना वजह गांव का अच्छेलाल पुत्र मुनैया, बबलू, फूला, सुमन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। बताया कि उसके भाई भाइया लाल व भाभी सोनम को भी मारा-पीटा। मारपीट से सभी को चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# प्राचीन फूटा तालाब की किस्मत फूटी

संवाददाता, पौथिया(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ हमीरपुर मार्ग किनारे स्थित प्राचीन फूटा तालाब की किस्मत फूटी है। यह जलकुंभी व गुंदला से पटा पड़ा है। जिस पर अभी तक किसी जिम्मेदार की नजर तक नहीं पड़ी। जिससे लोगों के लिए तालाब बेमतलब साबित हो रहा है।

विकासखंड सुमेरपुर के बड़ी आबादी वाले सदर विधायक के पैतृक पौथिया गांव स्थित सड़क किनारे आशा माई मंदिर के पास सैकड़ों वर्ष पुराना भारी भरकम फूटा तालाब स्थित है। जो अतिक्रमण से घिरता जा रहा। साथ ही जलकुंभी गुंदला से पट गया है। साथ ही लोगों के घरों का गंदा पानी इसी में डाला जा रहा है। जिससे लोगों के लिए निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है।

कुछ वर्षों पूर्व तालाब का पानी स्वच्छ और सुंदर रहता था। जिसमें गांव के लोग नहाते थे और इसी जल से महिला व पुरुष आशामाई मंदिर में जल चढ़ाते थे। साथ ही सावन महीने में गुड़िया कजली के पर्व में बच्चे खेल खेलते थे। इस तालाब को अभी तक अमृत सरोवर योजना में शामिल नहीं किया गया। ग्रामीण जगदीश सचान, ब्रजेश सचान, आशादीन, राम खिलावन, सोनू आदि लोगों ने जिलाधिकारी से तालाब को अमृत सरोवर योजना में जोड़कर सुंदरीकरण कराए जाने की मांग की है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बताया तालाब की साफ-सफाई के कुछ माह पहले क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्ताव दिया गया है। सफाई के बाद पंचायत व विधायक निधि से तालाब की खुदाई व सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा।


जलकुंभी से पटा पड़ा फूटा तालाब।। अमृत विचार

# ट्रांसफार्मर पहुंचा लेकिन नहीं हो सका चालू

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बा स्थित बिजली उपकेंद्र का तीन दिन पूर्व फुंका 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर यहां पावर स्टेशन तक तो पहुंच चुका है लेकिन बारिश शुरू होने से इसका कार्य नहीं हो सका। जिससे अभी भी लोगों को बिजली आपूर्ति पूरी तरह नहीं मिल रही। अवर अभियंता राजीव प्रजापति ने बताया कि ट्रांसफार्मर ट्रक में लदा खड़ा हुआ है। बारिश होने से ज़मीन गीली हो गई है और यह ट्रांसफार्मर दो हाइड्रा से उठाकर जिस स्थान पर रखा जाना है वहां कीचड़ हो चुका है जिससे इसका कार्य नहीं किया जा सका। उधर भंमौरा गांव के शब्बीर खान, परछा के मूबीन, राजू आदि ने बताया कि पानी होने से जो धान की फसले सूख रही थीं, उनको कुछ राहत तो मिली है और नलकूपों को भी बिजली देने से कुछ सींच का पानी मिल सका है।

# पाइप लाइन बिछाते गिरी मिट्टी दो मजदूर दबकर हुए घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- विराट पैलेस के सामने सड़क के किनारे जल संस्थान की ओर से बनाई जा रही है गहरी नाली

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर नगर के चरखारी रोड स्थित विराट पैलेस के सामने की सड़क के किनारे जल संस्थान की ओर से गहरी नाली बनाकर पानी की पाइप लाइन डाली जा रही थी। तभी मजदूरों के ऊपर मिट्टी गिर गई। जिसमें दबकर नगर के मुहल्ला फ़रसौलियाना निवासी ललित कुमार (28) पुत्र दशरथ व ग्राम स्यावरी निवासी ख्यालीराम कुशवाहा (55) पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने ललित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

### बाइक की टक्कर से दो लोग हुए घायल

**राठ( हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव का निवासी विमल पुत्र अवध बिहारी गांव के ही कृपाराम पुत्र घनश्याम के साथ ग्राम सरसई से वापस अपने गांव टोला जा रहे थे। तभी रास्ते में सरसई गांव के पास ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार विमल और कृपाराम सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

आयोजन | मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री सहित रोडवेज प्रबंध निदेशक को भेजा मांगों का ज्ञापन

# जनजागरण कर मनाया भामसं का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रोडवेज कर्मचारी संघ ने मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस पर प्रस्तावित शांतिपूर्ण जनजागरण कर सीएम, परिवहन मंत्री व प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है जिसमें उन्होंने लंबित मांगों को निस्तारित करने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवशरण सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि प्रदेश आवाहन पर मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

इसके बाद जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने परिवहन निगम के कई वर्षों से लंबित पड़े मृतक आश्रित के प्रकरणों को अविलंब निस्तारित कर उन्हें नियमित नियुक्ति प्रदान करने, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व प्राइवेट निजी परिवहन के करों में समानता करने, संविदा कर्मचारियों की अवैधानिक कटौतियां बंद करने और उनकी सेवा नियमावली बनाने, परिवहन निगम में कार्यरत सभी संविदा/आउट शोर्ष/नीलिट कर्मचारियों को एक योजना बना कर वरिष्ठता के अनुसार नियमितीकरण करने/ समान कार्य का समान वेतन करने, मंहगाई भत्ते में 10 प्रतिशत वृद्धि करने, सभी संवर्ग के कार्मिकों को ईएसआई से जोड़ने, राज्य कर्मचारियों की भांति परिवहन निगम के सभी कार्मिकों को भी 5 लाख रुपये तक कैशलेस ईलाज की सुविधा प्रदान करने सहित 22 सूत्री मांगे शामिल हैं। इस दौरान जिलाधिकारी से समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की इस मौके संघ के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**मौदहा( हमीरपुर)।** बीते शुक्रवार दोपहर कस्बे के पावर हाउस में आकाशीय बिजली गिरने से कस्बे सहित क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं ऐसे में व्यापार संगठन ने बिजली व्यवस्था सुचारु रूप से चलाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार दोपहर कस्बे के पावर हाउस में लगे ट्रांसफार्मर में आकाशीय बिजली गिरने से कस्बे सहित क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है और जहां लोगों के कारोबार चौपट पड़े हैं तो वहीं इस उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।इसी मांग को लेकर मंगलवार को भारत उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरीद अहमद एक प्रतिनिधि मंडल के साथ कस्बे के उपखंड कार्यालय पहुंचे और जल्द ही बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की। साथ ही जल्द व्यवस्था बहाल नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी जारी की है।

# बस में बेटिकट मिले यात्री, कंडक्टर पर रिपोर्ट

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- टीम ने किया महोबा बस डिपो का औचक निरीक्षण
- पैसे देने के बावजूद कंडक्टर ने नहीं दी थी टिकट

**अमृत विचार।** प्रवर्तन दल ने बीती रात इंगोहटा के पास बिना टिकट यात्रियों को लेकर महोबा से लखनऊ के लिए जा रही परिवहन निगम की बस को पकड़ा। प्रवर्तन दल के बीच रास्ते में बस को रुकवाने पर कंडक्टर ने जल्दबाज़ी में टिकट मशीन से टिकट निकालने की कोशिश की लेकिन तब तक टीम ने उसे दबोच लिया। यात्रियों से पूछताछ की गयी तो बड़ी संख्या में बिना टिकट यात्री मिले जो कंडक्टर को किराये के पैसे दे चुके थे। प्रवर्तन दल ने बस को हमीरपुर डिपो में खड़ा कराकर टिकट मशीन सहित बैग को डिपो में जमा कराया है।


हमीरपुर प्रवर्तन दल द्वारा महोबा डिपो की बस पर मौदहा सुमेरपुर के बीच इंगोहटा में औचक निरीक्षण किया गया था। टीम ने मशीन और बैग को अपने कब्जे में लेते हुए जब यात्रियों से टिकट मांगा तो 14 यात्रियों के पास टिकट नहीं मिला जो कंडक्टर को पैसे दे चुके थे। चेकिंग टीम ने फिलहाल बस को हमीरपुर डिपो में खड़ा कराकर बैग सहित मशीन को डिपो में जमा कराया है। टीम के सदस्य सत्येन्द्र सिंह सहायक यातायात निरीक्षक ने बताया कि महोबा डिपो की बस में 14 यात्री बिना टिकट मिले थे। ऐसे में 14 यात्रियों के किराए का दस गुना कंडक्टर से वसूला जाएगा। फिलहाल बस को डिपो में खड़ा करा लिया गया है। बैग और टिकट मशीन को डिपो में जमा कराया गया। डिपो के एआरएम राम प्रताप साहू ने बताया कि महोबा डिपो के कंडक्टर लक्ष्मण दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।


महोबा बस डिपो में निरीक्षण करते प्रवर्तन दल के अधिकारी। अमृत विचार

# आम बजट : भाजपा ने सराहा, विपक्षी दलों ने बताया लॉलीपॉप

## इनकम टैक्स में छूट न मिलने से कर्मचारियों को बजट ने किया निराश

संवाददाता कार्यालय, महोबा



एमएलसी जितेंद्र सेंगर, सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, बसपा जिलाध्यक्ष गंगादीन अहिरवार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी व पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिला महामंत्री बीके तिवारी।

**अमृत विचार।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने मगलवार को 2024-25 का आम बजट पेश किया। बजट में कर्मचारियों को कुछ न मिलने पर उनमें आक्रोश दिखाई दिया। इनकम टैक्स छूट में भी कर्मचारियों को कोई फायदा नहीं दिया गया। पेंशनर्स सेवा संस्थान ने इस बजट में कर्मचारियों को निराश किया है। आयकर सीमा की छूट भी नही बढ़ाई गई है। केंद्रीय बजट को भाजपा ने जनहित और किसान हित में बताते हुए इसकी सराहना की है, वहीं विपक्षी दलों ने बजट को सिर्फ लॉलीपॉप बताया है।

एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने केंद्रीय बजट को देश के विकास और मध्यम वर्गीय के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया आम बजट में सरकार ने गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर, पीएम सूर्य योजना से निःशुल्क बिजली कनेक्शन, युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार के लिए अभूतपूर्व अवसर का प्रावधान किया गया है। किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए बजट में विशेष ध्यान रखा गया। मुद्रा लोन बढ़ाकर बीस लाख रुपये कर दिया गया है। स्वास्थ्य शिक्षा, कृषि पर भी ध्यान दिया गया है, जिससे देश की अर्थ व्यवस्था को रफ्तार मिलेगी। अन्य योजना पांच साल के लिए निःशुल्क बढ़ा दी गई हैं ।

सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने कहा कि आम बजट में सरकार ने गरीबों, महिलाओं और आम आदमी के लिए बजट में कोई राहत नहीं दी गई। किसानों को भी बजट में सिर्फ लॉलीपॉप दिया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है, लेकिन महंगाई घटाने के लिए सरकार ने आम बजट में कोई राहत नहीं दी है। आम बजट में की गई घोषणाएं धरतल पर नहीं उतरती हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने कहा कि इस साल का बजट गरीब विरोधी बताया गया है। आम बजट में सरकार ने गरीबों को गरीबी रेखा स उभारने के लिए कोई राहत नहीं दी है। किसानों के लिए भी बजट में कोई नई योजनाएं शामिल नहीं की गई है, जिससे किसानों को कुछ लाभ मिल सके। बसपा जिलाध्यक्ष गंगादीन अहिरवार ने कहा कि आम बजट में गैस, पेट्रोल, डीजल जैसी कोई भी वस्तु सस्ती नहीं की गई ।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार का आम बजट सरकारी कर्मचारियों के लिए पूरी तरह से निराशाजनक है। बजट में आठवें वेतन आयोग के सम्बन्ध में कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही पेंशन बहाली के सम्बन्ध में कोई विचार विमर्श किया गया हैं। पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिला महामंत्री बीके तिवारी ने आम बजट को कर्मचारियों, किसानों के लिए लॉलीपॉप बताया। उन्होंने कहा कि बजट में शेयर बाजार, निफ्टी एक प्रतिशत गिर गई।

## मिडिल क्लास की महिलाओं का गड़बड़ाया घर का बजट



अवध किशोरी व नीलम परिहार।

**महोबा।** केंद्र सरकार के आम बजट से मिडिल क्लास की महिलाओं का घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। पहले से ही जोड़ तोड़कर घर चलाने वाली गृहणी आम बजट से काफी उम्मीद लगाए बैठी थीं कि रोजमर्रा और खाद्यान वस्तुएं सस्ती करके सरकार महिलाओं का दिल जीतेगी, लेकिन इस बजट ने मिडिल वर्ग के कुछ नहीं किया, इससे उनका घरेलू बजट पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वही महिलाओं का कहना है इस बजट हमारे लिये कुछ भी नहीं है।

सपा महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष अवधकिशोरी का कहना है कि आम बजट गरीब और सामान्य वर्ग की महिला विरोधी है। रोज कमाने खाने वाली महिलाओं का बमुश्किल से घर चल रहा था। प्याज लहसुन, अदरक, टमाटर, रिफाइंड के अलावा खाद्यान्न सामग्री जहां की तहां है। इनके सस्ते न होने से गरीब और मिडिल वर्ग की महिलाओं के सामने और संकट खड़ा हो गया है।

पिपरा निवासी नीलम परिहार कहती हैं कि आमबजट में जहां महिलाओं को कुछ नहीं मिला, वहीं महिला किसानों का भी कोई ध्यान नहीं रखा गया है, जिससे ग्रामीण अंचलों में समूह बनाकर थोड़ा थोड़ा पैसा कमाने वाली महिलाएं बजट से काफी उम्मीद लगाए थी कि कुछ दैनिक उपयोगी वस्तुएं सस्ती होने से उनके घरेलू बजट में कुछ कमी आएगी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने इस बजट को महिला विरोधी बजट बताया और कहा कि हमारे लिये कुछ भी नहीं मिलाा।

## सार-संक्षेप



खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक व शिक्षामित्र। अमृत विचार

### शिक्षामित्रों ने नारेबाजी करते हुए सौंपा ज्ञापन

**कुलपहाड़ महोबा।** आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी जैतपुर को सौंपा। एबीएसए ने ज्ञापन मिलने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाने का संघ को आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के लिए विद्यालय की छुट्टी होने के बाद सभी शिक्षक और शिक्षामित्र एसोसिएशन के बैनर तले खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय जैतपुर पहुंचे, जहां पर पहले शिक्षक एकता जिंदाबाद, हमारी मांगे पूरी करे आदि नारे लगाने के बाद एबीएसए को ज्ञापन दिया। आदर्श समायोजित शिक्षक के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार, महामंत्री अरविंद मोहन सक्सेना के नेतृत्व में शिक्षक और शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित भेजे ज्ञापन में बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में लगभग 1 लाख 48 हजार शिक्षा मित्र 23 सालों से निष्ठापूर्वक शिक्षण कार्य करा रहे हैं। 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद शिक्षामित्रों के समक्ष उनके परिवार का भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया था। इन्हीं परिस्थितियों के चलते प्रदेश में लगभग आठ हजार शिक्षामित्रों की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षामित्र वेलफेयर एसोशिएशन ने बताया कि अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्रों को पुन : सहायक अध्यापक पद पर स्थापित किया जाए।



बच्चे के स्वास्थ्य का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### 181 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**महोबा।** मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर के चिकित्साधीक्षक डॉ. आशीष तिवारी की देखरेख मे स्वास्थ टीम ए ने कम्पोजिट विद्यालय बुधौरा में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं टीम बी ने कर्रा के प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी में 181 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क दवाओं का वितरण किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रथम टीम ने ग्राम बुधौरा के कम्पोजित विद्यालय में कैंप लगाया, जहां पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की दूसरी टीम ने विकासखंड जैतपुर के ग्राम कर्रा प्राथमिक विद्यालय के अलावा वहीं के आंगनबाड़ी परिसर में कैंप का आयोजन किया, जहां पर आए हुए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क दवाएं वितरित की गई। लगाए गए कैंप में स्वास्थ्य टीमों द्वारा एक एक बच्चे का संतोषजनक तरीके से 181 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## मोबाइल में सेव कांटैक्ट्स न दिखें तो हो जाएं चौकन्ना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** साइबर सेल प्रभारी निशिकांत राय ने लोगों को इंटरनेट के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इधर, जालसाजों द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट के साथ ही ईमेल अकाउंट हैक कर धनराशि मांगने की शिकायतें बढ़ी हैं। सेव कांटैक्ट्स दिखना बंद हो जाएं तो चौकन्ने हो जाएं।

निशिकांत ने बताया कि हैकर जीमेल आईडी हैक करके मोबाइल नंबर और रिकवरी ईमेल आईडी बदल लेते हैं। ऐसे में अकाउंट का पासवर्ड रीसेट नहीं हो पाता। अकाउंट हैक हो जाने पर मोबाइल हैंडसेट में सेव कॉन्टेक्ट्स दिखना बंद हो जाता है, क्योंकि उपभोक्ता जीमेल अकाउंट का एक्सेस खो चुका होता है। बताया कि गूगल ड्राइव पर सेव फोटो, वीडियो कॉंटैक्ट्स आदि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही पीड़ित के गूगल अकाउंट को अन्यत्र वेबसाइट पर रजिस्टर कर अपराध भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड हो तो पहले साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या संबंधित वेबसाइट पर शिकायत रजिस्टर करें।

### ये सावधानियां बरतें

साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए अनजान नंबरों के कॉलर पर विश्वास न करें। मोबाइल में कोई भी संदिग्ध एप्लीकेशन या एपीके फाइल डाउनलोड न करें। ई-मेल टेक्स्ट मैसेज/व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के मैसेज में आई नीले रंग की लिंक (यूआरएल) पर क्लिक न करें। गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर टू-स्टेप वेरीफिकेशन ऑप्शन हमेशा खोले रखें।

## महिलाओं को बताई उनकी योजनाएं

संवाददाता कार्यालय, महोबा





छात्राओं को जानकारी देतीं वन स्टाप सेंटर की सुपरवाइजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्ल्यू के तहत 04 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है, जिससे छात्राएं, महिलाएं हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग कर पुलिस की मदद ले सकें और आत्मनिर्भर बनकर बिना झिझक कालेज, स्कूल, बाजार आ जा सकें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक के निर्देश पर मगंलवार को 100 दिन कैंपनिंग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम के तहत जनपद के रामश्री महाविद्यालय में मातृत्व लाभ योजना सप्ताह की थीम के अंतर्गत बालक, बालिकाओं और महिलाओं को सखी वन स्टाप सेन्टर से चाइल्ड लाइन से सुपरवाइजर प्रियंका सिंह एवं परामर्शदाता सीमा यादव के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर के समस्त सुविधा एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सौरभ बुधौलिया और विद्यालय का स्टाफ सहित बच्चे मौजूद रहे।

## सरोवर पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस

**महोबा।** रतन सागर तालाब के बंधान पर हुए अतिक्रमण पर नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए तथा अतिक्रमण हटाने का नोटिस अतिक्रमणकारियों को जारी कर दिया है। नोटिस जारी होने से अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया है। नोटिस के बाद सालों से सरोवर की भूमि पर कब्जा की लोगों में बेचैनी पड़ गई है इस समस्या से निपटने के लिए वह नेताओं की चौखट पर दौड़ धूप करने में जुट गए हैं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के आस पास तथा तालाब के बंधान में नागरिकों ने अतिक्रमण करते हुए दुकानों का संचालन शुरू कर दिया है और एक के बाद एक नया अतिक्रमण और उसकी शिकायतों के बाद अखिरकार नगर पालिका को कार्यवाही करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने टट्टर आदि लगाते हुए अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी कर दिया है। जारी किये नोटिस मे अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।

## अब स्मार्ट क्लास में होगा शिक्षण कार्य

- श्री काशी प्रसाद इंटर कालेज खरेला में हुई शुरुआत

**महोबा।** केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर कानवेंट कल्चर से प्रतिस्पर्धा कर सभी सरकारी अर्द्धसरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना कर स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के अनुपालन में श्री काशी प्रसाद इण्टर कालेज खरेला में स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया है।

शासन के निर्देश पर इण्टर कालेज में स्मार्ट क्लास चलाए जाने के एक विशेष रूम की व्यवस्था की गयी है जिसको सुसज्जित कर 75 इंची एलइडी को लगाकर विद्यालय में अध्ययनरत करीब 150 छात्र छात्राओं को भूगोल विषय की शिक्षा आनलाईन प्रवक्ता डॉ. रणजीत सिंह व विज्ञान के शिक्षक विवेक कुमार सिंह द्वारा दी गयी। काशी प्रसाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है स्मार्ट कक्षाएं भारतीय शिक्षा परिदृश्य में शिक्षा का एक आधुनिक तरीका है जो छात्रों को बेहतर अवधारणा निर्माण अवधारणा विस्तार एवं पढ़ने के कौशल में सुधार और शैक्षणिक उपलब्धि में मददगार होगा। सिंह ने बताया कि स्मार्ट कलासों में छात्र छात्राओं को लैपटॉप कम्प्यूटर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं ने स्मार्ट क्लास की जमकर प्रसंशा करते हुए शासन के उक्त फैसले पर हर्ष जताया। इस मौके पर शिक्षक रमाकान्त सोनी' गया प्रसाद त्यागी' भूपेन्द्र दीक्षित' पूरनमासी' विपिन मिश्रा' देवेन्द्र मिश्रा सहित एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षामित्र ने फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के गांव सूपा निवासी भगवती देवी 42 प्राथमिक विद्यालय सूपा में शिक्षामित्र के पद पर तैनात थी। बताया जा रहा है कि उसका घर पर विवाद हो गया था जिससे वह खासी परेशान थी मंगलवार को परिवार के लोग जब दूसरे कमरे में थे तभी उसने सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर बाद ससुरालीजनों ने देखा तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कहा जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## दूसरे दिन भी शिवालयों में उमड़े भक्त

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- भक्तों ने शिवजी का शृंगार कर की पूजा-अर्चना

**अमृत विचार।** सावन माह के दूसरे दिन भी शिवालयों में जमकर भक्त उमड़े और बाबा शिव की पूजा अर्चना की। सुबह से ही शिव भक्तों का पूजा अर्चना के लिये शिवालयों में तांता लगा रहा। सावन माह में रुद्राभिषेक करने के लिए किसी मुर्हुत की जरूरत नहीं पड़ती है, अन्य माह में किसी भी कार्य को करने के लिए मुर्हुत देखे जाते हैं। इसलिये सावन माह में शिवभक्त रुद्राभिषेक के बाद महादेव का श्रृंगार भी कराते हैं।

शिव मंदिरो में श्रद्वालुओ ने श्रवण मास के दूसरे दिन की सुबह से पहुंचकर पूजा अर्चना की। पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिवकी पूजा अर्चना की। मंगलवार को भी शिव मंदिरों में जलाभिषेक और रुद्रभिषेक हुआ। तमाम भक्तों ने शिवालयों में पहुंचकर योग्य पुरोहितों से रुद्राभिषेक कराया, जिसके चलते आज भी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा और भंडारों में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह कस्बा पनवाड़ी के शिव मंदिरों में भक्तों का सारा दिन तांता लगा रहा। जलाभिषेक करने के बाद भक्तों ने बाबा शिव की पूजा अर्चना की।

कुलपहाड़ प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे के अलावा बेलाताल क्षेत्र में भी महिलाएं हाथों में थाली और जल लेकर शिव मंदिरों में पहुंचीं। जहां पर भगवान शिव की पूजा करने के बाद भक्तों ने मन्नत भी मानी। इसलिए सावन मास में भक्तों का मंदिर में आने जाने का सिलसिला सारा दिन जारी रहा। शिवालयों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई, जिससे मंदिरों में बेहतर व्यवस्था दिखाई दी।



शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

राहत के साथ आफत भी — झमाझम बारिश के चलते तमाम दुकानों और मकानों में पानी भरने से लोगों को हुई समस्या

## तेज बारिश से हुआ जलभराव, मार्गों और सड़कों पर भरा पानी

संवाददाता कार्यालय, महोबा



सड़क पर भरे पानी से निकलते बाइक सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार को हुई तेज बारिश से शहर से लेकर गांव-गांव में जगह-जगह पानी भर जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिकांश स्थानों पर जल निकासी की सुविधा न होने से लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया। कई स्थानों पर पानी भर जाने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। सड़कों पर दो-दो फीट पानी भर जाने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। कस्बा कबरई की सड़क करीब चार फीट ऊंची हो जाने से तेज बारिश के चलते तमाम दुकानों में पानी भर जाने से दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। बारिश के चलते आवागमन पर भी विपरीत असर पड़ा।

गौरतलब है कि दस दिनों बाद हुई तेज बारिश से एक बार फिर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में नारकीय जीवन जीने को लोग मजबूर हो गए। ग्रामीण अंचलों में साफ सफाई के लिए लगाए गए सफाई कर्मचारियों द्वारा महीनों नालियों की सफाई न करने और गांव की गली में कभी कभार झाड़ लगाने के चलते नालियां कूड़े से पटी पड़ी थीं और तेज बारिश होने से नालियां उफना गईं, जिसके कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या पैदा हो गई। तमाम लोगों के घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को गंदा पानी निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पडी।

नगरीय क्षेत्रों में भी बारिश होने से नाले नालियों की बहेतर सफाई न किए जाने के कारण जल निकासी न होने से जगह जगह सड़कों पर पानी भर गया, जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को जिले में डेढ़ घंटे हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई, लेकिन जगह जगह कीचड़ और से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### अजनर में भी पानी भरने से लोग हुए परेशान

**अजनर।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम बुधौरा, अजनर सहित कई गांव में तेज बारिश के चलते जल निकासी न होने से नालियां उभना जाने के बाद मार्गो और सड़कों पर पानी भर गया। ग्राम अजनर में कई सालों से नालियों की सफाई न होने पर बारिश में हर साल लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वन रेंज कार्यालय से थाना अजनर जाने वाले मार्ग पर सरकारी अस्पताल के पास तो जल भराव और कीचड़युक्त मार्ग हो जाने से लोगों को असुविधा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों के मकानों के आगे अतिक्रमण होने से भी जल निकासी की समस्या बढ़ गई है।

### बारिश से फसलों को मिली संजीवनी, किसान हुए खुश

बारिश न होने से किसानों की सूख रही रवी की फसल को मंगलवार को हुई झमाझम बारिश से संजीविनी मिल गई है। बारिश होने के बाद खेत में मुरझा रही फसल लहलहाने लगी। इसके बाद काफी देर तक रिमझिम बारिश होती रही, जो खेतों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। एक पखवाड़े बाद हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। दूसरी तरफ मौसम की तेज बारिश होन पर बच्चे से निकलकर बारिश के पानी नहाते दिखाई दिए, वहीं महिलाओं ने भी छतों पर भीगकर और नहाकर बारिश का आनंद लिया। वहीं कुछ बच्चे हाथों में छोटी छोटी छतरी लेकर घूमते दिखे।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए चलाया गया सफाई अभियान

संवाददाता कार्यालय, महोबा





दवा का छिड़काव करता सफाई कर्मी।

- संचारी रोग से बचाव के लिए नालियों के आसपास किया गया दवा का छिड़काव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिले की ग्राम पंचायतों में संचारी रोग से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों द्वारा टीमें बनाकर गांव गांव में सफाई का कार्य तेज गति से शुरू करा दिया गया है। इसके अलावा दवा का छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाया जा सके साथ ही नालियों व कीचड़युक्त स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

मालूम हो कि विकासखंड जैतपुर की 64 ग्राम पंचायतों में साफ सफाई ओर एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू करा दिया गया है, जिसके तहत संचारी रोग से बचाव किया जा सके। खंड विकास अधिकारी जैतपुर ने बताया कि प्रत्येक गांव पंचायत में प्रधान एवं सचिव की निगरानी में नालियों की साफ सफाई, कूड़े के ढेरों को उठाकर दवा का छिड़काव के साथ साथ सम्पूर्ण गांव में कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए गांव-गांव में सफाई कर्मचारियों की भारी फौज लगाई गई है, जिससे जल्द से जल्द ग्रामीण अंचलों की साफ सफाई हो सके।

इसी क्रम मे ग्राम पंचायत भुजपुरा का सम्मलित गांव घटेरा मे मगंलवार को ग्राम प्रधान सुखदयाल एव सचिव निजाम अली की निगरानी मे सफायी कर्मी मकबूल अली द्वारा संचारी रोग से बचाव के लिए सम्पूर्ण गांव में नालियों की साफ सफाई कर कूड़े के ढेरों को उठाकर दवा का छिड़काव किया गया साथ ही ग्रामीणों को सड़क पर कूड़ा न डालने की हिदायत भी दी गई।

## एक नजर

### खेत से मिट्टी खनन का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी अंतर्गत चिल्लामाफी निवासी शंकर ने गांव निवासी तीन लोगों पर उसकी जमीन से मिट्टी का खनन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर ने आरोप लगाया है कि उसके खेत से राजबहादुर, बसंतलाल और प्रेमचंद्र ने 180 घन मिट्टी का अवैध खनन किया है। इसकी पुष्टि क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व खनन निरीक्षक ने भी मुआयना कर की है। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।

### बेटी घर से गायब, पड़ोसी युवक भी लापता

**चित्रकूट।** मारकुंडी थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने अपनी 20वर्षीया नातिन के 20 जुलाई से घर से गायब होने की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया है कि नातिन उस दिन शाम से कहीं चली गई है। उसी दिन से उसके पड़ोसी के यहां रहने वाला युवक भी गायब है। उसका बाबा भी कोई जानकारी नहीं दे रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी दबोचा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पांच मई को एक पीड़िता ने थाना पहाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बुंदेला पुत्र रामध्वज निषाद निवासी रईयापुरवा मजरा गढ़ीघाट ने उससे छेड़छाड़ की है तथा उलाहना देने पर उसके माता पिता को गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। एसआई अवधनारायण ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### साक्षात्कार आज और कल

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, लोहार, कुम्हार एवं राजमिस्त्री ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कालूपुर पाही में 24 एवं 25 जुलाई को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से होगा। संबंधित अभ्यर्थियों से मूल प्रमाणपत्रों के साथ समय से पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

### बागवानी विकास मिशन योजना का लें लाभ

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने किसानों को जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत लक्ष्य की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पपीता के दो हेक्टेयर, संतरा चार, नीबू आठ, आंवला और करौंदा पांच-पांच, बेल दो हेक्टेयर का लक्ष्य मिला है। किसान आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, फोटो, मोबाइल नंबर व विभाग का पंजीयन, जिसमें इस रोपण की मांग हो, को उपलब्ध कराने पर इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### रघुवीर मंदिर परिसर में हुआ पादुका पूजन

**सीतापुर (चित्रकूट)।** परमहंस संत श्री रणछोड़दासजी का रघुवीर मंदिर परिसर में पादुका पूजन किया गया। इसमें देश भर से गुरुभाई बहनों एवं सद्गुरु परिवार के सदस्यों ने शिरकत की। ट्रस्टी डा. बीके जैन, डा. इलेश जैन एवं उषा जैन ने पूजन-अर्चन किया। साधु भंडारे का आयोजन किया गया। सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

### कोर्ट उठने तक की सजा

**चित्रकूट।** जीआरपी कर्वी में पंजीकृत धारा 379 भा.द.वि. के मामले में बीते दिन सिविल जज (सी.डि.) ने दोषी राजा उर्फ कटहर पुत्र श्याम निवासी शोभा सिंह का पुरवा को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

# कहीं निराशा तो कहीं आशा का संचार

केंद्रीय बजट

चित्रकूट। मंगलवार को एनडीए सरकार की तीसरी पारी का पहला बजट पेश हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सातवीं बार यह बजट सदन में रखा। बजट को लेकर लोगों में मिली जुली प्रतिक्रियाएं रहीं। जैसा कि अपेक्षित है, सत्ता पक्ष ने इसे बढ़िया कहा तो विपक्षी दलों के लोगों ने इसकी आलोचना की।

### बहुत ही शानदार बजट है : चंद्रप्रकाश



- भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने इस बजट को बहुत ही शानदार बताया। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने की व्यवस्था है। इसके अलावा निशुल्क पीएम सूर्य बिजली कनेक्शन योजना से बिजली की समस्या का काफी हद तक निदान होगा। इसमें रोजगार की समस्या का हल खोजने की कोशिश है।

### निगरानी तंत्र भी बनना चाहिए: भैरों प्रसाद



- पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि बजट में आयकर का स्लैब बढ़ाने से मध्यवर्ग को फायदा होगा। मध्यमवर्गीय उद्योगपतियों को भी बजट से राहत मिलेगी। महिलाओं और किसानों के लिए प्राविधान अच्छे हैं। पर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक निगरानी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है।

### सैनिकों का ध्यान नहीं रखा गया: रामसिया



- अपना दल जिलाध्यक्ष रामसिया पटेल ने कहा कि बजट में सैनिकों के लिए कोई सुनवाई नहीं है। वह खुद पूर्व सैनिक हैं। सरकार सैनिकों के लिए पुरानी नीतियों को फिर चालू करे। अगर जनता के साथ सही नहीं किया जाएगा तो क्रोधित तो होगी। बेरोजगारी पर सरकार को ध्यान देना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल हमेशा गरीबों के हितों के लिए आवाज उठाती रही हैं।

### महंगाई दूर करने का प्रावधान नहीं: रुद्र प्रसाद



- माकपा के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि बजट में बेरोजगारी दूर करने, सरकारी नौकरी, महंगाई कम करने का कोई प्राविधान नहीं है। प्राइवेट पूंजीपतियों के यहां नौजवानों को रोजगार देने का कदम इनकी संपत्ति बढ़ाएगा और बेरोजगारों का शोषण कराएगा। यह बजट कर्ज देने के लिए है। इससे आमजन को कोई फायदा नहीं है।

### पूंजीपतियों के हितों का रखा ध्यान: शिवबाबू



- बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने इस बजट को पूंजीपतियों के हित साधने वाला बताया। कहा कि बजट में केंद्र सरकार ने किसान, बेरोजगार, छात्र तथा कर्मचारी हितों की पूर्ण उपेक्षा की है। बजट जनहित को ध्यान में न रख करके पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों के लिए बनाया गया है जबकि इसे शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए था।

### युवाओं के प्रशिक्षण की बात धोखा:अनुज



- समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने बजट में युवाओं के प्रशिक्षण की बात कही है, जो इस सदी का सबसे बड़ा धोखा है। किसानों की आय, महिलाओं को सुरक्षा, रोजगार पर बजट खामोश है। 100 स्मार्ट सिटी किस ग्रह में है अभी पता नहीं। देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाले उत्तर प्रदेश को इस बजट में कुछ नहीं मिल पाया।

### कंपनियों को लाभ, ग्रामीणों को नहीं:अनिल प्रधान



- सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि यह बजट सिर्फ कागजी है। पूंजीपतियों और बड़े लोगों को लाभ देने के लिए उन्हीं के इशारे पर यह बनाया गया है। इसमें कोई भी प्रावधान ऐसा नहीं है, जो गरीब और किसान को फायदा दे। जो इस सरकार की बैशाखी बने हैं, उन पार्टियों के राज्यों को तो फायदा पहुंचाया गया है पर देश के महत्वपूर्ण राज्य उप्र पर ध्यान नहीं दिया गया।

### बालिका शिक्षा की सिर्फ होती हैं बातें : नीरू



- प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अधिवक्ता नीरू गुप्ता ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है। न तो बालिका शिक्षा के लिए कोई बजट है और न गरीब बच्चियों की शादी के लिए कोई विशेष सहायता है। महंगाई बढ़ती जा रही है पर इस पर सरकार चुप है। दाल, टमाटर किसकी बात की जाए। जब पेट पर भोजन नहीं मिलेगा तो विकास कैसे होगा।

### निराश करने वाला है बजट: अजय राज



- समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी ने भी बजट की आलोचना की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बजट में आम आदमी, मध्यमवर्गीय परिवार, किसान, युवा एवं महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बजट निराश करने वाला है। सरकार का यह बजट किसानों, युवाओ के लिए छलावा है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

### आम आदमी अब सब्जी खाता ही नहीं:शानू



- सब्जी विक्रेता शानू ने कहा कि पहले 10-12 कैरट तक टमाटर बेच लेते थे। अब बमुश्किल चार कैरट तक ही बिक पाता है। हर सब्जी महंगी हो गई है। गरीब आदमी तो सब्जियां खरीदने की सोचता ही नहीं। सरकार को सबसे पहले महंगाई को कम करने की ओर ध्यान देना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आम आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाएगा।



अवैध कब्जे से लगी सब्जी की दुकानों को हटवाते एसडीएम।

# सब्जी मंडी रोड पर चला बुलडोजर तो मची भगदड़

संवाददाता, राजपुर (चित्रकूट)

- अब दुकानें लगाईं तो सब्जी होगी जब्त:एसडीएम

**अमृत विचार।** सब्जी मंडी रोड व तुलसी स्मारक रोड पर मंगलवार को बुलडोजर ने अवैध कब्जे से किए गए निर्माण को ढहा दिया। सड़क पर बैठे सब्जी दुकानदारों को हटाया गया और हिदायत दी गई कि अब सड़क पर दुकान लगाईं तो सब्जी जब्त कर ली जाएगी।

अतिक्रमणरोधी अभियान की अगुवाई उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने की। गौरतलब है कि अतिक्रमणकारियों को पहले मुनादी कराकर अवगत कराया गया था लेकिन सरकारी जमीन खाली नहीं हुई। अपराह्न लगभग दो बजे से एक बुलडोजर चिह्नित स्थानों पर पहुंचा और प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया।

नायब तहसीलदार राजीव दुबे, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा के साथ अतिक्रमण हटाने में नगर पंचायत के कर्मचारी पवन तिवारी, पुरुषोत्तम जाटव, अमित सोनी, रूप सिंह, अमलदार सिंह आदि मौजूद रहे।

**दो करोड़ रुपये स्वीकृत**

एसडीएम ने बताया कि तुलसीतीर्थ के सुंदरीकरण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। अतिक्रमणरोधी अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा और लोगों को आठ दिन पहले ही मुनादी कराकर सूचना दे दी गई थी।

# कीचड़ से होकर शिव मंदिर जा रहे भक्त

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बड़ी आबादी वाले धार्मिक महत्व के खंडेह गांव में शिव मंदिर का अपना एक अलग महत्व है। इसी वजह से पुरातत्व विभाग ने इसे लेकर विकास कार्य भी चालू किया है। भोले शंकर की पूजा अर्चना करने के लिए उनके दर तक कीचड़ भरे रास्ते रुकावट पैदा कर रहे हैं। भगवान भोले की पूजा करने वालों को आने-जाने में कीचड़ भरे रास्ते से चलना पड़ रहा है।



खंडेह के प्रसिद्ध शिव मंदिर जाने वाला कीचड़ भरा मार्ग। अमृत विचार

इस शिवालय में भगवान का अभिषेक करने के लिए न सिर्फ गांव वाले बल्कि आसपास और दूर दराज से लोग आते हैं। यहां का ढाई फीट ऊंचा नीलम के पत्थर शिव की पूजा और दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों का जमावड़ा होता है। इस शिवालय परिसर के सामने कीचड़ युक्त रास्तों से ही भक्तों को निकल कर आना पड़ता है। पुरातत्व विभाग ने इसकी एक और की दीवार तो निर्मित करा दी और मरम्मत का कार्य चालू है। लेकिन इसके सामने का परिसर उसके मार्ग आज तक नहीं बन सके। इस समय मंदिर परिसर के अंदर संगीतमय रामचरितमानस का कार्यक्रम चल रहा है। गांव निवासी पुत्तन तिवारी, पुजारी रामनरेश दुबे, कार्तिक तिवारी, रोहित दुबे सत्यम, आशु चौबे व अमन आदि लगातार कार्यक्रम को भव बनाने में जुटे हुए हैं।

# 14 आवारा कुत्तों को वैक्सीनेट किया

**कालपी(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद तथा पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम के द्वारा चलाये गए अभियान के दौरान नगर के सार्वजनिक स्थानों में आवारा तरीके से विचरण कर रहे 14 कुत्तों को बैक्सीनेट किया गया।

पिछले दिनों से नगरीय क्षेत्र में आवारा कुत्तों के विचरण के मामले प्रकाश में आ रहे थे। दूसरी बार शुकवार को लाल रंग के एक छोटे पागल कुत्ते ने घूम घूम कर तरीबुल्दा मुहल्ले में 19 लोगों को काट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। सभी का इलाज किया गया है।

# धीरेंद्र शास्त्री ने जगद्गुरु राम भद्राचार्य से लिया आशीर्वाद

**चित्रकूट।** तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन बागेश्वर धाम में शिष्यों की भीड़ लगी थी। इसी के चलते पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चित्रकूट नहीं आ पाए। मंगलवार को उन्होंने अपने गुरु राम भद्राचार्य का चित्रकूट में आकर पूजन किया। जगद्गुरु ने उन्हें आशीर्वाद देकर धर्म का प्रचार करयने का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि तुम जितना सनातन धर्म का प्रचार करोगे उतना ही अच्छा रहेगा। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चित्रकूट आना यहां पहली बार नहीं है। वह अकसर अपने गुरु जगदगुरु रामभद्राचार्य जी से मिलने के लिए चित्रकूट आते हैं।



जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी से आशीर्वाद लेते पंडित धीरेंद्र शास्त्री।

# किसानों और युवाओं ने बजट को बताया मिलाजुला

संवाददाता जालौन

- युवा बोले-रोजगार पर होना चाहिए सरकार का ध्यान

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट का ग्रामीणों और युवाओं ने टीवी प्रसारण देखा। कहा कि इस बजट में ग्रामीण तथा किसानों के लिए कोई खास नहीं है। जो कि हर वर्ष की तरह बजट में घोषणा की जाती है, उसका पूरा लाभ गांव में रह रहे लोगों को नहीं मिल पाता। सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

दोपहर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पढ़ा गए बजट को गांव में रह रहे लोगों ने टीवी पर देखा जिसमें एक परिवार को अवध नारायण बाथम का है जिसके पास पांच बीघा जमीन है जिससे उनकी वार्षिक आय 1 लाख से डेढ़ लाख तक होती है उनके तीन पुत्र हैं सभी की शादी हो गई तथा अलग-अलग रहते और मेहनत मजदूरी खेती करके भरण पोषण करते हैं, सरकार द्वारा हर वर्ष किसानों गरीबों के लिए घोषणा होती है लेकिन यह योजना गांव आते आते दम तोड़ देती है, जिससे गांव में रह रहे लोगों का विकास नहीं हो पा रहा है। सरकार को इसके लिए मजबूती से कार्य करना चाहिए।

केंद्र सरकार के बजट को ग्रामीणों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया जताई। कहा कि सरकार के बजट में युवाओं के रोजगार पर फोकस अधिक करना चाहिए। गांव में रह रहे युवाओं ने बजट को मिला जुला बजट बताया तथा कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा रोजगार तथा महंगाई पर लगाम लगानी चाहिए । बजट तो ठीक है लेकिन इन सभी योजनाओं का ठीक से पालन होना चाहिए तथा युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए तभी सरकार के सभी प्रयास सार्थक होंगे।

पहल | डायट में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर जागरूक किया

# तंबाकू सेवन से आसपास के लोगों को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में मंगलवार को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षुओं को आसपास के लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताने के लिए जागरूक किया गया। वक्ताओं का कहना था कि तंबाकू खाने या धूम्रपान से संबंधित व्यक्ति ही नहीं आसपास का वातावरण भी प्रभावित होता है।

प्राचार्य डा. आदर्श कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तंबाकू किसी भी मात्रा में लेना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे आसपास के वातावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशुओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों व मस्तिष्क की बीमारियां हो जाती हैं। राबिया खातून ने बताया कि सभी को साझा संघर्ष करने का निर्णय लेना चाहिए कि स्वस्थ और सकारात्मक समाज बने। वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का उद्देश्य इसके दुष्प्रभावों तथा अधिनियम के प्रति जागरूक करना है। जिला चिकित्सालयों में तम्बाकू नशा उन्मूलन केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला स्तरीय समन्वयन समिति तथा टास्क फोर्स के गठन से प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक स्थलों तथा शैक्षणिक संस्थानों में धूम्रपान कम होगा। कार्यक्रम में राजेश उपाध्याय, सौरभ चंद्र सविता, अखिलेश कुमार पांडेय, मोहित सिंह, तारिका सिंह, शिव प्रसाद, शिवलाल यादव, सिकंदर यादव, गोरेलाल यादव, संतोष कुमार सरोज, हेम सिंह आदि ने विचार रखे।



डायट में अपने पोस्टर व बैनरों के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी। अमृत विचार

**प्रतियोगिताएं भी हुईं**

इस मौके पर तंबाकू निषेध पर स्लोगन, बैनर, चार्ट, नुक्कड़ नाटक व फ़्लैश कार्ड प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में आरती, आराधना, रोशनी व प्रभा की टीम को प्रथम स्थान, मानसी, रेखा, रोशनी, अनामिका व चंद्रप्रभा की टीम को द्वितीय एवं राधना, प्रियांशी, मानसी, नंदिनी, नमिता, नेहा, शिवाली व शिवांगी की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर में दीपिका, दीपाली, प्रतिभा, प्रियंका व शिखा की टीम ने बाजी मारी। श्रेया, प्रिया, कीर्ति, कोमल, श्रुति, संध्या, स्नेहा, सुष्मिता व प्रज्ञा की टीम द्वितीय तथा आस्था, मनोरमा, प्राची, प्रीति, श्रेया व ज्योति की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## सार-संक्षेप



स्थानांतरण पर विदाई समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

### चौकी प्रभारी को दी भावभीनी विदाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी गौरव तिवारी और उप निरीक्षक उमाशंकर यादव को मंगलवार को भावभीनी विदाई दी गई। करीब छह माह बाद गौरव तिवारी और दो साल से तैनात उमाशंकर यादव का तबादला हुआ है। गौरव को कर्वी कोतवाली और उमाशंकर यादव का प्रयागराज ट्रांसफर हुआ है। उप निरीक्षक मेवा लाल, विमलेंद्र यादव, अतुल सिंह, अरविंद्र मौर्य, नागेश कुमार, रवि शंकर, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

### दो बच्चों को अयोग्य पाया, चार को किया रेफर

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** सरधुआ इंटर कालेज में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 24 दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्रमाणपत्र बनाए गए। दो को चिकित्सक दल ने अयोग्य पाया। चार को उच्च मेडिकल संस्थान में रिफर किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह शिविर लगाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनवाए गए। बच्चों का परीक्षण अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार की अगुवाई में डा. रामनरेश राजपूत, अरुण आर्या, नरेंद्र पटेल, रिजवाना और डा. शिवशरन सिंह ने किया। शिविर आयोजन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप कुमार सिंह, संजय सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, रेनू मिश्रा आदि का सहयोग रहा। बीएसए ने बताया कि यह पाचवां शिविर है।

### चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा, दो महिलाएं पकड़ीं

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय की अगुवाई मंर पुलिस टीम ने परानू बाबा मेले में चेन स्नैचिंग की घटनाओं का खुलासा किया है। दो महिलाओं को गिरफ्तार कर इनसे चार चेन बरामद की गई हैं। 19 जुलाई को परानू बाबा आश्रम में लगे मेले से महिलाओं के गले से चेन खींच ली गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने घटना के अनावरण की जिम्मेदारी एसआई रामकृत यादव को दी थी। एसआई ने मुखबिर की सूचना पर विवेचना से प्रकाश में आईं बुदली पत्नी दुर्गा और शिवकुमारी पत्नी धर्मवीर निवासीगण बेरुई थाना सरायं अकिल जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया। इनसे चार चेन बरामद हुईं। पुलिस की पूछतांछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों जीविकोपार्जन के लिए चोरी करती हैं। पुलिस टीम में एसआई दिव्यांश पाण्डेय, कांस्टेबिल पल्लवी और मनीष यादव शामिल रहीं।

### एएसपी ने की विवेचनाओं की समीक्षा

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को चौकी सरैया में थाना मानिकपुर, बहिलपुरवा, मारकुंडी एवं चौकी सरैया के विवेचकों के कार्यों की समीक्षा की। विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, मारकुंडी निरीक्षक शिवआसरे, बहिलपुरवा राम सिंह, चौकी प्रभारी सरैया श्यामदेव सिंह मौजूद रहे।

### सखी वन स्टॉप सेंटर का किया मुआयना

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा ने मंगलवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।बताया कि केंद्र में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सेंटर में आने वाली प्रत्येक पीड़ित महिला को सुविधा मुहैया होती रहे और हर पीड़ित की हर संभव मदद भी की जाए। निरीक्षण के दौरान सेंटर में रंजीता पांडेय, अर्चना साहू, अर्चना यादव, उपासना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### कैप्टन लक्ष्मी सहगल को याद किया

**चित्रकूट।** कैप्टन लक्ष्मी सहगल निर्वाण दिवस पर जनवादी महिला समिति चित्रकूट ने ग्राम तौरा में बैठक कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष पूनम ने कैप्टन लक्ष्मी सहगल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि आज के ही दिन कैप्टन इस दुनिया को अलविदा कह कर हमेशा-हमेशा के लिए चली गईं। आज उनकी यादें हमें समस्याओं से संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि आजाद हिंद फौज में शामिल होकर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए सुभाष चंद्र बोस के साथ मिलकर देशसेवा की। फौज में मेडिकल विंग में घायल सैनिकों की सेवा सुश्रुषा की और आजादी के बाद जीवन भर गरीबों और मजलूमों की मुफ्त सेवा की। बैठक में अभिलाषा देवी, उर्मिला रानी, कमलेश, सुनीता देवी, पूनम, शिव कुमारी, चूनकी, देवरतिया, क्रांति देवी, सुधा, अंजू, अच्छी, तनु, सनाया, मंजू आदि मौजूद रहीं।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्र कैद

**हमीरपुर।** थाना मुस्करा के एक गांव से अनुसूचित जाति की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास व 26 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना मुस्करा के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की किशोरी को 13 जून 2015 को अभियुक्त सुरेश कुमार बहला फुसलाकर कर अपहृत कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर धारा 363, 366, 376, 06 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र बस्सू निवासी ग्राम पहाड़ी भिटारी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोजक एडीजीसी अवध नरेश चंदेल ने बताया कि आपरेशन कंविक्शन के तहत इस मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने पर न्यायालय विशेष पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त सुरेश कुमार को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 26,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### भैंस चोरी के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के हरेहटा गांव के बाहर बीते 9 जुलाई को खेतों में चारा चर रही 5 भैंसों की चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक एक अवैध 315 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। क्षेत्र के हरेहटा गांव निवासी राम शंकर पुत्र छिद्दू ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि बीते 9 जुलाई को उसकी एक भैंस, रामकुमारी की दो भैंस, सुखरानी की एक भैंस, मनीषा की एक भैंस पतारा गांव के आरोपी रामकरन पुत्र रमेश यादव व चीकू उर्फ बुद्ध सिंह पुत्र राम कृपाल सभी भैंसों को हाक कर ले गए थे। पुलिस ने बीते बुधवार को दोनों आरोपी व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डिमुहा गांव की नहर की पुलिया के पास दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इनके पास से अवैध 315 बोर तमंचा व कारतूस व दस दस हजार रुपये जामा तलाशी में बरामद हुए।

### एक लाख रुपये कीमत की डीजे की चार मशीनें चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** चोरों ने डीजे की चार मशीनें पार कर दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी सचिन कुशवाहा पुत्र रामनारायण ने बताया कि 13 जुलाई को उसके मकान के सामने उसका डीजे कमांडर जीप में लगा खड़ा था। रात के समय चोर डीजे की चार मशीनें चोरी करके ले गए। सुबह जब उसने डीजे का उक्त सामान गायब देखा तो आसपास के लोगों से जानकारी की। लेकिन कुछ पता नहीं चला है। बताया कि चारों मशीनों की कीमत एक लाख रुपए है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### हिंदू संगठन मिले सीओ से, दिया ज्ञापन

**जालौन।** गैर संप्रदाय के लड़कों द्वारा बहला फुसला कर नाबालिग बेटियों को ले जाने की घटनाओं का खुलासा न होने पर हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए आमरण अनशन की चेतावनी दी। सीओ को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में हिंदू संगठनों के नेताओ ने कहा कि जालौन क्षेत्र की 5 नाबालिग बच्चियों को दूसरे समुदाय के युवकों द्वारा ले जाया गया। स्थानीय पुलिस ने एक भी नाबालिग को बरामद नही किया और न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हिंदू संगठन के नेताओ ने कहा कि अगर स्थानीय पुलिस प्रशासन उक्त बेटियों को सकुशल बरामद नहीं कर पाता है तो हम लोग 27 जुलाई से क्रमिक भूख हड़ताल कर आमरण अनशन करेंगे। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर, गौ संपदा शोध संरक्षण के अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, बलराम सोनी आदि ने सी ओ राम सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर तथा क्षेत्र से गैर संप्रदाय के लड़कों द्वारा लगभग आधा दर्जन लड़कियों को भगाकर लव जिहाद जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। इसके लिए हम हिंदू संगठन ने 16 जुलाई को एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा था। जिसमे गायब हुईं बेटियों को 3 दिन में बरामदगी की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। तत्पश्चात 18 जुलाई को भी भेंट कर इस पर कार्यवाही की मांग की थी। अगर 26 जुलाई तक उक्त बेटियों की बरामदगी नहीं हुई तथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो हम हिंदू संगठन 27 जुलाई से क्रमिक भूख हड़ताल आमरण अनशन करेंगे।

# अभद्रता पर जिला पंचायत सदस्यों का गुस्सा भड़का

## जिलाधिकारी ने चौकी इंचार्ज के खिलाफ दिए कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत सदस्य के साथ चौकी इंचार्ज द्वारा अभद्रता किए जाने पर आक्रोशित जिला पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत सदस्यों का कहना था कि विवाद का समझौता कराने पुलिस चौकी पहुंचे जिला पंचायत सदस्य से चौकी इंचार्ज ने अभद्रता की। डीएम ने अपर पुलिस अधीक्षक को चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल की अगुवाई में मंगलवार को जिला पंचायत सदस्यों का जत्था कलक्ट्रेट पहुंचा। यहां उन्होंने डीएम नरेंद्र प्रताप को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर यादव निर्वाचन क्षेत्र के दो पक्षों के बीच विवाद की पैरवी करने सिंहपुर पुलिस चौकी गए थे। यहां उन्होंने चौकी इंचार्ज से एक पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा तो चौकी इंचार्ज उन पर भड़क उठे। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने डंडा उठाकर सिर पर मारने का प्रयास किया। उसने किसी तरह से अपना बचाव किया। वीडियो बनाने का प्रयास करने पर मोबाइल फोन जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। अभद्रता करते हुए थाने से जाने को कहा। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा को सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उधर, सिंहपुर चौकी इंचार्ज राजेश मिश्रा का कहना है कि खेत की मेड़ पर लगे बबूल के पेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद था। जिला पंचायत सदस्य एक पक्ष से दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराने का अनावश्यक दबाव बना रहे थे। वह दोनों पक्षों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर रहे थे। इस पर जिला पंचायत सदस्य भड़क उठे। अभद्रता करने की बात निराधार है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य। अमृत विचार

# प्रधान के खिलाफ पंचायत सदस्यों ने खोला मोर्चा

संवाददाता कालपी

● ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी से की जांच के आदेश

● प्रधान ने गौशाला में बंद गायों के लिए खाने पीने की कोई व्यवस्था नहीं की

**अमृत विचार।** महेबा ब्लाक के अटरा खुर्द की ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत सदस्यों ने ग्राम प्रधान द्वारा मनमानी व फर्जीवाड़ा किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है।

ग्राम अटरा खुर्द के ग्राम पंचायत सदस्य रामबहादुर, रामसनेही, बेबी देवी, राजकुमार, जीतू चंद्रपाल और पवन ने मंगलवार को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद की विकास कार्यों में धांधली व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ग्राम प्रधान गौशाला में बंद गायों के लिए खाने पीने की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है। प्रतिदिन गायों की भूख प्यास से मौत हो रही है और कई गायें इतनी कमजोर हो गई हैं जो मरने की कगार पर पहुंच चुकीं हैं। गौशाला में गौवंश की संख्या पहले 34 थी, अब घटकर 14 रह गई है। ग्राम प्रधान तथा सचिव ने आज तक ग्राम पंचायत सदस्यों की कोई भी खुली बैठक नहीं बुलाई है और ना ही ग्राम पंचायत की बैठक की। कार्रवाई का कोई एजेंडा रजिस्टर ग्राम पंचायत सदस्यों के पास भेजा गया है। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव घर बैठकर विकास कार्यों की योजना मनमाने तरीके से बनाकर ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर लेते है, और फर्जी इस्टीमेट बनाकर कागजों में दर्शा कर सरकारी पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है और मनरेगा के समस्त कार्य ट्रैक्टर और मशीनों से कराये जा रहे हैं। मनरेगा के जॉब कार्ड के मस्टर रोल में ग्राम प्रधान द्वारा अपने चहेतों के खातों में पैसा डालकर धन की उगाही की जा रही है। ग्राम पंचायत के आम रास्तों में सभी रास्ते पर कीचड़ जमा हुआ है। ग्राम पंचायत सदस्यों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाकर ग्राम प्रधान पर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेकर मामले की जांच सीडीओ को सौंपी है।

# युवाओं को शहीद आजाद के देश प्रेम से सीख लेने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** कांग्रेसियों ने क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद से देश प्रेम के लिए युवाओं से सीख लेने का आह्वान किया। कहा कि उन्होंने देश के युवाओं के समक्ष त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में मंगलवार को कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि शहीद क्रांतिकारी का बांदा से गहरा नाता था। अपने जीवनकाल में वह कई बार बांदा आए और शहर के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित गोपीनाथ दनादन के आवास में रुककर आजादी की अलख जगाने में क्रांतिकारियों का हौसला बढ़ाया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित व पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद इदरीस ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश के युवाओं के समक्ष त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया। आत्म गौरव व सम्मान के लिए उन्होंने स्वयं अपने प्राण देश हित के लिए न्यौछावर कर दिए।

इस मौके पर शिवबली सिंह, इरफान, सैय्यद वारिस अली, डा.केपी सेन, अशोक वर्धन कर्ण, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, अशरफ उल्ला रंपा, रम्मू प्रसाद वर्मा समेत तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



शहीद क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

■ कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. गोपीनाथ दनादन की दिवंगत पुत्री शकुंतला देवी को दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। गौरतलब है कि दिवंगत शकुंतला देवी वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा.संजय द्विवेदी दनादन की मां और सत्यप्रकाश द्विवेदी की बहन है। इस मौके पर भगवानदीन गर्ग, डा.केपी सेन, शिवबली सिंह, जितेंद्र गौरव, अली बक्स, नत्थूराम सेन, अशर उल्ला रंपा आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

# एसटीएफ जवानों की शहादत को भूले पुलिस अधिकारी

संवाददाता, अतर्रा

● समाजसेवियों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** सोमवार (22 जुलाई 2014) को एसटीएफ की 10वीं बरसी थी। यूं तो हर साल पुलिस अपने जवानों की शहादत पर शहीद दिवस मनाती है, लेकिन एसटीएफ जवानों की शहादत को पुलिस ने नजर अंदाज कर दिया। बरसी के दिन शहादत स्मारक स्थल वीरान और सुनसान पड़ा रहा। किसी भी पुलिस अधिकारी ने दो फूल चढ़ाने की जरूरत नहीं समझी।

गौरतलब है कि 22 जुलाई 2007 में ठोकिया गिरोह की तलाश में जंगल से कांबिंग करके लौट रहे एसटीएफ जवानों को फतेहगंज थाना क्षेत्र के बघोलन तिराहे पर दस्यु ठोकिया ने गिरोह के साथ ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर एक ही वाहन पर सवार छह एसटीएफ जवानों को गोलियों से छलनी कर दिया था। उनकी शहादत की याद में घटना स्थल पर ग्रामीणों ने चंदे से पुख्ता शहीद स्मारक निर्माण कराया गया था। इस स्मारक का उद्घाटन 29 अक्टूबर 2012 को तत्कालीन डीआईजी पीके श्रीवास्तव ने समारोह पूर्वक किया था। दस्यु ठोकिया गिरोह के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए एसटीएफ जवानों की शहादत को 10 साल में ही पुलिस ने भुला दिया। सोमवार को दसवीं बरसी पर उनके स्मारक को अदद फूल नहीं मयस्सर हुए। वहीं दूसरी ओर शहीदों के सम्मान में राजाडांडी गांव निवासी समाजसेवी पीएन त्रिपाठी और उनके सहयोगियों ने शहादत दिवस पर शहीद स्मारक में दीप प्रज्वलित कर शहीद एसटीएफ जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की।

# जल निगम एक्सईएन से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। मंडलीय समीक्षा बैठक से जल निगम एक्सईएन और नेडा मंडलीय अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

आयुक्त कार्यालय सभागार में मंगलवार को कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने मंडल में कराए जा रहे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर जन समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने को कहा। सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ किये जाने तथा निर्माण की गयी सड़कों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ निमार्णाधीन पुलों के सभी कार्य एप्रोच रोड सहित पूरा कराने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारियों को अवशेष अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा कराने को कहा। योजनाओं के तहत खोदी गई सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी बांदा नागेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पांडेय, अपर आयुक्त (प्रशासन) अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत कुमार सिंह सहित मंडल के सभी सीडीओ, सीएमओ समेत अन्य मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।





समीक्षा बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

● अधिकारियों को मंडल में कराए जा रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश

### बैठक में लिए गए निर्णय समय से कराएं पूरा

आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बीडीए की मंगलवार को बैठक में प्राधिकरण के सभी बिंदुओं को सदस्यों के समक्ष सिटी मजिस्ट्रेट व प्राधिकरण सचिव संदीप केला ने प्रस्तुत किए। बांदा महायोजना 2031 को प्राधिकरण बोर्ड द्वारा स्वीकृति देते हुए शासन स्तर से स्वीकृति के लिए सहमति दी गई। भवन निर्माण व विकास उपविधि 2008 में होटल निर्माण के लिए संशोधन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। अब 6 से 12 कमरों के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल की बाध्यता नहीं होगी। कमरों की संख्या 20 से अधिक होने पर भूखंड का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर होगा। छोटे भूखंडों पर होटल की मंजूरी संभव होगी। बैठक में मानचित्र स्वीकृत के लिए लगने वाले अनुज्ञा फीस, विकास शुल्क, निरीक्षण शुल्क व अंबार शुल्क आदि को न बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष व डीएम नागेंद्र प्रताप ने निर्णय का अनुपालन समय से करने के निर्देश दिए। एडीएम राजेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार व बोर्ड के सभी सदस्य रहे।

## सार-संक्षेप



पुलिस लाइन में सलामी लेते एएसपी। अमृत विचार

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**उरई।** मंगलवार को जिला मुख्यालय उरई की पुलिस लाइन में आरक्षियो की आयोजित परेड की एएसपी ने सलामी ली। पुलिस कर्मियों की वर्दी आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद एएसपी ने आरआई कक्ष, बैरिकों, सभा स्थल तथा भोजनालय का विधिवत निरीक्षण किया गया, साथ ही पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का भी जायजा लिया गया। एएसपी ने आज पुलिस लाइन में अर्दली रूम भी किया। शस्त्रागार के निरीक्षण में शस्त्रों के रखरखाव और सफाई की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए।

### ससुराल में गर्भवती की मौत, हत्या का आरोप

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेदा गांव निवासी 24 वर्षीय सोनू देवी पतनी संतकुमार गर्भवती थी उसकी दो तीन दिन में डिलेवरी होनी थी। मंगलवार की सुबह उसकी फांसी से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की सास देवरती ने बताया कि उसका पति दिल्ली में रहता है। रात को दोनो पति पत्नी के बीच बात चीत हुई। रात में सभी लोगो के सो जाने के बाद उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। घटना का कारण अज्ञात है। उधर मृतका के चाचा जितेंद्र ने बताया कि सोनू देवी की शादी दो साल पहले हुई थी। ससुराली जन उसके खाते में पड़े दो लाख रूपया मांग रहे थे। न देने पर ससुराली जन प्रताड़ित करते थे। सोमवार की रात ससुराली जन सोनू देवी से झगड़ा करते रहे। उसने फोन करके ससुराली जनो को समझाने का प्रयास किया तो देवर ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया था। आरोप लगाया कि रूपया न देने पर ससुराली जनो ने चारपाई पर सो रही सोनू को दबोच लिया। उसकी गला दबा कर हत्या कर दिया।

### पत्नी से विवाद पर युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नरैनी।** पन्ना जिला के अजयगढ निवासी 32 वर्षीय राकेश अहिरवार पुत्र छोटा नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव में रहता था। वह मजदूरी करता था। सोमवार की रात वह शराब के नशे में घर आया और उत्पात मचाने लगा। इस पर पत्नी गुडिया ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया। गुडिया और राकेश कमरे से बाहर निकल आए। गुडिया ने दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया। दोनो लोग घर के बाहर चबूतरे में बैठे रहे। इसी बीच मौका पाकर राकेश दीवार फांद कर कमरे के अंदर घुस गया। उसने रस्सी से पत्थर की पटिया पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। गुडिया ने यह सो की वह गांव भीतर घूमने चला गया। गुडिया दरवाजा खोल कर कमरे के अंदर पहुंची देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ी। सोर सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई बाबादीन ने बताया कि राकेश मजदूरी करता था। नशे का आदी था। पत्नी से विवाद होने के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महतच्या कर ली।

### शिव मंदिरों में सुबह से ही गूंजते रहे जयकारे

**उरई।** सोमवार से शुरू हुए श्रावण मास के साथ शिवालयों में सुबह से ही भक्तो की भीड़ जमा हो रही है, भगवान भोले को प्रसन्न करने के लिए भक्त बेलपत्र, फूल इत्यादि चढ़ाकर भोलेनाथ की आराधना में लग गए हैं। इसी को लेकर जालौन रोड स्थित दुर्गा मंदिर पर शंकरजी के भजन कीर्तन करती सैकड़ों महिलाए श्रद्धा में लीन दिखी। महिलाओं ने प्रभु के चरणों में माता पार्वती- शंकर के कीर्तन एवं भजन मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी, शंभू नाथ रे आदि भजनों से समां बांध दिया। सुमन साहनी श्वेता आनंद हर्षिता मनीषा डिंपल एवं भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आशा वर्कर ने मानदेय बढ़ाने को लेकर किया प्रदर्शन

**उरई।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन की दर्जनों महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मानदेय बढाये जाने की मांग को लेकर प्रर्दशन किया।बाद में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट किया। इस मौके प्रमुख रूप से आशा वर्कर कार्यकत्रियों में रामकली देवी, सुमन, प्रेमलता, गायत्री, रामजानकी, मीरा देवी, प्रीति, ऊषा देवी, सावित्री सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही। उनका कहना था कि उनके ऊपर काम का बोझ बढता जा रहा है फिर भी सरकार उनकी समस्याओं को नहीं सुन रही है। उनका कहना था भविष्य निधि, ग्रेजुटी के अलावा किसी भी तरह की सामाजिक सुरक्षा यहां तक की सप्ताहिक व वार्षिक अवकाश एक दिन का नहीं दिया जाता है। उन्होने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा करने बात उठाई है।

### नया ट्रांसफार्मर लगा, फाल्ट की समस्याएं होंगी दूर

**उरई।** जालौन कस्बे में और संबंधित दर्जनों गांवों में विद्युत ओवरलोड से हो रहे फॉल्ट और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोगो की समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग द्वारा जालौन में 20 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। नया ट्रांसफार्मर स्थापित हो जाने से लोगों को अब विद्युत फॉल्ट और लो वोल्टेज की समस्या से नही जूझना पड़ेगा। मालूम रहे कि शासन द्वारा जनवरी 2024 में नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मंजूरी दी गई थी। जालौन मंव पावर हाउस में अब 20 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जा चुका है। और 132 के वी की नई लाईन भदरेखी जालौन पावर हाउस से जोड़ा गया है। पिछले पांच महीने से ट्रांसफार्मर स्थापना का काम चल रहा था। इस प्रोजेक्ट में लगभग 5 करोड़ की लागत आई है। जेई दीपक वर्मा नें बताया कि 5 करोड़ रुपये खर्च कर पुराने ट्रांसफार्मर हटाकर उनके स्थान पर उनसे अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को लगा दिया गया है। अब ओवरलोड व लो वोल्टेज की समस्या नहीं करना पड़ेगा।



नए ट्रांसफार्मर लगाया गया।

# सूर्य घर योजना की हुई शुरुआत

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** मंगलवार को विधायक ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने सौर ऊर्जा की खूबियां बताते हुए इसकी उपयोगिता पर जोर दिया।

ऊर्जा विभाग एवं नेडा के तत्वाधान में विद्युत खंड कार्यालय कालपी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भारत जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उसके लिए सौर ऊर्जा की जो योजना चल रही है, उसका उपभोक्ताओं को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने घर का बिजली बिल मुफ्त करने के लिए सौर ऊर्जा का प्रयोग करें। उ.प्र. नेडा के परियोजना अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सौर ऊर्जा के खूबियां बताते हुए कहा कि भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार दोनों की ओर से उक्त योजना में उपभोक्ताओं का सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सौर ऊर्जा प्लांट को स्थापित करके एक लाख 8 हजार रुपये सब्सिडी प्रदान करें। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, नेडा की कार्यदायी संस्था से अयांश पटेल एनर्जी सॉल्यूशन के संचालक सोलर प्लांट के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, मनोज चतुर्वेदी, रमेश मिश्रा के अलावा रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, अजय निगम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी व अन्य। अमृत विचार

● अधिकारियों ने सौर ऊर्जा की खूबियां बताकर किया जागरूक

# जलागम परियोजना के तहत मनाया गया भू-जल सप्ताह

संवाददाता, उरई, जालौन

**अमृत विचार।** आम समुदाय को भूजल का महत्व समझाने एवं जल संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम रगौली में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परमार्थ समाजसेवी संस्थान के निदेशक अनिल सिंह ने भूजल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पानी के महत्व को समझाते हुए भूजल संरक्षण तथा खेती में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग पर ग्रामीणों को प्रेरित किया। जलागम विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने ग्राम रगौली में नाबार्ड के सहयोग से संचालित जलागम विकास परियोजना की प्रगति का ब्योरा दिया।

नाबार्ड के डीडीएम परितोष कुमार ने वाटरशेड कार्यक्रम का मूलमंत्र "चोटी से घाटी का सिद्धांत" का महत्व बताते हुए भूजल संरक्षण पर जोर दिया। वर्षा जल संरक्षण तथा पानी की मितव्ययता पर रोक को समाधान के रूप में प्रस्तुत किया। कुल पृथ्वी पर जल की उपलब्धता के सापेक्ष पीने योग्य पानी सिर्फ केवल तीन प्रतिशत है, जिसमें से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों और तालाबों में है जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है। लिहाजा हमें इस पानी को बचाना है। रागिनी दीक्षित ने महिलाओं के साथ गीत प्रस्तुत कर जल संरक्षण का सन्देश दिया गया। पूर्व ग्राम प्रधान जगपाल सिंह ने भूजल संरक्षण पर शपथ दिलाई।

# बाइक आमने-सामने टकराईं, तीन घायल

**उरई।** तेज गति व लापरवाही से चलने पर दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गईं जिसमें तीन लोग घायल हो गए। आज मंगलवार की दोपहर कस्बा रामपुरा से जगम्मनपुर रोड पर दो मोटरसाइकिल जिसमें एक मोटर साइकिल में नंबर प्लेट पर कुछ नहीं लिखा था तथा दूसरी UP 92 एल 3374 तेज गति से आमने-सामने टकरा गई जिसमें जयप्रकाश उर्फ पप्पू दोहरे (40) निवासी कूसेपुरा थाना रामपुरा एवं अमन (18)निवासी रामपुरा व अमन का भाई घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लाया गया, जहां से जयप्रताप तथा अमन को जिला अस्पताल उरई के लिए रेफर किया गया है वही घायल अमन को परिजन इलाज के लिए ग्वालियर लेकर चले गए।

मुसीबत | घर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए कच्चे तथा पक्के रास्ते खोद दिए गए

# नमामि गंगे : खुदे रास्तों में चलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जनपद में नमामि गंगे परियोजना के तहत घर घर जल योजना के तहत गांव गांव में पेयजल की पाइप लाइन डालने के लिए कच्चे तथा पक्के रास्ते खोद दिए गए है, सालो बाद भी ।खोद गए रास्तों की मरम्मत नहीं कराई गई है , उपर से अब वर्षात् का मौसम आ गया है, जिससे पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई मिट्टी पानी बरसने से कीचड़ बन गई है, जालौन कस्बे में स्थित आवास विकास कालोनी परिसर में भी पाइपलाइन डालने के लिए सी सी सड़कों को खोद कर डाल दिया तथा कुछ गलियां कच्ची होने के कारण बरसात में यहां के बाशिंदों को आवागमन में दिक्कत हो रही। कच्ची गलियों से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है।

आवास विकास कालोनी में लोगों ने कालोनी के नाम पर आलीशान मकान बना लिये है। बहु मंजिला इमारत बनाकर लोग रहने लगे हैं। कालोनी को विकसित हुए एक दसक से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु कालोनी में सुविधाओं का टोटा है। पाइपलाइन डालने के नाम सी सी सड़कों को खोद दिया गया है। पाइपलाइन डालने के बाद उनकी मरम्मत नहीं करायी गयी है। सड़कों की मरम्मत न होने के कारण घरों के बाहर गिट्टी आदि सड़क पर बिखरी रहती हैं।

सड़क खुदी होने के कारण वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। मजे की बात तो है कि कुछ गली तो अभी कच्ची पड़ी है। बरसात में कच्ची गलियां दलदल में तब्दील हो गयी है। कालोनी निवासी मोरध्वज अड़जारिया के बगल में गली कच्ची पड़ी है। पानी बरसने के कारण गली में कीचड़ हो गया। इससे बच्चों को ड्रेस पहनकर निकलना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनी के अखिलेश लाक्षाकार, रामकरन सेंगर विक्की द्विवेदी, साधना सिंह, नाज बानो, सचिन, गुंजन, साजिद अली, पूनम आदि बताते कि कालोनी परिसर में पार्क को अभी तक विकसित नहीं किया गया।

पौधरोपण अभियान चलने के बाद यहां पौधारोपण नहीं हुआ। परिसर में सी सी सड़क खुदी पड़ी है। नाली निर्माण के बाद एक भी साल नहीं चली। बाशिंदों ने नवागुंतक ई ओ सुशील कुमार व जिलाधिकारी से मांग की है कि कालोनी परिसर की कच्ची गलियों को पक्का कराया जाये तथा टूटी पड़ सड़क व नालियों की मरम्मत करायी जाये जिससे आवागमन प्रभावित न हो।ई ओ सुशील कुमार ने बताया कि उन्हें अभी जानकरी हैं। वह पता करके समस्या का समाधान करायेगें।



रास्तों में पानी भरा है। अमृत विचार

# सड़क सुरक्षा के लिए स्कूलों में हों जागरुकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● ब्लैक स्पाट चिन्हित कर व्यवस्थाएं करने के निर्देश

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क हादसों पर रोकथाम को ब्लैक स्पाट चिन्हित कर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में अधिक दुर्घटना वाले स्थानों, ब्लैक स्पाट पर साइनेज, रिफलेक्टर व अन्य व्यवस्थाएं कराने को कहा। सड़क सुरक्षा के लिए विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा बिना हेलमेट और लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए, एनएचआई अधिकारियों को बेंदाघाट रोड की मरम्मत तथा ई-रिक्शा ट्रैफिक जाम से बचाव को चेकिंग एवं प्रवर्तन कार्य तेज करने के निर्देश दिए। अभिभावकों की बैठक कर उन्हें सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक एवं समन्वय किया जाए। प्रधानाचार्यों को परिवहन विभाग द्वारा विद्यालय के वाहनों से संबंधित मांगी गयी सूचना को तीन दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, एआरटीओ शंकरजी सिंह, पीटीओ, पीडब्ल्यूडी अधिशाषी अभियंता सहित क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं समिति के सदस्य व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपये में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपये के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपये अधिक है।

इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपये था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपये था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इसे हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपये किया गया था।



**596.39**

**करोड़ रुपये खेलो इंडिया के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में हुआ था आवंटित**

खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है। मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपये से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपये हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का बजट भी 795.77 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 822.60 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें 26.83 करोड़ रुपये का उछाल है। साइ देश भर में अपने स्टेडियमों के रख रखाव अलावा वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का प्रबंधन भी करता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को बजट में मामूली वृद्धि मिली है। नाडा और एनडीटीएल का काम खिलाड़ियों की डोपिंग जांच करना है। नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है जबकि एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है।

# पाकिस्तान ने यूएई को हराकर किया सेमीफाइनल का दावा मजबूत

**महिला एशिया कप**

**दाम्बुला, एजेंसी**

बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के नाबाद अर्धशतक से पाकिस्तान ने महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में यूएई को 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। यूएई के 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुल की 55 गेंद में आठ चौकों से नाबाद 62 रन की पारी और मुनीबा अली (नाबाद 37) के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

यूएई की टीम इससे पहले सादिया (11 रन पर दो विकेट), तुबा हसन (17 रन पर दो विकेट) और नासरा संधू (22 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशा ओझा (16) और खुशी शर्मा (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। इस जीत से पाकिस्तान के तीन मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम का सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत हो गया है। यूएई की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है।

## भारत ने नेपाल को दिया 179 रन का लक्ष्य

**दाम्बुला।** भारत ने महिला एशिया कप टी-20 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ तीन विकेट पर 178 रन बनाये। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 81 जबकि दयालन हेमलता ने 47 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। नेपाल के लिए सीता राणा मागर ने दो विकेट चटकाए।

## खेल डायरी

### हरमनप्रीत, शेफाली 11वें स्थान पर, मंधाना पांचवें पर

**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट रैंकिंग में पांचवां स्थान बनाए रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत को एक पायदान का फायदा मिला जबकि शेफाली बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर आ गई। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रौड्रिग्स 19वें स्थान पर हैं। रिचा घोष 24वें स्थान पर है। बेथ मूनी 769 अंक लेकर शीर्ष पर है। गेंदबाजों की सूची में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवे स्थान पर हैं। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव 20वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं।

### विश्व जूनियर टीम स्क्वाश में भारत के सामने इंग्लैंड

**ह्यूस्टन।** भारतीय लड़कों ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया जबकि लड़कियों की टीम इंग्लैंड से इसी अंतर से हार गई। लड़कों की टीम का सामना पांचवें स्थान के लिए इंग्लैंड से होगा जबकि लड़कियों की टीम सातवें स्थान के लिये हांगकांग से खेलेगी। लड़कों की टीम में शौर्य बावा ने कोनोर एर्ल को 12-10, 7-11, 11-6, 11-7 से हराया जबकि अयान वाजिराली ने जुडा फिलिप्स को 11-4, 11-4, 11-8 से हराया। लड़कियों की टीम में शमीना रियाज इंग्लैंड की एमेली हावर्थ से 8-11, 4-11, 10-12 से हार गई जबकि उन्नति त्रिपाठी को एमिली कूचेर पोर्टर ने 11-8, 14-12, 11-4 से हराया।

### वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने वापस लिया नाम

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापिस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जायेंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

### पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मर्रे

**पेरिस।** दो बार ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मर्रे ने पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। 37 वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।



# गंभीर के साथ श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

## तीन मैचों की शृंखला का पहला टी-20 मुकाबला 27 को होगा, वनडे शृंखला के लिए बाद में पहुंचेगे दिग्गज खिलाड़ी

**पाल्लेकल, एजेंसी**

नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई।

इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था। कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और वनडे शृंखला खेलनी है। पहला टी-20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकल। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची।



## टी-20 विश्वकप जश्न पर द्रविड़ चीख और रो रहे थे : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद विराट कोहली का पूर्व कोच द्रविड़ को टी-20 विश्व कप ट्रॉफी सौंपना और कोच का खुशी में चीखना और रोना कुछ ऐसा था जो हमेशा उनकी यादों में रहेगा।

पिछले महीने भारत ने दक्षिण अफ्रीका को करीबी फाइनल में हराकर अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता था जिसके बाद पूर्व कोच द्रविड़ ट्रॉफी को हाथ में उठाकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते नजर आए थे। अश्विन ने स्वीकार किया कि यह 51 साल के द्रविड़ के लिए विशेष लम्हा था जो खिलाड़ी के रूप में आईसीसी का खिताब नहीं जीत पाए लेकिन अंततः कोच के रूप में ऐसा करने में सफल रहे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल कहा मेरे लिए सबसे शानदार लम्हा वह है जब विराट कोहली राहुल द्रविड़ को बुलाते हैं और उन्हें कप देते हैं। मैंने उन्हें कप को गले लगाते हुए और रोते हुए देखा।



## भारत के खिलाफ टी-20 में असलंका संभालेंगे श्रीलंका की कमान, 16 सदस्यीय टीम घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने 27 जुलाई से भारत के साथ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए चरिथ असलंका को टीम का नया कप्तान बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की शृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वह हाल ही में कप्तानी से इस्तीफा देने वाले वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। असलंका ने इस वर्ष की शुरुआत में बंगलादेश दौरे पर दो टी-20 मैचों में श्रीलंका टीम की कप्तानी की थी। उन्होंने श्रीलंका अंडर-19 की भी कप्तानी की है। 34 वर्षीय दिनेश चांदीमल की श्रीलंका की टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2022 की शुरुआत में टी-20 मैच खेला था। इस साल एलपीएल में 168.82 के स्ट्राइक रेट से आठ मैचों में 287 रन बनाए। जो कि उनके करियर के 123.03 के स्ट्राइक रेट से कहीं अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में वानिंदु हसरंगा के छह महीने के कार्यकाल के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल जेनिथ परेरा (विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंथा चमीरा और बिनुरा फर्नांडो को शामिल किया गया है।

# यातायात महंगा, सीन की सुरक्षा पर सवाल

**पेरिस, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक के लिये यहां पहुंचे करीब 45,000 वालिंटियर का यहां आना सार्थक हो गया जब उन्हें हवाई अड्डे पर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से मिलने का मौका मिला। पेरिस में 100 साल बाद ओलंपिक हो रहे हैं और वालिंटियर्स के लिए यह जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। पेरिस हवाई अड्डे पर एक उत्साही वालिंटियर ने कहा मैं 60 साल का हो चुका हूं और मेरे जीवन में तो पेरिस में फिर ओलंपिक नहीं होने वाला। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए जीवन भर नहीं भूलने वाला अनुभव है। बीस मिनट पहले अल्काराज यहां पहुंचे और मैंने उन्हें एक्रिडिटेशन (पहचान पत्र) दिलाने में मदद की। यह अनुभव यादगार हो गया है।

**ओलंपिक 2 दिन शेष**

**• 100 साल बाद पेरिस में ओलंपिक, गर्व पर दर्द का भी बना है सबब**

### स्थानीय यातायात महंगा

पेरिस में रहने वाले सभी लोग ओलंपिक के आयोजन से खुश नहीं है क्योंकि इसका उनके दैनंदिनी जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय यातायात 2.15 यूरो से बढ़कर 4 यूरो तक पहुंच गया है और आठ सितंबर को पैरालंपिक के खत्म होने तक यही किराया रहेगा। ओलंपिक आयोजन स्थलों के आसपास आवागमन पर भी पाबंदियां हैं। शहर के सबसे व्यस्त ट्रेन स्टेशन पर खड़ी विक्टोरी डेलारू ने कहा पेरिसवासियों के लिए ओलंपिक की मेजबानी गर्व का विषय है लेकिन इससे लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

### आधे होटल हैं खाली

ओलंपिक के दौरान होटलों की भारी मांग दिखाई गई जिससे पेरिस के कई लोगों ने कमाई के लिए अपने घरों को किराये पर लगा दिया लेकिन होटलों की उतनी मांग है नहीं। पेरिस में यह पर्यटन का मौसम है लेकिन मांग फिर भी कम है। एक होटल के मैनेजर समीर ने कहा इस समय हमारे होटल में एक रात का किराया 120 यूरो रहता है लेकिन हम आधे दाम पर लगा रहे हैं। ओलंपिक की मेजबानी हमारे लिए अच्छी नहीं रही। काफी पाबंदियां हैं और कई जगहों पर जाने के लिए क्यूआर कोड चाहिए।

### क्या वाकई साफ है सीन नदी

ओलंपिक के लिए स्थानीय प्रशासन का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सीन नदी की सफाई था जहां उद्घाटन समारोह, ट्रायथलन और मैराथन तैराकी होनी है। इतिहास में पहली बार पानी पर उद्घाटन समारोह हो रहा है जिसमें सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीन नदी में तैराकी पर 100 साल पहले प्रतिबंध लग गया था लेकिन इसकी सफाई पर डेढ़ अरब यूरो खर्च किए गए। पिछले सप्ताह बारंबार देरी के बाद आखिरकार डुबकी लगाकर इसे तैराकी के लिये सुरक्षित करार दिया।

# असम के मुख्यमंत्री ने अभिनव को ओलंपिक आर्डर मिलने पर दी बधाई

**गुवाहाटी, एजेंसी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनके असाधारण योगदान के लिये ओलंपिक आर्डर मिलने पर बधाई दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा उम्मीद है कि वह आने वाली पीढियों को खेलों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने बिंद्रा को बताया कि उन्हें ओलंपिक आर्डर दिया गया है और पुरस्कार समारोह 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान होगा। असम सरकार ने गुवाहाटी और जोरहट में दो हाई परफार्मेंस खेल ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने के लिए असम सरकार के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के 250 सरकारी और गुवाहाटी के निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) लागू करने के लिए भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद बदलती जीवन शैली, एकाग्रता के अभाव और स्कूल से बच्चों का नाम वापिस लेने जैसी समस्याओं से निपटना है।

# विश्वास, टीम भावना सफलता की कुंजी : क्रेग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले साल भारतीय पुरुष हॉकी टीम से जुड़े कोच क्रेग फुल्टोन का लक्ष्य आपसी विश्वास मजबूत करना था और उन्हें यकीन है कि उनके प्रयासों का नतीजा पेरिस ओलंपिक में पदक के बेहतर रंग के रूप में मिलेगा।

14 माह पहले पदभार संभालने वाले फुल्टोन ने कहा मुझे नहीं पता कि तोक्यो ओलंपिक से पहले क्या तैयारियां थी लेकिन 14 महीने पहले मेरे आने के बाद से फोकस खिलाड़ियों में आपसी विश्वास बेहतर करने पर रहा है। उन्होंने बेहतर नतीजों के लिये दक्षिण अफ्रीका के मानसिक अनुकूलन कोच पैडी उपटन की सेवाएं ली जो 2011 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम कर चुके हैं। उपटन टीम के साथ पेरिस में हैं। मानसिक दृढता के लिये उन्होंने इस महीने की शुरूआत में स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिन का शिविर लगाया। फुल्टोन ने कहा मैने अल्पकालिन और दीर्घकालिन रणनीति बनाई और उसके हिसाब से काम किया।



**• भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टोन बोले- आपसी तालमेल को बेहतर करने पर रहा पूरा ध्यान केंद्रित**

उन्होंने कहा हमारी तैयारियां अच्छी रही और स्विट्जरलैंड में तीन दिन का शिविर बहुत अच्छा साबित हुआ। हमने आपसी विश्वास, टीम भावना और एकजुटता बढाने पर काम किया। इसके बाद नीदरलैंड में नौ दिन अभ्यास किया और कुछ अभ्यास मैच भी खेले। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक विजेता से अपेक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा मुझे अपेक्षाओं का पता है और मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत का हॉकी का गौरवमयी इतिहास रहा है और हम उस विरासत को आगे बढाना चाहते हैं। मैं पोडियम पर रहने के बारे में कयास नहीं लगा सकता क्योंकि ओलंपिक में 12 टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। पहले तीन मैच अहम है जिन पर फोकस रहेगा।

## ओलंपिक से इतर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरू में सीनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन खिलाड़ियों को बुलाया है जो पेरिस ओलंपिक की टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें विकास ग्रुप और जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम में शामिल खिलाड़ी छोटे ब्रेक के बाद 24 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे जो चार सितंबर तक चलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा सीनियर टीम पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत की तैयारी में जुटी है लेकिन हमारे पास उससे इतर भी खिलाड़ियों का मजबूत पूल है जो भारत के लिये फिर खेलने के मौके के इंतजार में हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के कुछ सप्ताह बाद ही है लिहाजा इसके लिये बेंगलुरू के साइ केंद्र में शिविर लगाया जा रहा है। ये खिलाड़ी उसके लिये तैयारी करेंगे और ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनसे जुड़ेगी।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म ''खेल खेल में'' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज फिल्म, वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया हैं। यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

### जियो सिनेमा पर 9 से स्ट्रीम होगी घुड़चढ़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म ''घुड़चढ़ी'' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित ''घुड़चढ़ी'' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। ''घुड़चढ़ी'' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। ''घुड़चढ़ी'' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म घुड़चढ़ी का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में रवीना-संजय और पार्थ-खुशाली रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, प्यार डबल और कन्फ्यूजन डबल।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### नेपाल में भारतीयों को टक्कर मारकर घायल वाला चालक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक कार चालक को नशे में वाहन चलाने और उससे (कार से) टक्कर मारकर तीन भारतीय राहगीरों को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात कालीमाटी-कुलेश्वर सड़क खंड पर हुई। उन्होंने बताया कि गलत लेन से आ रही कार ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भारतीयों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि कार चालक भूपेंद्र श्रेष्ठ (40) ने मादक पदार्थ का सेवन कर रखा था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों की पहचान प्रियांशु कुमार (18), भोला कुमार (25) और श्याम बाबू ठाकुर (18) के रूप में हुई है।

### अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत में सोमवार को एक एयर शो स्थल के पास खेत में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कल दोपहर पूर्वी विस्कॉन्सिन शहर नेकिमी में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है। मृतकों के नाम का अभी खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमान दुर्घटना की जांच में जुट गया है।

### म्यांमार के प्रधानमंत्री बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय प्रशासन परिषद के अध्यक्ष मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद की गतिविधियों से संबंधित मामलों को हल करने के लिए अस्थायी रूप से कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियां दी गई हैं। एमडब्ल्यूडी न्यूज ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। सैन्य सरकार ने कहा, "कार्यवाहक राष्ट्रपति के कर्तव्य राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।" रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति माइंट स्वे बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### अमेरिका की अधीनस्थ अदालत पर साइबर हमला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ अदालत 'सुपीरियर कोर्ट ऑफ लॉस एंजिलिस काउंटी' पिछले सप्ताह रैनसमवेयर हमले के कारण कम्प्यूटर प्रणाली में खराबी आ जाने के कारण सोमवार को बंद रही। शुक्रवार की सुबह साइबर हमले का पता चलने पर अदालत की कंप्यूटर प्रणाली को बंद कर दिया गया था, जो सप्ताहांत तक बंद रही। अदालतें शुक्रवार को काम-काज के लिए खुली रहीं, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि काउंटी की सभी 36 अदालतें सोमवार को बंद रहेंगी।

### मशहूर कन्नड़ निर्देशक ने धोंडले ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** जाने-माने कन्नड़ टीवी सीरीज निर्देशक विनोद वी धोंडले ने अपनी पहली फिल्म के बढ़ते बजट और फिल्म के वास्ते लिए गए तीन करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण से कथित रूप से परेशान होकर 20 जुलाई को आत्महत्या कर ली। उनके साझेदार और फिल्म के निर्माता 'वृद्धि क्रिएशन' के वर्धन हरि ने कहा कि उन्हें वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फिल्म की शूटिंग की अवधि निर्धारित दिनों से लगभग दोगुनी हो गई। हरि ने कहा, "हमारा मूल बजट करीब 1.5 करोड़ रुपये था, लेकिन हम कई गुना ज्यादा खर्च कर बैठे। अब हमें कुछ दृश्यों के साथ-साथ एक गाना और एक लड़ाई का दृश्य भी दोबारा शूट करना था। इन सबके लिए और अधिक पैसे की जरूरत थी।"

# अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की मुखिया चीटल का इस्तीफा

वाशिंगटन, एजेंसी

- डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को बताया था सबसे गंभीर चूक



अमेरिकी खुफिया सेवा की निदेशक किंबरले चीटल ने एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की घटना को लेकर मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। चीटल ने विभाग के सहयोगियों को किए गए ई-मेल में यह जानकारी दी। चीटल ने अपने ई-मेल में कहा, 'मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। हाल की घटनाओं के मद्देनजर, भारी मन से मैंने निदेशक पद से इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लिया है।'

ट्रंप पर हमले की घटना के बाद से ही खुफिया सेवा पर गंभीर चूक करने के आरोप लग रहे थे। इसे लेकर अगस्त, 2022 से ही निदेशक पद संभाल रहीं चीटल पर इस्तीफा देने का चौतरफा दबाव था। एक दिन पहले ही चीटल ने सांसदों के समक्ष स्वीकार किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास, 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने की घटना के बाद से 'सबसे गंभीर' सुरक्षा चूक है। चीटल ने ट्रंप की हत्या के प्रयास को लेकर सदन की निगरानी व जवाबदेही समिति के समक्ष अपनी पेशी के दौरान यह बात स्वीकार की।


# भारत ने बजट में पड़ोसियों का भी रखा ख्याल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव को मदद बरकरार, भूटान के लिए सबसे ज्यादा आवंटन

भारत ने 'पड़ोसी पहले की नीति' के तहत बजट 2024-25 में भूटान को मदद का सबसे बड़ा हिस्सा दिया है। इस वित्तीय वर्ष में उसे 2,068 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भूटान में विभिन्न योजनाओं के लिए 2400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। वहीं, बांग्लादेश को मौजूदा आम बजट में 120 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये था।

वहीं, मॉरीशस के लिए मदद भी 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्तीय मदद कम की गई है। उसके लिए 370 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। पिछले वित्त वर्ष



में यह राशि 400 करोड़ रुपये थी। म्यांमार के लिए भी इस साल का बजट 400 करोड़ रुपये से घटकर 250 करोड़ रुपये हो गया।

इस बीच, मालदीव के लिए आवंटन में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस साल भारत सरकार ने केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए मालदीव को 400 करोड़ रुपये आवंटित किए।

मालदीव और भारत के बीच राजनयिक संबंध इस साल जनवरी की शुरुआत में तनावपूर्ण हो गए थे। दोनों देशों के बीच विवाद उस समय पैदा हुआ, जब मालदीव के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, बाद में इन सांसदों को निलंबित भी किया गया। मोहम्मद मुइज्जी के मालदीव के राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद विवाद शुरू हुआ। चीन के समर्थन माने जाने वाले मुइज्जी ने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। इस कदम ने भारत और मालदीव के बीच राजनियक संबंधों को और प्रभावित किया था। इसके अलावा, ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए भी 100 करोड़ रुपये का आवंटन बरकरार रखा गया है।

### नेपाल-श्रीलंका के लिए भी बजट आवंटन में वृद्धि

नेपाल और श्रीलंका के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेपाल को सहायता के रूप में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो कि पिछले साल 550 करोड़ रुपये था। श्रीलंका के लिए इस साल 245 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि पिछले साल यह राशि 150 करोड़ रुपये थी।

# इथियोपिया: भूस्खलन में बच्चों समेत 157 लोगों की मौत

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है, जहां भूस्खलन हुआ है।

# कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़

## खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर की दीवार पर लिखे आपत्तिजनक नारे

ओटावा, एजेंसी

कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। अलबर्टा प्रांत की राजधानी एडमॉन्टन में एक हिंदू मंदिर में मंगलवार को तोड़फोड़ की गई और उन पर घृणित भित्तिचित्र बनाए गए। इसके पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को विरूपित किए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "पिछले कुछ वर्षों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को घृणित भित्तिचित्रों के साथ नष्ट किया जा रहा है।"

ऐसी घटनाओं को भड़काने वाले चरमपंथी तत्वों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बहुसांस्कृतिक मुद्दों पर अपनी वकालत के लिए जाने जाने वाले लिबरल सांसद का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नून ने पिछले साल सार्वजनिक रूप से हिंदुओं को भारत वापस जाने के लिए कहा था। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन और वैंकूवर में घातक हथियारों की तस्वीरें लहरा कर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाया था।

आर्य ने जोर देकर कहा, "जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच जाते हैं।" उन्होंने मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार की एक तस्वीर के साथ आग्रह करते हुए अपनी पोस्ट समाप्त की, "एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह मैं फिर से कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं, इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू-कनाडाई लोगों के खिलाफ भौतिक कार्रवाई में तब्दील हो जाए।"

तोड़ी गई मंदिर की दीवार पर लिखा है, "प्रधानमंत्री मोदी सांसद आर्य हिंदू आतंकवादी कनाडा विरोधी हैं।" पिछले साल नवंबर में एक वकालत संस्था 'कनाडा-इंडिया फाउंडेशन' ने देश के राजनेताओं से अपनी चुप्पी तोड़ने और बहुत देर होने से पहले कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने के लिए कहा था।

कनाडाई राजनेताओं और मीडिया ने हालांकि इस खतरे को नजरअंदाज कर दिया। स्थिति के जवाब में उन्होंने एक खुले पत्र में कहा था, "हमें इस बात से और भी निराशा हुई है कि हमारे नेताओं ने इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। आतंकवाद और खतरों से निपटने के लिए यह चयनात्मक दृष्टिकोण इस दुनिया को सुरक्षित जगह नहीं बनाएगा।"

हाल के दिनों में तोड़े गए हिंदू मंदिरों में मिसिसॉगा में राम मंदिर, रिचमंड हिल में विष्णु मंदिर, टोरंटो में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर शामिल हैं। इन हमलों को धर्म की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखा जाता है और एक खतरनाक प्रवृत्ति माना जाता है। वकालत संस्था ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि चरमपंथियों ने आम हिंदुओं को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है और उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है।



एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर पर हमले में खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

### हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं: सांसद आर्य

सांसद चंद्र आर्य ने अपनी पोस्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।'

# जेल में अच्छी सुविधाओं के लिए कोर्ट पहुंचे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में अंतर्राष्ट्रीय मानक की सुविधाएं दिए जाने का अनुरोध करते हुए इस्लामाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद इमरान और बुशरा ने वहां उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के अनुरोध को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की। इमरान को वर्ष 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किया गया था।

# ऋषि सुनक 2 नवंबर तक नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे

लंदन, एजेंसी

- नवंबर तक सुनक के उत्तराधिकारी का किया जाएगा चुनाव

ब्रिटेन की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 2 नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी की समय सारिणी के अनुसार नवंबर तक उनके उत्तराधिकारी का चुनाव किया जाएगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) का नेतृत्व कौन करेगा, यह तय करने के लिए संसद के बैकबेंच सदस्यों की 1922 समिति ने सोमवार शाम को दो चरण की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसके तहत दो नवंबर को नए नेता की नियुक्ति की जाएगी।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक (44) ने आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद 5 जुलाई को अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता, तब तक वह टोरी के अंतरिम नेता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। सुनक ने कहा, 'पार्टी का नेतृत्व हासिल करने के उम्मीदवारों या इससे जुड़े अभियान के बारे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा।'



### अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंची कमला

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए अपनी डेमोक्रेट पार्टी के 'डेलीगेट' का समर्थन जुटाने के वास्ते मंगलवार को अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंचीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं के हैरिस के पक्ष में लामबंद होने के बीच वह राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनने के लिए रविवार से शुरू किए गए अपने अभियान के तहत मिलवॉकी से समर्थन जुटाना शुरू करेंगी। बाइडन (81) ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था।

# फिलिस्तीन के दो विरोधी गुटों हमास और फतह में समझौता

रामल्ला (वेस्ट बैंक), एजेंसी

- वर्षों से जारी मतभेद खत्म करने के लिए बीजिंग में घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच फिलिस्तीन के प्रतिद्वंद्वी समूहों हमास और फतह ने वर्षों से जारी आपसी मतभेदों को खत्म करने के लिए बीजिंग में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच यह घोषणापत्र फलस्तीनी क्षेत्र में मिलकर सरकार बनाने के मकसद से हमास और फतह को एकजुट करने के लिए जारी कई दौर की बातचीत का नतीजा है।

हालांकि दोनों पक्ष आपसी मतभेद दूर करने के लिए पहले भी कई ऐसे घोषणापत्र पर दस्तखत कर चुके हैं, जो विफल रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि क्या चीन प्रायोजित वार्ता से वास्तव में कोई समाधान निकल सकता है। इस घोषणापत्र पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए गए हैं, जब इजराइल और हमास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघर्ष-विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जो गाजा पट्टी में नौ महीने से जारी युद्ध को समाप्त कर सकता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की आजादी का रास्ता खोल सकता है। हालांकि, समझौते पर सहमति बनने के बावजूद युद्ध के बाद गाजा पट्टी की स्थिति को लेकर संशय बरकरार रहेगा, क्योंकि इजराइल इस क्षेत्र के शासन में हमास की किसी भी भूमिका के खिलाफ है। उसने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा को फतह-प्रभुत्व वाले फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित करने के अमेरिका के आह्वान को भी खारिज कर दिया है।

# माली में हिंसक हमले में 26 ग्रामीणों की मौत

**बमाको।** बुर्किना फासो की सीमा के समीप माली के मध्य क्षेत्र के एक गांव पर एक सशस्त्र समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। बैंकोस कस्बे के मेयर मौलाये गुइंडो ने बताया कि डेंबो गांव में हमलावरों ने रविवार शाम को ग्रामीणों पर उस समय हमला कर दिया, जब उनमें से अधिकतर लोग अपने खेतों में काम कर रहे थे। देश की सैन्य सरकार उत्तरी क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है।

मध्य माली में ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं। रविवार के हुए हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन इसके पीछे अल-कायदा से जुड़े चरमपंथी संगठन 'जेएनआईएम' का हाथ माना जा रहा है, जो ग्रामीणों को अक्सर निशाना बनाता है। विद्रोहियों ने जुलाई में भी इसी तरह एक विवाह समारोह पर हमला किया था।

# ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' दोषी करार

## पाकिस्तान मूल के ब्रिटिश नागरिक अंजम चौधरी को हो सकती है उम्रकैद

लंदन, एजेंसी

- आतंकी संगठन अल-मुहाजिर में कार्यवाहक की भूमिका निभाता था

ब्रिटिश-पाकिस्तानी कट्टरपंथी इस्लामवादी उपदेशक अंजम चौधरी को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को दिशा-निर्देश देने का दोषी पाया गया है। संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय जांच के बाद ब्रिटेन में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। अंजम चौधरी को ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' भी कहा जाता है।

अंजम चौधरी (57) को अल-मुहाजिर (एएलएम) में कार्यवाहक की भूमिका निभाते पाया गया था और लंदन के 'वूलविच क्राउन कोर्ट' में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि उसने 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए आतंकवादी समूह को दिशा-निर्देश दिए थे और ऑनलाइन माध्यम से की गई बैठकों को संबोधित करके संगठन के लिए समर्थन को



प्रोत्साहित किया था। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को उसे सजा सुनाई जाएगी। माना जा रहा है कि उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस, न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की ओर से की गई जांच के परिणामरूप दोषसिद्धि हो पाई।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद-रोधी कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा, 'अल-मुहाजिर दुनिया भर में अपनी पहुंच बना चुका है और इसका जन सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।' अल-मुहाजिर को पहली बार 2006 में अल घुरबा नाम से ब्रिटेन द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। अल-मुहाजिर को 2010 में वैकल्पिक नाम के रूप में प्रतिबंध में शामिल किया गया। चौधरी इसके मूल तीन सदस्यों में से एक था।

पिछले साल जुलाई में लंदन के एक एयरपोर्ट से चौधरी के एक सहयोगी 29 वर्ष के खालेद हुसैन को हिरासत में लिया गया था। उसे एएलएम का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि जून 2022 से अपनी गिरफ्तारी होने तक चौधरी ने छोटे-छोटे समूहों में ऑनलाइन उपदेश देकर ब्रिटेन में इस्लामिक स्टेट की स्थापना पर जोर दिया।

# श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। इसी के साथ इस वर्ष श्रीलंका द्वारा ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 261 हो गई है। नौसेना ने कहा कि उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के डेल्फ्ट द्वीप पर नौ मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त की गई। नौसेना ने 11 जुलाई को कहा था कि इस साल अवैध शिकार करने को लेकर 252 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। इस माह के आरंभ में श्रीलंका ने भारत के समक्ष एक नौसैनिक की मौत के मामले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। दोनों देशों के मछुआरों को अक्सर अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

# सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के जरिये करेंगे हल: ओली

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल के प्रधानमंत्री ने एक सांसद के सवाल का दिया जवाब

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा है कि भारत के साथ लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी जैसे क्षेत्रों सहित सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के माध्यम से हल करने के लिए समझ बनी हुई है। ओली ने प्रतिनिधि सभा में एक सांसद के सवाल का जवाब देते हुए सोमवार को उल्लेख किया कि नेपाल-भारत सीमा पर सीमा चौकियों का निर्माण और बहाली चल रही है।

'माई रिपब्लिका' ने ओली के हवाले से कहा, "संघीय संसद, नेपाल सरकार और सभी नेपाली नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के संबंध में स्पष्ट और दृढ़ रहे हैं। 17 जून, 2020 को नेपाल के संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से नए मानचित्रों को संविधान की अनुसूची-3 में शामिल किया गया है और सीमा मुद्दों पर एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय सहमति है। वर्ष 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, नेपाल सरकार दृढ़ और स्पष्ट है कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाल के हैं।" उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के अवसर पर हुई बैठकों के दौरान, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी थी।

**खोज-खबर** –सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर के आपसी संपर्क को किया उजागर

# भौतिकीविदों का अंतिम पारसेक समस्या के निदान का प्रस्ताव


संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** खगोल भौतिकीविदों ने अंतिम पारसेक समस्या के निदान के लिए नया समाधान प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में सुपरमैसिव ब्लैक होल व डार्क मैटर कनेक्शन को उजागर किया गया है। जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

दरअसल, पारसेक एक खगोलीय मापन मात्रक है, जो सर्वाधिक दूरी को मापने के लिए उपयोग में लाई जाती है। मगर अंतिम पारसेक समस्या वैज्ञानिकों के लिए अभी तक रहस्य बना हुआ था। इसे नए शोध के जरिए सुलझाने का प्रयास किया गया है, जिसमें एक सुपरमैसिव ब्लैक होल बाइनरी सिस्टम द्वारा उत्सर्जित प्रकाश पर शोधकर प्रस्ताव दिया गया है। शोध में वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड की कुछ सबसे बड़ी और छोटी वस्तुओं के बीच एक संबंध पाया है।

यह संबंध सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर कण के बीच है। उनकी नई गणना से पता चलता है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल (एसएमबीएच) के जोड़े डार्क मैटर कणों के पहले से नजरअंदाज किए गए व्यवहार के कारण एक बड़े ब्लैक होल में विलीन हो सकते हैं और यही अंतिम पारसेक समस्या के समाधान का प्रस्ताव है।

यह शोध प्रतिरूपित डार्क मैटर कणों के बीच परस्पर क्रिया गैलेक्टिक डार्क मैटर हेलो के आकार को भी स्पष्ट करता है। साथ ही डार्क मैटर के व्यवहार में भी प्रकाश डालता है। शोध में टोरंटो विश्वविद्यालय, मैकगिल विश्वविद्यालय, ट्रॉटियर अंतरिक्ष संस्थान, स्विट्जरलैंड के सीईआरएन सैद्धांतिक भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक और शोध छात्र शामिल थे।



ब्लैक होल की तस्वीर।

### खगोलीय मापन की इकाइयां

**नैनीताल:** खगोलीय मापन में तीन प्रकार की इकाइयां उपयोग में लाई जाती हैं। जिनमें सबसे छोटी इकाई को खगोलीय मात्रक यानी पृथ्वी व सूर्य के बीच की औसत दूरी को लिया जाता है। इसे एक खगोलीय इकाई कहा जाता है। दूसरी इकाई प्रकाश वर्ष यानी एक वर्ष में चलने वाले प्रकाश की दूरी होती है। इसके अलावा सबसे लंबी दूरी को मापने के लिए पारसेक इकाई का उपयोग किया जाता है। यह सबसे बड़ा मात्रक है। जिसका मान 3 गुणा 6 प्रकाश वर्ष होता है।

# मुस्लिमों के जबरन दाह संस्कार पर माफी मांगेगा श्रीलंका

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति की थी लागू

श्रीलंका की सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 से जान गंवाने वाले मुस्लिम व्यक्तियों के जबरन दाह संस्कार के लिए देश के मुस्लिम समुदाय से औपचारिक रूप से माफी मांगेगी। श्रीलंकाई सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति लागू की थी।

वर्ष 2020 में कोविड-19 पीड़ितों के दाह संस्कार का अनिवार्य आदेश जारी किया गया था, जिससे मुसलमानों सहित कई अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को उनके धार्मिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। हालांकि, बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बीच फरवरी 2021 में इस आदेश को रद कर दिया गया था। एक कैबिनेट नोट के अनुसार, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बैठक में मार्च 2020 में थोपे गए आदेश के लिए मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने सरकार की ओर से सभी समुदायों से माफी मांगने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने ऐसे विवादास्पद कदमों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानून लाने का भी निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने धर्म के आधार पर शवों को दफनाने या दाह संस्कार पर एक प्रस्तावित कानून को भी मंजूरी दे दी है।